

हिन्दी दैनिक

पटना (बिहार) तथा लुधियाना (पंजाब) से एक साथ प्रकाशित

# रोजनामा इन्डो गल्फ

www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम



पटना, मंगलवार | 04 फरवरी 2025 | वर्ष : 03 अंक : 34 | पृष्ठ -12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार का मॉडल विफल हो गया है: चंद्रबाबू नायडू



एजेंसी

**नई दिल्ली:** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार का मॉडल विफल हो गया है और लोगों को ऐसी पार्टी को वोट देना चाहिए जो समावेशी विकास कर सके।नायडू ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोग मौसम और राजनीतिक प्रदूषण के कारण दिल्ली में रहने को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोई विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, नेताओं को हमेशा आज, कल और भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। अच्छी सार्वजनिक नीति वाली सरकार समाज को बदल सकती है।उन्होंने आप सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली में हाफ इंजन वाली सरकार है और विकास हासिल करने के लिए डबल इंजन वाली सरकारकी जरूरत है। नायडू ने कहा कि विचारधारा नहीं, बल्कि प्रदर्शन और बेहतर जीवन स्तर प्रासंगिक होते जा रहे हैं।

# महाकुंभ में भगदड़ पर संसद में हंगामा, मृतकों की सूची जारी करने की मांग के साथ विपक्ष का वॉकआउट

**संसद के बजट सत्र में सोमवार (3 फरवरी) को प्रयागराज में हुए महाकुंभ भगदड़ पर भारी हंगामा हुआ। विपक्षी दलों ने भगदड़ में हुई 30 लोगों की मौत को लेकर सरकार से जवाब मांगा।**

एजेंसी

**नई दिल्ली:** संसद के बजट सत्र में सोमवार (3 फरवरी) को प्रयागराज में हुए महाकुंभ भगदड़ पर भारी हंगामा हुआ।विपक्षी दलों ने भगदड़ में हुई 30 लोगों की मौत को लेकर सरकार से जवाब मांगा। लोकसभा में 'कुंभ पर जवाब दो' के नारे गूंजते रहे, जबकि विपक्षी सांसद वेल में आकर विरोध जताने लगे। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने खास तौर पर इस मुद्दे पर सरकार को घेरा और मृतकों की सूची जारी करने की मांग की। विपक्ष ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार मृतकों की वास्तविक संख्या छिपा रही है। इस मुद्दे पर विवाद बढ़ने के बाद कांग्रेस समेत दूसरी विपक्षी पार्टियां सदन से वॉकआउट कर गईं।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदन में व्यवस्था बनाए रखने की अपील की, लेकिन विपक्षी सांसदों ने विरोध जारी रखा। इस पर ओम बिरला ने नाराज होते हुए कहा कि आप लोगों को जनता ने सवाल पूछने के लिए संसद भेजा है या मेज तोड़ने के लिए। अगर आपको



मेज तोड़ने के लिए यहां भेजा गया है तो आप और भी जोर से मारें। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सांसदों से शांति बनाए रखने और मुद्दे को सही तरीके से उठाने की अपील की। हालांकि, विपक्ष इस मुद्दे पर तुरंत बहस की मांग कर रहा था। कांग्रेस और सपा ने उत्तर प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि वह महाकुंभ में भगदड़ की जिम्मेदारी लेने से बच रही है।लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों को शांत करने की कोशिश करते हुए कहा, "राष्ट्रपति जी ने अपनी स्पीच में महाकुंभ का भी जिक्र किया है। अभी प्रश्नकाल है, इसलिए इस समय किसी अन्य विषय पर चर्चा नहीं हो सकती।" इसके बावजूद विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे और सरकार से मौतों का सही आंकड़ा जारी करने की मांग करते हुए नारेबाजी की।लोकसभा की कार्यवाही देखने के लिए रूस से एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत पहुंचा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जानकारी दी कि इस डेलिगेशन का नेतृत्व रूस के राज्य ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय संसद की कार्यवाही का अवलोकन किया और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। यह दौरा दोनों देशों के संसदीय सहयोग को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।लोकसभा के अलावा राज्यसभा में भी विपक्ष ने महाकुंभ भगदड़ को लेकर सरकार को घेरा। कांग्रेस, टीएमसी, सपा और सीपीआई के सांसदों ने कार्यवाही स्थगन के नोटिस देकर इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दियासंसद के बजट सत्र में सोमवार (3 फरवरी) को प्रयागराज में हुए महाकुंभ भगदड़ पर भारी हंगामा हुआ। विपक्षी दलों ने भगदड़ में हुई 30 लोगों की मौत को लेकर सरकार से जवाब मांगा।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025: चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बीजेपी ने झोंकी पूरी ताकत,



### जेपी नड्डा से लेकर अमित शाह तक करेंगे रोड शो

एजेंसी

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025: चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बीजेपी ने झोंकी पूरी ताकत, दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार का शोर आज शाम 5 बजे थम जाएगा। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (इखढ) ने पूरी ताकत झोंक दी है। आइए जानते हैं कि बीजेपी के ये रोड शो कहां-कहां होने वाले है।-बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुराड़ी के मुकुंदपुर चौक पर रैली को संबोधित करेंगे।-गृह मंत्री अमित शाह जंगपुरा, बिजवासन और द्वारका विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे।-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह छतरपुर में दोपहर 12 बजे और मोती नगर में दोपहर 2 बजे रोड शो करेंगे। -उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी देवनगर में 10 से 12 बजे, पटेल नगर में एक बजे से और संगम विहार में दोपहर 2.30 बजे रोड शो करेंगे। -पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आदर्श नगर में 11 बजे रोड शो कर रही हैं। इसके बाद उनका रोड शो लक्ष्मीनगर में दोपहर एक बजे होगा। फिर वह यहां से महरौली जाएंगी और 2.30 बजे रोड शो करेंगी। -उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक बवाना ने 10 बजे रोड़ किया। -उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य दोपहर एक बजे तिलक नगर में रोड शो करेंगे।

## भाजपा मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में बेईमानी पर उतारू है : अखिलेश यादव



एजेंसी

**नई दिल्ली:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में बेईमानी पर उतारू है।सपा मुख्यालय से जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मिल्कीपुर में हर तरह की साजिश कर रही है तथा प्रशासन द्वारा कोटेदारों और प्रधानों पर दबाव बनाया जा रहा है।उन्होंने दावा किया, ह्यह्यमिल्कीपुर में जनता समाजवादी पार्टी के साथ है। जनता समाजवादी पार्टी को जिताने को तैयार है, लेकिन सरकार के दबाव में प्रशासन समाजवादी पार्टी को हराना चाहता है। यादव ने आरोप लगाया, भाजपा सबसे बड़ी बेईमान और झूठी पार्टी है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान दोनो का तिरस्कार कर रही है। भाजपा समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं पर झूठे और फर्जी मुकदमे लगवाकर उन्हें परेशान कर रही है।

## 'मोदी की गारंटी मतलब पत्थर पर खींची लकीर', अमित शाह का केजरीवाल पर वार, दिल्ली को धोखा देने का लगाया आरोप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जंगपुरा में चुनावी रैली को संबोधित किया। शाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि 8 फरवरी को दिल्लीवाले आप-दा सरकार को झाड़ू लगाकर बाहर फेंकने वाले हैं। आप और अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए अमित शाह ने सवाल किया कि 10 वर्षों तक, अनेक वादे कर केजरीवाल और उनके चट्टे-बट्टों ने दिल्ली को क्या दिया? भ्रष्टाचार दिया, कूड़ा कचरा दिया, जहरीला पानी दिया, तुष्टिकरण दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आप और केजरीवाल ने दिल्ली को धोखा दिया है।अमित शाह ने जंगपुरा से आप प्रत्याशी और आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया पर निशाना साधते हुए



कहा कि देशभर में एक ही शिक्षा मंत्री है, जो शराब घोटाला मामले में जेल गया है। शिक्षा मंत्री का काम होता है, बच्चों को शिक्षा देना, स्कूल बनाना, शिक्षकों का कल्याण करना, नए कॉलेज बनाना। ये सब तो कुछ उन्होंने (मनीष सिसोदिया) किया नहीं, बल्कि दिल्ली में गली-गली में शराब की दुकानें खोली हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजपा एक अकेली ऐसी पार्टी है, जो कहती है वो करती है। मोदी की गारंटी मतलब पत्थर पर खींची लकीर। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में भाजपा ने वादा किया था कि हम इस देश से आतंकवाद को समाप्त कर देंगे। 10 साल के अंदर इस देश से आतंकवाद को समाप्त करने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। 31 मार्च, 2026 तक हम इस देश से नक्सलवाद को भी समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि हम जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाएंगे। केजरीवाल जी, राहुल बाबा, अखिलेश, ममता जी... इन सभी ने विरोध किया ।

## 428 पन्नों की रिपोर्ट में से 281 पर विपक्ष ने जताई असहमित, ', वक्फ बिल पर बोले जगदंबिका पाल

एजेंसी

**नई दिल्ली:** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी रिपोर्ट की आलोचना के बीच, संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने सोमवार को कहा कि विपक्ष एक निश्चित एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है और उसने कुल 428 पन्नों की रिपोर्ट में से 281 पृष्ठों में असहमति नोट प्रस्तुत किया है। मीडिया से बात करते हुए पाल ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने सभी गवाहों पर विचार करने के बाद अंतिम



रिपोर्ट तैयार की है। उन्होंने (विपक्ष ने) जेपीसी को यह कहकर गुमराह करने की कोशिश की कि अगर यह विधेयक पारित हो गया, तो सभी वक्फ संपत्तियां छीन ली जाएंगी, उसी तरह, वे पूरे देश में एक निश्चित एजेंडा को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं और तुष्टिकरण का प्रयास कर रहे हैं। जेपीसी की निरंतर बैठकों में हमने सभी को गवाह के रूप में बुलाया, चाहे वह वक्फ बोर्ड हो, अल्पसंख्यक आयोग हो, सरकारी अधिकारी हों, हितधारक हों, या इस्लामी विद्वान हों, हमने उन सभी की बात सुनी। हमने 428 पेज की रिपोर्ट तैयार की है, जिसे हमने स्पीकर को सौंप दिया है। 428 पन्नों की इस रिपोर्ट में हमने खंड-दर-खंड संशोधन का अनुरोध किया था, चाहे वह ओवेसी साहब हों, नसीर हुसैन हों, या कोई और हों। सभी ने अपना इनपुट दिया था।

## 'वह कौन गुंडा है जिससे दिल्ली पुलिस डरती है', भाजपा पर बरसे केजरीवाल, चुनाव आयुक्त पर भी साधा निशाना

एजेंसी

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में उनकी पार्टी के कार्यकताओं पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि जिस तरह से दिल्ली चुनाव में गुंडागर्दी हो रही है, देश की जनता जानना चाहती है कि यह कौन कर रहा है और सबसे बड़ा गुंडा



कौन है। केजरीवाल ने भाजपा पर वार करते हुए पूछा कि आप कार्यकर्ताओं पर हमले हो रहे हैं, पुलिस असहाय है। वह कौन गुंडा है जिससे दिल्ली पुलिस डरती है। केजरीवाल ने कहा कि रविवार को पहली बार ऐसा हुआ कि पत्रकारों पर हमला हुआ और एक का सिर काट दिया गया। कवरेज करने गए पत्रकारों को निकाल दिया गया। ये सब देश की संसद से 1 किलोमीटर की दूरी पर हो रहा है। केजरीवाल ने कहा कि जिस तरह से चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है, ऐसा लगता है जैसे चुनाव आयोग का कोई अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

## 'दिल्ली को मिलेगी फर्जी गारंटी से मुक्ति', पीयूष गोयल का आप पर वार, गिरिराज बोले- केजरीवाल से बड़ा कोई गुंडा नहीं



एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता पीयूष गोयल ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर दिल्ली की जनता से झूठे वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार विकास और जन कल्याण को प्राथमिकता देगी। गोयल ने बजट में मध्यम वर्ग को महत्वपूर्ण राहत देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की और कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत निश्चित लगती है। उन्होंने घोषणा की कि मोदी के नेतृत्व में, दिल्लीवासी विश्वसनीय नेतृत्व और विकास पहलों से प्रेरित सरकार की उम्मीद कर सकते हैं।यह कहते हुए कि आप के भीतर टूटन स्पष्ट है, गोयल ने कहा कि आगामी चुनावों से पहले आठ आप विधायकों के इस्तीफे ने पार्टी की घटती एकता का संकेत दिया है। उन्होंने उनके प्रतीक, झाड़ू की छड़ी, के रूपक का प्रयोग किया, जो प्रतीकात्मक रूप से बिखरा हुआ था। पीएम मोदी ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली जल्द ही भाजपा शासन के तहत विकास की एक नई सुबह देखेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों को फर्जी गारंटी से मुक्ति मिलेगी और पीएम मोदी के विश्वसनीय नेतृत्व में एक अच्छी सरकार मिलेगी, जो विकास कार्यों, जन कल्याण से प्रेरित है।

## प्रचार के आखिरी दिन रोड शो का दौर, राजनाथ बोले- दो तिहाई बहुमत से बनेगी भाजपा सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली:** दिल्ली चुनाव को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के आया नगर इलाके में भाजपा उम्मीदवार करतार सिंह तंवर के समर्थन में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली की जनता ने दिल्ली में बीजेपी को दो तिहाई बहुमत देने का फैसला कर लिया है। लोगों को भी भरोसा है कि दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनेगी। भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ी है, विकास हुआ है। इन आंकड़ों को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि इन (आप) लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है।वहीं, एक अन्य रोड शो में बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने कहा कि पार्टी के एक मेहनती कार्यकर्ता को आदर्श नगर से उम्मीदवार बनाया गया है। राजकुमार



भाटिया जब गली-गली जा रहे हैं तो वहां मोदी की गारंटी की गूंज सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता मोदी पर भरोसा करके कमल का बटन जरूर दबाएगी गारंटी दीजिए और भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में जीत का परचम लहराएगी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सुल्तानपुर माजरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार करम सिंह कामरा के लिए सुल्तानपुरी में रोड शो किया। प्रमोद सावंत ने कहा कि दिल्ली में चुनाव प्रचार आज खत्म हो रहा है। ये आखिरी रैली है। दिल्ली में बीजेपी भारी बहुमत से जीत रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि लोग डबल इंजन सरकार के लिए वोट करेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली के वेस्ट पटेल नगर में पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राज कुमार आनंद के समर्थन में रोड शो किया। भाजपा सांसद रवि किशन ने पार्टी उम्मीदवार नारायण दत्त शर्मा के लिए प्रचार करते हुए बदरपुर में रोड शो किया। रवि किशन ने कहा कि मैं यहां नारायण दत्त शर्मा के लिए आया हूं और मैं बदरपुर के लोगों और खास तौर पर पूर्वाचल के लोगों से अपील करता हूं कि वे बीजेपी का समर्थन करें ताकि बड़ापुर पीछे न रह जाए।

## कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के पुत्र आयान के असामयिक निधन



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने जताया शोक
- कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के पुत्र के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष सहित नेताओं ने जताया शोक

पटना. सोमवार, 03 फरवरी, 2025बिहार कांग्रेस के विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के इकलौते पुत्र आयान खान के असामयिक निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने गहरा दुःख जताया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि बारहवीं में पढ़ने वाले आयान बहुत ही नेकदिल और संस्कारी थे।उनके असामयिक निधन से पूरा कांग्रेस परिवार मर्माहत है और ईश्वर से कामना करता हूं कि उनके परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहने की हिम्मत दें। डॉ शकील अहमद खान के पुत्र आयान के निधन पर विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, प्रेमचंद्र मिश्र, डॉ. समीर कुमार सिंह, नरेद्र कुमार, अवधेश कुमार सिंह, ब्रजेश पांडेय, ब्रजेश प्रसाद मुनन, निर्मल वर्मा, राजेश राठौड़, लाल बाबु लाल, विधायक इजहारुल हुसैन, मुन्ना तिवारी, डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रवक्ता आनंद माधव, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, ज्ञान रंजन, राजकिशोर सिंह, निधि पाण्डेय, आशुतोष शर्मा, सुदय शर्मा सहित अन्य नेताओं ने गहरा दुःख जताया है।

## अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री, भारत सरकार द्वारा रेलवे बोर्ड से वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से

### बजट 2025-26 के रेल पर आधारित संवाददाता सम्मेलन को किया गया संबोधित

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ




समस्तीपुर-03.02.2025 अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री, भारत सरकार द्वारा रेलवे बोर्ड से वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बजट 2025-26 के रेल पर आधारित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया गया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा भारतीय रेलवे हेतु रिकॉर्ड धनराशि रुपए 2,52,200 करोड़ आवंटित की गयी है।इसी कड़ी में उन्होंने बिहार राज्य के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराशि का जिक्र करते हुए बताया कि 2009 से 2014 में बिहार में रेलवे के विकास के लिए प्रतिवर्ष औसतन 1,132 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ाकर इस वर्ष 10 हजार 66 करोड़ रुपए कर दिया गया है, जो कि पिछली सरकार की तुलना में 09 गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी।माननीय रेल मंत्री ने कहा कि बिहार में जहां 2009-14 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 64 किमी नई लाइन का निर्माण होता था वहीं 2014 से 2024 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 167 किमी नई लाइन का निर्माण हुआ है जो लगभग 2.5 गुणा ज्यादा है।इसी तरह बिहार में जहां 2009-14 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 30 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण होता था वहीं 2014 से 2024 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 275 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है जो लगभग 09 गुणा ज्यादा है।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में 2014 से 1832 किमी नई लाईन का निर्माण किया जा चुका है जो लगभग मलेशिया के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है।इसके साथ ही बिहार में 2014 से 3020 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा बिहार में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है।माननीय रेल मंत्री जी ने कहा कि बिहार में 86,458 करोड़ की लागत से 5,346 किमी की नई लाईन/दोहरीकरण/आमान परिवर्तन की 57 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है।इसके साथ ही 3164 करोड़ की लागत से बिहार में 98 अमृत भारत स्टेशनों का पुर्निविकास कार्य चल रहा है। इस प्रकार बिहार में रेलवे द्वारा लगभग 90 हजार करोड़ का इंवेस्टमेंट किया जा रहा है। बिहार में 1783 किमी में कवच लगाने का कार्य विभिन्न चरणों में है।बिहार में 12 वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो बिहार के 15 जिलों से होकर गुजरती है। इसके साथ ही बिहार के दरभंगा से 01 अमृत भारत एक्सप्रेस का भी परिचालन किया जा रहा है।पटना जं. के पुनर्विकास से संबंधित पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पटना जं. के डीपीआर एवं डिजाइन पर कार्य चल रहा है।माननीय रेल मंत्री जी के प्रेस कॉन्फ्रेंस के पश्चात मंडल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर विनय श्रीवास्तव ने भी उपस्थित संवाददाओं को बजट में रेलवे हेतु किये गये प्रावधानों से उन्हें अवगत कराया।

## समाजसेवी राजू सहनी ने असम के गुवाहाटी में जलाया भक्ति का अलख, मां शारदे पूजा अर्चना कर प्रसाद का किया वितरण



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** जिले के उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर कमला गांव निवासी व समाजसेवी राजू सहनी ने भक्ति का अलख जगाते हुए असम राज्य के गुवाहाटी में सोमवार 03 फरवरी की सुबह शुभ मुहूर्त में पूरी श्रद्धा, विधि-विधान व धूमधाम से विद्या की देवी माता सरस्वती का पुजा अर्चना किया तथा स्थानीय लोगों के बीच पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद का वितरण भी किया। इस दौरान समाजसेवी राजू सहनी ने बताया कि माता सरस्वती को ज्ञान, शिक्षा, कला, विद्या, बुद्धि और संस्कृति की देवी माना जाता है। ऐसा लोगों का मानना है कि माता सरस्वती की पूजा करने से लोगों को ज्ञान, बुद्धि, समझ और रचनात्मक कार्यों में माता सरस्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसलिए माता सरस्वती की पूजा विशेष रूप से सभी शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों तथा कला व संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े लोग अपने निजि आवास अथवा निजि संस्थानों में भी धूमधाम से करते हैं। इस दौरान उपरोक्त सभी क्षेत्र से जुड़े लोग माता सरस्वती की पूजा कर उनका आशीर्वाद भी लेते हैं। इसके अलावा माता सरस्वती की पूजा गीत - संगीत, नृत्य, कला व साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोग भी काफी धूमधाम से मनाते हैं।

## सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में की गई मां सरस्वती की पूजा

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों सहित कई जगहों पर सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ की गई। इस दौरान मुख्यालय स्थित वारिसनगर साइंस कोचिंग, ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल कुसैया सहित गोही, मथुरापुर, नागरबस्ती, हाँसा, बेगमपुर, मथुरापुर, सारी, सतमलपुर, किशनपुर, मनियारपुर आदि बाजारों व ग्रामीणों क्षेत्रो में भी जगह - जगह पूजा पंडाल बनाकर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। वहीं पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखा गया। वहीं प्रखंड प्रमुख राजू कुमार, उपप्रमुख राधा देवी, जदयू जिला युवा उपाध्यक्ष सह वारिसनगर प्रखंड पूर्व उपप्रमुख शिवशंकर महतो, जिला सचिव संतोष कुमार साह, आलोक कुमार सिंह, जिला पार्षद सुधा कुमारी, मुखिया वशिष्ठ राऊत, अरूण कुमार भगत, अरविंद कुमार साह, अरमान पांडे, तेज नारायण चौधरी, मधु देवी, हाँसा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष नरेश कुमार महतो, अमित कुमार राय, सोनू सिंह सहित अन्य लोगों ने अपने अपने क्षेत्रों में मां का दर्शन कर शांति सदभाव की कामना की। वारिसनगर थानाध्यक्ष निरंजन कुमार व मथुरापुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल क्षेत्र में गस्त लगाते रहे।

## नाबालिग लड़की अगवा, एफआईआर दर्ज

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड के तहत मथुरापुर थाना के अंतर्गत सारी टोले मन्नीपुर गांव से एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ता के मां ने रविवार मथुरापुर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि बाजार समिति से सामान खरीदकर लाने घर से गई थी जो वापस नहीं लौटी। इस मामले में आवेदिका ने एक लड़का को नामजद किया है। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## भारतीय इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीउल्लाह अहमद ने दिल्ली के ओखला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भरा हुंकार,




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
भारतीय इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

समीउल्लाह अहमद ने अपने प्रत्याशी फिरदौस आलम के पक्ष में ओखला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी जनता से अपील किया कि अगामी 5 फरवरी को नीलकटर छाप पर अपना एक-एक मत देकर भारतीय इंसान पार्टी के प्रत्याशी फिर्दोष अलम को जीताइए और ओखला विधानसभा को शिक्षित, सुरक्षित,विकसित विधानसभा बनाने का काम करेंगे भारतीय इंसान पार्टी नें ठाना है कि ओखला विधानसभा को विकास के जरिए ऐसे विकसित करना है कि आने वाला पीढ़ी भी ओखला विधानसभा के विकास की चचार्एं करती रहे, श्री अहमद ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में अपील किया कि एक बार हमें मौका देकर देखें, निश्चित मैं जो वादा करूंगा उस वादे पर खड़ा उतरकर आपको दिखाऊंगा, श्री अहमद ने कहा कि जब शिक्षित इंसान होगा जब शिक्षित बच्चे होंगे तब विकसित राज्य होगा, भारतीय इंसान पार्टी वादा नहीं करती है धरातल पर कार्य कर के दिखाने का कार्य करती है,

## 5 फरवरी को पटना आ रहे हैं राहुल गांधी, स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी के जयंती समारोह में होंगे शामिल

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- एसके मेमोरियल में 5 फरवरी को स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी के जयंती में शामिल होंगे राहुल गांधी
- स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी के 130वीं जयंती में 5 फरवरी को पटना में शामिल होंगे नेता विपक्ष राहुल गांधी : डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह



पटना. सोमवार, 03 फरवरी, 2025 देश के नेता विपक्ष और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी आगामी 5 फरवरी को एस के मेमोरियल हॉल में स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी के 130वीं जन्म जयंती में शामिल होने पटना आ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने इस आशय की जानकारी देते हुए कहा कि सारण के गड़खा निवासी स्वतंत्रता सेनानी बिहार की अंतरिम सरकार में चार कैबिनेट मंत्रियों में से एक रहें थे। महात्मा गांधी के आंदोलनों से प्रभावित होकर स्व जगलाल चौधरी ने कलकता मेडिकल कॉलेज में अंतिम वर्ष के छात्र होने के बावजूद अपनी पढ़ाई छोड़ दी और स्वतंत्रता आंदोलन में खुद पड़े। इनके दो पुत्रों ने भी देश की आजादी की लड़ाई में महती भूमिका निभाई। 11 अगस्त 1942 को इनके बड़े पुत्र इंद्रदेव चौधरी सचिवालय पर झंडा फहराने के दौरान अंग्रेजों के गोली से घायल हो गए थे जो 22 अगस्त 1942 को अपने जख्मों से लड़ते हुए देश के लिए शहीद हो गए। जब इनका शव 40वर्षों की सजा काट रहें स्व. जगलाल चौधरी के पास लाया गया तो इन्होंने कहा कि मेरा बेटा धन्य हो गया जो देश के काम आया।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में 5 फरवरी को पूर्वाह्न 11:30 बजे देश के नेता विपक्ष और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पटना में जयंती समारोह को संबोधित करेंगे और स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी के स्मृति में सम्मान समारोह में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक विनोद कुमार चौधरी होंगे जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कांग्रेसजन शामिल होंगे।

## खेतों की तरफ गयी महिला पर मधुमक्खियों का हमला, सदर रेफर



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
पंकज कुमार सिंह

मसरक प्रखंड , मशरक सीएचसी में मधुमक्खियों के हमलें से अचेत महिला को इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां महिला की पहचान पानापुर थाना क्षेत्र के धनौती गांव निवासी वकील प्रसाद की 40 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि खेतों की तरफ गयी थी कि मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिसमें इसके चिल्लाने पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से जान बचाकर इलाज के लिए मशरक सीएचसी में लाया गया। परिजनों ने बताया कि यदि समय पर जानकारी नहीं होती तों जान भी जा सकती थी।

## श्री दुर्गा मंदिर में हुई 6 देवी, देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ





सीवानःजिले के शेखर सिनेमा के नजदीक प्रसिद्ध व मसहूर दुर्गा मंदिर में सोमवार को आधा दर्जन देवी व देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया. वहीं मंदिर पर तीन दिनों से चलने वाले महायज्ञ पूजा अर्चना व हवन के साथ सम्पन्न हो गया. बताया जाता है कि यह महायज्ञ 1 फरवरी से चल रहा है. प्रथम दिन कलशपूजन का कार्यक्रम हुआ. 2 फरवरी यानि रविवार को मंदिर में वेदी पूजन, आवाहन, अग्नि स्थापना, अधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया . वहीं 3 फरवरी सोमवार को मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर के ऊपरी तल पर महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती व अर्द्धनारीश्वर की मूर्ति स्थापित करते हुए उनमें प्राण प्रतिष्ठात्मक किया गया. जबकि मंदिर के नीचे पूर्व से स्थापित दुर्गा माता की मूर्ति के आस पास हनुमान जी व भैरव बाबा की मूर्ति स्थापित किया गया. उसके साथ ही संध्या में मंदिर के प्रांगण में पूणार्हुति विसर्जन कर सभी देवी व देवताओं की पूजा अर्चना के हेतु भक्तों, श्रद्धालुओं एवं आम लोगों के लिए पट खोल दिया गया.

मंदिर पर चलने वाले महायज्ञ में प्रतिदिन कथा वाचन के लिए वृंदावन के मसहूर कथा वाचिका मालती मंजरी थी. वहीं दूर दराज व ग्रामीण क्षेत्रों से महायज्ञ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन 24 घंटे महाभंडारे का आयोजन किया गया था.

इस मंदिर के संदर्भ में आस पास के भक्तों ने बताया कि यह मंदिर बिहार में एक नमूना, अद्भुत और सौदर्य का प्रतीक माना जा रहा है.मंदिर कमिटी के सचिव व संरक्षक प्रभुनाथ प्रसाद ने बताया कि यह मंदिर पूर्व में संतोषी माता मंदिर के नाम से प्रसिद्ध था. अब मंदिर का नाम परिवर्तित करते हुए दुर्गा माता मंदिर हो गया है. इस मंदिर पर पहले से ही प्रतिदिन सुबह व शाम में आरती पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती आ रही है. जो भी शुद्ध मन और श्रद्धा से इस मंदिर में मन्नत मांगते हैं माँ दुर्गा उसे अवश्य पूरा करती हैं. महायज्ञ में श्रद्धालुओं के जयघोष से पुरा शहर भक्तिमय हो गया था. वहीं श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया था. मुख्य रूप से मंदिर प्रबंधन कमिटी के संरक्षक सह सचिव प्रभुनाथ प्रसाद, मुकेश सिंह, वरूण कुमार,रामजी प्रसाद, डा राजा प्रसाद, श्याम सुंदर, डा. अखिलेश्वर तिवारी, मोहन शर्मा, बिक्रमादित्य चौधरी, भरत प्रसाद चौधरी, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, लालबाबु चौधरी, विकास कुमार चौधरी सहित सौकड़ों भक्तों की भूमिका सराहनीय रही

## दरभंगा ई-कॉमर्स निर्यात कार्यशाला*का हुआ आयोजन



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो. अबु बकर सिद्दीकी

दरभंगा ई-कॉमर्स निर्यात कार्यशाला*का हुआ आयोजन ई -कोमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला हुई आयोजित। मनीष कुमार आयुक्त दरभंगा प्रमंडल दरभंगा के अध्यक्षता में आज विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT), कोलकाता, बिहार सरकार एवं एफ ० आई ० ई ० ओ ० के संयुक्त तत्त्वावधान में दरभंगा में निर्यात बंधु योजना के अंतर्गत ई -कोमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण और सफल कार्यशाला का आयोजन आयुक्त कार्यालय के सभागार हुई।कार्यशाला में मुख्य अतिथि मनीष कुमार, ( आईएएस ), आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल दरभंगा द्वारा इस तरह के आयोजनों के महत्त्व पर बल दिया. उन्होंने कहा की भारत सरकार की विदेश नीति, 2023 और राज्य सरकार की निर्यात नीति मे ई -कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया है. उन्होंने कहा कि दरभंगा संभाग के प्रमुख निर्यात मदों जैसे मखाना एवं मिथिला पेंटिग, अन्य हस्त शिल्प व विविध प्रकार के कृषि उत्पाद ( आर्गेनिक ) के निर्यात को बढ़ाने ने में ई -कॉमर्स की बड़ी भूमिका होने जा रही है. उन्होंने इस तरह के आयोजनों एवं जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित तौर पर किये जाने पर बल दिया. प्रमंडलीय आयुक्त ने मिथिला को विश्व व्यापक पहचान देने वाले एक्सपोर्टर एवं अन्य लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि दरभंगा मिथिला कला -संस्कृति की हृदय स्थल है । मिथिला संस्कृति नेपाल में भी दो तिहाई है अन्य राज्यों में भी फैली हुई है। आज खुशी की बात है कि दरभंगा में एक प्रयोगिक कार्यक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर ,झंझारपुर दलसिंह सराय आदि एक्सपोर्ट के क्षेत्र में हब बन जाएगा। बिहार राज्य भारत के सर्वाधिक निर्यात करने वाले राज्यों में 18 वें स्थान पर है।जिसको टॉप में लाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है।मखाना के लिए अलग से बोर्ड का गठन किया जा रहा है। जिलाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन ने कहा कि बिहार की आकांक्षा बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बिहार ने देश की तुलना में काफी उल्लेखनीय वृद्धि की है।उन्होंने कहा कि मधुबनी में मिथिला सिल्क एवं पेंटिंग ,दरभंगा में मखाना, समस्तीपुर में हल्दी और बेगूसराय में लाल मिर्च काफी मात्रा में उत्पादन होता है।जिला एज एक्सपोर्ट हब्स और निर्यात बंधु योजना के तहत स्थानीय निर्यातकों सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित हुआ।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में ई-कॉमर्स से संबंधित सरकारी योजनाओं वित्तीय सुविधाओं और वैश्विक बाजार अवसरों के संबंध में काफी जानकारी दी गई है।

## केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा रेलवे बोर्ड से वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बजट 2025 -26 के रेल पर आधारित संवाददाता सम्मेलन को किया गया संबोधित

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद




**समस्तीपुर।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा रेलवे बोर्ड से वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आज बजट 2025 - 26 के रेल पर आधारित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय रेलवे हेतु रिकॉर्ड धनराशि रुपए 2,52,200 करोड़ आवंटित की गयी है। इसी कड़ी में उन्होंने बिहार राज्य के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराशि का जिक्र करते हुए बताया कि यूपीए के कार्यकाल 2004 से 2014 में बिहार में रेलवे के विकास के लिए प्रतिवर्ष औसतन 1,132 करोड़ रुपए आवंटित किए गये थे जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ाकर इस वर्ष 10 हजार 66 करोड़ रुपए कर दिया गया है, जो कि पिछली सरकार की तुलना में 09 गुना ज्यादा है।उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। रेल मंत्री ने कहा कि बिहार में जहां 2009 -14 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 64 किमी नई लाइन का निर्माण होता था वहीं 2014 से 2024 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 167 किमी नई लाइन का निर्माण हुआ है जो लगभग 2.5 गुणा ज्यादा है।इसी तरह बिहार में जहां 2009 -14 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 30 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण होता था वहीं 2014 से 2024 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 275 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है जो लगभग 09 गुणा ज्यादा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में 2014 से 1832 किमी नई लाईन का निर्माण किया जा चुका है जो लगभग मलेशिया के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है। इसके साथ ही बिहार में 2014 से 3020 किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा बिहार में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। रेल मंत्री ने कहा कि बिहार में 86,458 करोड़ की लागत से 5,346 किमी की नई लाईन/दोहरीकरण/आमान परिवर्तन की 57 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इसके साथ ही 3164 करोड़ की लागत से बिहार में 98 अमृत भारत स्टेशनों का पुर्निविकास कार्य चल रहा है। इस प्रकार बिहार में रेलवे द्वारा लगभग 90 हजार करोड़ का इंवेस्टमेंट किया जा रहा है। बिहार में 1783 किमी में कवच लगाने का कार्य विभिन्न चरणों में है। बिहार में 12 वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो बिहार के 15 जिलों से होकर गुजरती है। इसके साथ ही बिहार के दरभंगा से 01 अमृत भारत एक्सप्रेस का भी परिचालन किया जा रहा है। पटना जंक्श के पुनर्विकास से संबंधित पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पटना जंक्श के डीपीआर एवं डिजाइन पर कार्य चल रहा है। रेल मंत्री के प्रेस कॉन्फ्रेंस के पश्चात मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने भी उपस्थित संवाददाओं को बजट में रेलवे हेतु किए गये प्रावधानों से उन्हें अवगत कराया।

## शहर में सरस्वती पूजा की धूम, पूजा पंडालों में ज्ञान की देवी की पूजा अर्चना शुरू



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
पंकज कुमार सिंह

मशरक प्रखंडसरस्वती पूजा को लेकर मशरक नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पूजा पंडालों समेत शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गयी। वहीं पूजा-अर्चना में छात्र छात्राएं,शिक्षक समेत आम लोग शामिल हुएं। पूजा पंडालों में ज्ञान, संगीत,कला और शिक्षा की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी। वहीं प्रसाद में सेव,केला,बेर, बुंदिया, नारियल,इलाइची दाना,बादाम,सूजी से बना हलुआ सहित दूध,घी,शहद और गंगाजल को मिलाकर बनाया गया पंचामृत मां को अर्पित किया गया। वहीं डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि सरस्वती पूजा को लेकर इलाके में विशेष मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

# बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम: सांस्कृतिक समागम और जागरूकता की पहल




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के विभिन्न सत्रों में युवा प्रतिभागियों को जागरूकता, संवाद और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ा गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन के तृतीय सत्र में श्री अश्वनी कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मधुबनी ने विभिन्न राज्यों से आए युवाओ के साथ संवाद किया। इस दौरान युवाओ ने अपने सवाल रखे, जिनका उन्होंने तर्कसंगत उत्तर देते हुए वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओ की वर्तमान समस्याओं को समझते हुए समाधान के संभावित मार्ग भी सुझाए। इसके बाद चौथे सत्र में श्री रमेश शर्मा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मधुबनी ने २३१३-४स्त्र, उद्यमिता, कौशल विकास और बिहार सरकार व भारत सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने मौजूदा आर्थिक स्थिति में व्यापार के अवसरों और संभावनाओं पर विचार साझा किए।

रात्रि सत्र में बिहार की लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली। अमित कुमार और रंजीत कुमार की टीम ने पारंपरिक झिझिया नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों को बिहार के समृद्ध लोकनृत्य से परिचित होने का अवसर मिला। तीसरे दिन की शुरूआत योग और खेल गतिविधियों के साथ हुई। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राकेश कुमार गुड्डु ने रेफरी की भूमिका निभाई। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने एसएसबी कैंप, लदनियां, मधुबनी का दौरा किया। यहां एसआई गांधी राम (18वीं बटालियन) और उनकी टीम ने सेना की कार्यप्रणाली से प्रतिभागियों को अवगत कराया। यह कार्यक्रम न केवल युवा प्रतिभागियों के लिए जागरूकता का मंच बना, बल्कि उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों और प्रशासनिक व व्यापारिक पहलुओं को भी नजदीक से समझा

# धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के गांव घर सहित निजी विद्यालयों सरकारी विद्यालयों में माता सरस्वती के श्रद्धालुओं ने मूर्ति स्थापित कर वैदिक पंडित व यजमान के द्वारा सरस्वती माता की जयकारा के साथ सरस्वती पूजा की गई। माता के दरबार में आने वालों को पूजा कमिटी विद्यालय के संचालक के द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। कृष्ण ज्ञान निकेतन में प्राचार्य पीके राजू, अनुराधा कुमारी, शशि भूषण शर्मा, छात्र ऋषभ नारायण, आशुतोष कुमार, वैष्णवी कुमारी आदि ने पूजा अर्चना की। हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुरा में राजेश झा, प्रभात कुमार उर्फ सोनू संजय शर्मा, शक्ति साधना, सतीश कुमार, छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिका पूजा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संतपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल विरसिंहपुर प्राचार्य एसके पिल्लई, बरहेता पोखर भोला बाबा मंदिर प्रांगण में सरस्वती माता की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। फुलहारा ठाकुरबारी में पंडित नित्यानंद झा, यजमान सन्त कुमार, अभिनव, अंशु बाबू आदि के सहयोग से घूमधाम से पूजा प्रसाद वितरण किया गया। माली नगर पंचायत के कई जगह धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। रतवारा गांव में मुखिया हेना की देखरेख में सरस्वती पूजा मूर्ति स्थापित कर की गई।।

# सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी (बेगूसराय) ' विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा बखरी नगर एवं प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से सोमवार को मनाया गया ।इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं पूजा पंडालों में माता सरस्वती की पूजा श्रद्धापूर्वक की गई, तथा आकर्षक ढंग से सजाया गया ।सरस्वती स्थान रामपुर एवं सलौना,युवा रेड रोज क्लब,जय सरस्वती संघ,श्री विश्वबंधु पुस्तकालय,टीचिंग सेंटर,आदर्श कोचिंग सेंटर,अपना बचपन प्ले स्कूल सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों ने वीणावादिनी की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की। वही कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जबकि इस दौरान एसडीएम सन्नी कुमार सौरव, एसडीपीओ कुंदन कुमार,बीडीओ महेशचंद्र,थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर फैसल अहमद अंसारी,एसआई उदय शंकर कुमार, कुंदन कुमार सिंह,अर्चना झा,पुष्पलता,अशोक कुमार सिंह, हरेंद्र राम, राजेंद्र राम,एएसआई उमेश यादव एवं पुलिस बल के जवान गश्ती करते दिखे। तथा प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

# मौलाना के पिटाई के मामले में बेनीपट्टी था के चौकीदार समेत 5 पुलिस को तत्काल प्रभाव से निर्लंबित

## करते हुए पुलिस केन्द्र, मधुबनी में योगदान करने का एस.पी ने निर्देश दिया है

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी एसपी योगेंद्र कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्रवाई से संबंधित कई जानकारी दी

मधुबनी जिला के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र का पिछले दिन

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें मो0 फिरोज, पिता-मो0 युनुस, ग्राम+पोस्ट-कटैया, थाना-बेनीपट्टी, जिला-मधुबनी के द्वारा बेनीपट्टी थाना के विरूद्व मोटरसाईकिल चेकिंग के दौरान मारपीट करने एवं अन्य कतिपय आरोप लगया गया हैं। मो0 फिरोज दिनांक-01.02.2025 को पुलिस कार्यालय, मधुबनी में आकर पुलिस अधीक्षक, मधुबनी से मिलकर सारी बात बतायी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा पुलिस



उपाधीक्षक(मुख्यालय), मधुबनी को जॉचकर रिर्पोट समर्पित करने का निर्देश दिया गया था

इस संदर्भ में पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय), मधुबनी ने सी0सी0टी0भी0 फूटेज का अवलोकन कर, बेनीपट्टी थाना के पदाधिकारी/कर्मी, मो0 फिरोज एवं अन्य साक्षी का बयान लेकर जॉच रिर्पोट समर्पित कि गई है।

प्रथम द्दष्टया में 1. स0अ0नि0 मुकेश कुमार, 2. हवलदार रंजीत, 3. सिपाही-557 विक्रम कुमार, 4. चौकीदार सुरेश पासवान एवं 5. चौकीदार सुरदीप मंडल बेनीपट्टी थाना को दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पुलिस केन्द्र, मधुबनी में योगदान करने का निर्देश गया है तथा परि0 पुलिस उपाधीक्षक, गौरव गुप्ता को थानाध्यक्ष, बेनीपट्टी थाना से स्थानांतरित करते हुए पुलिस कार्यालय, मधुबनी में योगदान देने का आदेश दिया गया है। स्थिति सामान्य हैं। विधि-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं हैं।

# पुलिस निरीक्षक, जयनगर के द्वारा लंबित कांडो के समीक्षा कर निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के जयनगर अंचल पुलिस निरीक्षक, जयनगर के द्वारा लदनिया थाना के थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता के साथ लंबित कांडो के समीक्षा कर निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर लदनिया थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार, बासोपट्टी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार, एवं देवधा थाना अध्यक्ष उपस्थित थे।

# अल्यूमिनियम फैक्ट्री के मालिक और मैनेजर पर एफआईआर हुए 20 दिन बीत गया परंतु कोई कार्रवाई नहीं : अमित कुमार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



समस्तीपुर। मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाकपा माले नेता अमित कुमार ने कहा कि अल्यूमीनियम फैक्ट्री में ब्लास्ट मामले के 20 दिन बाद भी ब्लास्ट के जिम्मेदार कानून के लम्बे हाथों से दूर हैं, इससे पुलिस के कार्यशैली की पोल खुल गयी है। साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाने में पुलिसिया भेदभाव का यह बेहद ज्वलंत उदाहरण है। विगत 15 जनवरी को ओईनी थाना क्षेत्र स्थित अल्यूमीनियम फैक्ट्री में ब्वायलर ब्लास्ट हादसे मे चार मजदूरो की मौत हो गई थी, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उक्त घटना की जांच में रख-रखाव एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी का मामला प्रकाश में आया था। अनुमंडल पदाधिकरी के निर्देश पर फैक्ट्री के वर्तमान मालिकों इस फैक्ट्री का स्वामित्व मुजफ्फरपुर के मोतीपुर निवासी मनोहर कुमार व दिलीप कुमार तथा प्रबंधक के विरूद्ध 16 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। माले नेता ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज हुए भी 19 दिन बीत गये मगर पुलिस के हाथ अभी तक फैक्ट्री के मालिकों के गिरेबान तक नहीं पहुंचे हैं। यह बेहद दुःखद है। यदि पुलिस का यही रवैया जारी रहा तो भाकपा माले मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगी।

# मशरक के युवक से डिजिटल अरेस्ट में 45 लाख ठगी में दो गिरफ्तार



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पंकज कुमार सिंह**

मशरक प्रखंड मशरक के नेहरू टोला गांव निवासी विकाश कुमार पिता सोना लाल प्रसाद के साथ मोबाइल नम्बर पर फोन कर इन्वेस्टीगेशन के नाम पर विडियो कॉल आया। कॉलर ने खुद को क्राइम ब्रांच का ऑफिसर बताया और वादी से एक सुप्रीम कोर्ट का एफिडेविट जैसा आवेदन पर ऑनलाइन सिंगनेचर करवाया। जाँच के नाम पर उनके खाते से कुल 45,86000 रू० का धोखाधड़ी कर निकासी कर लिया गया है। इसकी जानकारी अमन, पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष साइबर थाना ने दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सारण साइबर थाना कांड सं0-344/24 दर्ज कराया गया। तकनिकी अनुसंधान के क्रम में प्राप्त आसूचना के आधार पर जिस खाते में वादी के 15 लाख 66 हजार रुपए का अवैध ट्रांसफर हुआ था उस संबंध में भी पूर्व में 03 अभियुक्तों को गाजियाबाद से एवं जिस खाते में वादी के 15 लाख रुपए का अवैध ट्रांसफर हुआ था उस बंधन बैंक के 01 खाताधारक को पश्चिम बंगाल से कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुनः इसी क्रम में प्राप्त आसूचना के आधार पर 02 और अभियुक्त जिसके खाते में वादी के 05 लाख रु का अवैध ट्रांसफर हुआ था उस बैंक के खाताधारक एवं खाता के संचालन में सहयोग करने वाले निखिल बरनवाल, पिता-रणजीत बरनवाल, पता-वालीदपुर, थाना-मोहम्दाबाद, जिला-मऊ, उत्तरप्रदेश और गोलू सोनकार, पिता- भगनू सोनकार, पता-वालीदपुर, थाना-मोहम्दाबाद, जिला-मऊ, उत्तरप्रदेश को दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया।

# सरकारी स्कूलों में टीचर नहीं कर सकेंगे मोबाइल फोन का उपयोग, विभाग ने जारी किया आदेश,

## मोबाइल का उपयोग किए जाने पर होगी कार्रवाई

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए यह काफी काम की खबर है। अब सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को पढ़ाई के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि शैक्षणिक गतिविधियों या किसी जरूरी बात पर टीचर मोबाइल फोन का उपयोग कर सकते हैं। इसको लेकर पिछले दिनों काफी शिकायत सुनने को मिल रही थी उसके बाद अब यह एक्शन लिया गया है। दरअसल राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के दौरान मोबाइल के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। शिक्षक अपने मोबाइल को कार्यालय में जमा करेंगे या फिर बैग में साइलेंट मोड में रखेंगे। निरीक्षण के दौरान यदि शिक्षक मोबाइल का इस्तेमाल करते मिले तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। यदि छात्र भी शिक्षकों की शिकायत करते हैं



तो जांच के बाद एक्शन लिया जाएगा। इसको लेकर खुद शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने निर्देश जारी कर दिया है। मालूम हो कि पिछले दिनों सरकारी स्कूलों में शिक्षक द्वारा रिल बनाने पढ़ाने के दौरान बातचीत करने और व्हाट्सएप पर चैट करने की शिकायत छात्रों के तरफ से मिल रही थी। ऐसे में छात्रों का कोर्स भी समय पर पूरा नहीं हो पता था। इस रिपोर्ट में छात्रों को गणित, हिंदी उच्चारण सहित अन्य विषयों में भी कमजोड़ बताया गया था। इधर शिक्षा विभाग सभी स्कूलों में निरीक्षण करवा रहा है। इस दौरान स्कूल में सुविधा, पेयजल, परिसर, सफाई, शौचालय, छात्र और शिक्षक की उपस्थिति की भी जांच हो रही है। ऐसे में स्कूलों में अचानक निरीक्षण के दौरान कई स्कूलों में शिक्षक मोबाइल पर व्यस्त दिखे। जबकि छात्र क्लास या परिसर में घूम रहे थे। इसकी शिकायत निरीक्षण टीम ने मुख्यालय को दी। जिसके बाद स्कूल में शिक्षक समय में मोबाइल के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

# मां सरस्वती की प्रतिमा का नमन कर लिया आशीर्वाद



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**सोनबरसा ।** प्रखंड क्षेत्र में वसंत पंचमी के उपलक्ष पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना सोमवार को किया गया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के सभी उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय सभी निजी विद्यालयों समेत विभिन्न गांवों में विद्या की देवी मां शारदे की पूजा-अर्चना किया गया। सुबह से बच्चे एवं युवाओं ने पूजा पंडालों में जाकर मां सरस्वती की प्रतिमा का नमन कर आशीर्वाद लिया। सरस्वती पूजा को लेकर विशेष कर छात्र छात्राओं एवं युवाओं के खासा उत्साह देखने को मिला। प्रखंड के विभिन्न निजी, सार्वजनिक, सरकारी एवं गैर- सरकारी शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान महिला राजद प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल ने बताया कि सरस्वती पूजा बसंत पंचमी का एक विशेष महत्व है। आज ही के दिन से वसंत ऋतु की आगामन होता है। इस दिन विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती है। लोग पीले रंग का वस्त्र पहन कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हैं। कुछ लोग बसंत पंचमी को श्री पंचमी भी कहते हैं। बच्चों की शिक्षा प्रारंभ करने या किसी नई कला की शुरूआत के लिए इस दिन को काफी शुभ माना जाता है। मौके पर मधेसरा पैक्स अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार साह समेत अन्य मौजूद थें

# मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर समस्त जिले वासियो को दी हार्दिक बधाई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर समस्त जिले वासियो को दी हार्दिक ।बधाई।....... जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के अवसर पर समस्त जिले वासियो को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि लोग पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ ऋतुराज बसंत के आगमन पर बसंत पंचमी तथा ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा-आराधना करते हैं। डीएम ने जिलेवासियों से अपील किया है कि वे पारस्परिक सौहार्द के साथ इस पर्व को मनाएं। उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि यह पर्व समस्त जिलेवासियों के लिए सुख, शान्ति, समृद्धि और सौहार्द प्रदान करेगा।-

# दवा दुकानदार ने दवा वापस करने पर काटा 30 प्रतिशत राशि, पीड़ित ने सीएस से किया शिकायत

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। नगर थाना क्षेत्र के पंजाबी कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र महतो पिता विंदेश्वर महतो ने सिविल सर्जन को आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने लिखा है कि मैं अपने पोता अभिराज को दिनांक 05 जनवरी 2025 को डॉ ए के साहू से दिखाने गया था। उससे पहले भी कई बार मेरा उनके यहाँ आना जाना था जिस कारण डाक्टर साहब व उनके दवा दुकानदार के कर्मी मुझे व्यक्तिगत रूप से जानते थे। डाक्टर साहब ने मेरे पोता को देखा तथा दवा का पर्ची बनाकर दिया। डाक्टर साहब ने कहा कि दवा आपको मेरी ही दुकान से खरीदना पड़ेगा क्योंकि बाहर यह सब दवा कहीं नही मिलेगा। मै उनके कहने पर उनके ही दुकान से दवा खरीद किया। मैं दवा दुकानदार से दवा का बिल कैशमेमो का मांग किया तो वे एक कुट के टुकड़ा पर बिल दिया मेरे लाख



मांगने पर भी उसके द्वारा मुझे कैशमेमो नही दिया गया तथा मुझसे रूपया ले लिया। उस दवा से जब मेरा पोता ठीक नहीं हुआ तो मैं पुनः डाक्टर साहब से दिखलाया तो उनके द्वारा कहा गया कि मेरे द्वारा लिखे गये दवा को आप बन्द कर दिजिए। मैं दूसरा दवा लिख देता हूँ। मैं दिनांक 31 जनवरी 2025 को समय 6 बजे उनके दवा दुकान पर गया तथा कहा कि पूर्व के दवा को आप वापस लेकर मुझे रूपया वापस किजिए जिसपर वे कहे कि मै कोई दवा वापस नहीं करूँगा। तब में डाक्टर को इसकी शिकायत करने जा रहा था तो दवा दुकानदार अन्दर गया जहाँ डाक्टर साहब ने कहा कि 30 प्रतिशत काटकर रूपया वापस कर दिजिए। जिसपर मैं कहा कि 30 प्रतिशत राशि क्यों काटी जाएगी तो उसने कहा कि हरिजन हो हरिजन के तरह रहो पासी तासी होकर ज्यादा तेज मत बनो। उसने मुझे कुल राशि का 30 प्रतिशत काटकर रूपया वापस किया तथा उसका लिखित भी उसके द्वारा एक कुट पर ही लिखकर दिया। घटना के कुछ अंश का विडियों मेरे पास सुरक्षित है। उसने मुझे अनुसूचित जाति जानकार इस प्रकार का घटना किया है। घटना के समय मेरे साथ मेरा एक गेस्ट संजीव साह तथा वहाँ पर काफी मरीज व उनके परिजन उपस्थित थे। उपरोक्त घटना से मुझे आर्थिक, शारिरीक व मानसिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ा है। आवेदक ने सीएस से उक्त डाक्टर व उनके दवा दुकानदार के कर्मी पर उचित कारवाई करने की मांग की है। अब देखना है कि सदर अस्पताल समस्तीपुर के सिविल सर्जन क्या कदम उठाते हैं।

# अपने बच्चों को पहले धार्मिक फिर आधुनिक शिक्षा से लैस करें: कमर मिस्बाही



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मदरसा रजाऐ मुस्तफा मनियाडीह, पंडौल बुजुर्ग में वार्षिक पुरस्कार प्रतियोगिता के विजेताओं को Bsut के अध्यक्ष का संबोधन

सीतामढ़ी।अपने बच्चों को पहले धार्मिक फिर आधुनिक शिक्षा दें ताकि आपका बच्चा हाफिज, मौलाना, और मुफ्ती बनने के बाद डॉक्टर, इंजीनियर और वकील बनकर देश की सेवा कर सके।

ये बातें बिहार स्टेट उर्दू टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमर मिस्बाही ने पंडौल बुजुर्ग स्थित मदरसा रजाए मुस्तफा मनियाडीह में वार्षिक पुरस्कार प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर अपने भाषण में कहीं.

वहीं प्रोफेसर मोहम्मद सनाउल्लाह ने कहा कि

माता-पिता को राजनीतिक लक्ष्यों के बजाय अपने बच्चों की शिक्षा और प्रशिक्षण योजनाओं पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

मौलाना तहसीन रजा मिस्बाही दरभंगा ने कहा की जिस तरह से छोटे बच्चों और लड़कियों ने अपनी बातचीत में हदीसों के साथ संवाद और तर्क प्रस्तुत किया है वह संतोषजनक है।

इस संस्था के प्रमुख और समारोह के अध्यक्ष मौलाना आफताब आलम मिस्बाही ने कहा कि प्रतियोगिताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्र और छात्राओं की क्षमताओं का विकास करना और बच्चों की स्वप्न क्षमता को जागृत करना है।

निर्णायक के रूप में मौलाना मुबशशिर रजा मिस्बाही और मुफ्ती कलीम अहमद मिस्बाही ने भाग लिया।

विजेताओं में प्रथम मुहम्मद अमान रजा हैं,

द्वितीय आयत अली तृतीय रहमती खातून भाषण में मुहम्मद सनाउल्लाह प्रथम, मुहम्मद रजा द्वितीय तहसीन रजा तृतीय, भाषण में मुहम्मद शाहनवाज प्रथम, मुहम्मद सनाउल्लाह द्वितीय व मरियम खातून तृतीय, भाषण में मुहम्मद इबरान प्रथम, मुहम्मद अजहर द्वितीय व मुहम्मद अली हसन तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं।

समारोह कुरआन शरीफ की तिलावत से शुरू हुआ.सलातो सलाम के बाद मौलाना सलाहुद्दीन की दुआ पर समारोह का अन्त हुआ।

मौका पर मौलाना आफताब जियाई पूर्व परमुख जाकिर हुसैन अंसारी, पंडौल के मुखिया याजियाउल्लाह परवेज, मौलाना गुलाम सरवर, शबिहुल कमर, मुजम्मिल हुसैन, ज्याउल हक, इरशाद आलम, जियाउद्दीन मदनी, आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने वसंत पंचमी महोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**मो.सदरे आलम नौमानी**

सीतामढ़ीःकला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित वसंत पंचमी महोत्सव के अवसर पर शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान( डायट ) डुमरा, सीतामढ़ी के परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रिची पांडेय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इस अवसर पर जिला भूअर्जन पदाधिकारी विकास कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार धनंजय, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी बिरजू दास, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार साहू, जिला जन संपर्क अधिकारी कमल सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, जिले के गणमान्य नागरिक, कलाकार और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। डीएम ने अपने संबोधन में वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा यह पर्व ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती की आराधना का दिन है। ऐसे महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं ।उन्होंने कहा कि वसंत पंचमी खास



है क्योंकि यह दिन ज्ञान, संगीत और कला के क्षेत्र में सफलता प्राप्ति का दिन माना जाता है।इसके अलावा, यह दिन वसंत ऋतु की शुरूआत का प्रतीक होता है, जब प्रकृति नई ऊर्जा और जीवन से भरपूर होती है ।महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल-कॉलेज के छात्रों और स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। लोकगीत, नृत्य और कविताओं ने दर्शकों का मन मोह लिया।जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री बिरजू दास के द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत किया गया ।तत्पश्चात प्रियंका कुमारी और ग्रुप के द्वारा स्वागत किसकी प्रस्तुति की गई ।वही संगीत शिक्षक राहुल राजा के द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई जिले के नामचीन कलाकार प्रियंका मिश्रा के द्वारा सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति की गई। वही संगीत शिक्षिका आस्था परिहस्त के द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति से दर्शक भाव विभोर हो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अन्य कलाकारों के द्वारा भी आकर्षक प्रस्तुतियां की गई।सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिले के मशहूर एंकर नवनीत कुमार के द्वारा मंच संचालन का कार्य किया गया।

# पटना: कंकरबाग में इंटरनेशनल कंपनी मार्क बेरिंग के क्षेत्रीय कार्यालय का भव्य उद्घाटन, सम्मानित हुए कई प्रतिष्ठित मीडिया कर्मी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
चंद्रकिशोर पासवान

- मौके पर महामहिम राष्ट्रपति के प्रिंसिपल सेक्रेटरी आईएएस आलोक रंजन घोष मौजूद

पटना। पटना के कंकरबाग में इंटरनेशनल कंपनी मार्क बेरिंग के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति के प्रिंसिपल सेक्रेटरी आईएएस आलोक रंजन घोष, पटना के एडीएम पुष्पेश सर, खगड़िया के एडीएम विमल कुमार सिंह, बिहार सरकार के विशेष सचिव भूपेंद्र यादव, सचिव ब्रजकिशोर चौधरी और दार्शनिक शंभू कुमार समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर मीडिया जगत की कई नामचीन हस्तियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हिन्द दर्पण के प्रबंध संपादक मेराज हसन, मिडिया दर्शन के बेगूसराय प्रभारी मनीष कुमार, हिन्द दर्पण के पटना ब्यूरो फहीम आलम, बेगूसराय ब्यूरो चंद्रकिशोर और मनमोहन कुमार के साथ बिहार हैडलाइन के सत्यजीत को मार्क बेरिंग के एमडी मनसुख मंडविया एवं कंपनी के सीईओ ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनीष कुमार ने मंच संचालन की जिम्मेदारी मनोरंजक और प्रभावशाली तरीके से निभाई, जिसे उपस्थित अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारियों ने अपने भविष्य की योजनाओं को साझा करते हुए कहा कि यह क्षेत्रीय कार्यालय बिहार में व्यापारिक गतिविधियों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आयोजन में विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इसे और अधिक गरिमामय बना दिया। कंपनी ने पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मीडिया की भूमिका अहम है। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मशरक बनेगा अनुमंडल और गोढ़ना बनेगा प्रखंड, तरैया विधायक ने दी जानकारी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पांकज कुमार सिंह**

मशरख प्रखंड संवाददाता, पबिहार विधानसभा के सता पक्ष के मुख्य उप सचेतक व तरैया विधायक जनक सिंह ने मीडिया को बताया कि जिले का मशरक अनुमंडल बनेगा वहीं गोढ़ना को प्रखंड बनानें का प्रस्ताव बिहार विधानसभा के फरवरी में चलने वाले विधानसभा सत्र में उनके द्वारा रखा जाएगा, वहीं इस मुद्दे पर वे पहले ही सरकार में मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री के सामने अपना पक्ष रखा, जिस पर उनके द्वारा सकारात्मक जवाब आया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दे पर लगातार आगे बढ़ रही है।



# आत्मा के तत्वाधान में किसान मेला सह कृषि उत्पाद प्रदर्शनी 5-6 फरवरी को

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी । कृषि विभाग आत्मा के तत्वाधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। मुरादपुर स्थित कृषि प्रक्षेत्र प्रांगण में 5-6 फरवरी को उक्त आयोजन होगा।

उक्त मेला में आत्मा द्वारा किसान बंधुओ से अपील की गई है कि अपने-अपने क्षेत्र में उत्पादित किए गए उत्कृष्ट कृषि उत्पाद को प्रदर्शनी में भाग लेकर पुरस्कृत होने एवं प्रशस्ति पत्र पाने का लाभ उठाएं। प्रत्येक प्रदर्श के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले किसानों को पुरस्कृत राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। अन्य किसानों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। किसान मेला में अधिक से अधिक संख्या में अपने प्रदर्श फल फूल सब्जी से संबंधित उत्पाद के साथ भाग लेकर इनाम एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने का लाभ उठाएं।

पूसा। डॉ.राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि, पूसा में 15 से 17 फरवरी तक प्रस्तावित किसान मेला को लेकर तैयारी जोरो पर है। मेला का मुख्य विषय है जलवायु अनुकूल कृषि। किसान मेला की तैयारियों को लेकर कुलपति डॉ.पीएस पाण्डेय के मार्गदर्शन में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ मयंक राय और जलवायु अनुकूल कृषि के प्राध्यापक डॉ.रत्नेश झा के नेतृत्व में 25 से ज्यादा कमिटी मेले की शत-प्रतिशत सफलता को लेकर कार्य में जुटी है। इस संदर्भ में विवि के कुलपति डॉ.पीएस पांडेय ने कहा कि जलवायु परिवर्तन देश-दुनिया की बड़ी समस्याओं में शामिल है। इससे निपटने के लिए किसानों और वैज्ञानिकों को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि किसान मेला में विभिन्न राज्यों के डेढ़ सौ से ज्यादा स्टॉल और प्रदेशों के आने की संभावना है। निदेशक प्रसार शिक्षा ने कहा कि मेला को सफल बनाने को लेकर दिन रात युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। इस वर्ष 25 हजार से अधिक किसानो के आने की संभावना है। किसान मेला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व विवि से जुड़े संस्थानो के अलावा उद्यानिकी, बीज, पेड़ पौधे, कृषि यंत्र समेत आधुनिक तकनीक व कृषि से जुड़े स्टॉल लगाये जा रहे हैं। डॉ.रत्नेश झा ने कहा कि मेला के लिए स्टालों की बुकिंग शुरू हो गई है।

# खिदमत ट्रस्ट ने मादरसा के 30 बच्चों में कपड़े बांटे



**मो. सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:** खिदमत ट्रस्ट ऑफ इंडिया (रजिस्टर्ड) बिरार थाना नानपुर जिला सीतामढ़ी की जानिब से दारूल उलूम अजीजिया बिरार के होस्टल में रह रहे 30 विद्यार्थी ( बच्चों ) को कुर्ता पजामा सीला हुआ और एक मसनून दुआ की किताब दी गई इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष टोफेल अहमद हकीमी ने कहा के खिदमत ट्रस्ट के द्वारा लोगों की सेवा कर खुद को गौरवान्वित महसूस करता है ट्रस्ट अपने बजट के अनुसार सेवा से संबंधित विभिन्न कार्यों करतीं चली आ रही है इस मदरसा के बच्चों के बीच कपड़ा वितरण करके उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है आगे भी जरूरत मंदों के बीच राहत का कार्य करते रहेंगे

# सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
चंद्रकिशोर पासवान

बखरी/बेगूसराय/विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा बखरी नगर एवं प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से सोमवार को मनाया गया ।इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं पूजा पंडालों में माता सरस्वती की पूजा श्रद्धापूर्वक की गई, तथा आकर्षक ढंग से सजाया गया ।सरस्वती स्थान रामपुर एवं सलौना, युवा रेड रोज क्लब, जय सरस्वती संघ, श्री विश्वबंधु पुस्तकालय, टीचिंग सेंटर, आदर्श कोचिंग सेंटर, अपना बचपन प्ले स्कूल सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों ने वीणावादिनी की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की। वही कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जबकि इस दौरान एसडीएम सन्नी कुमार सौरव, एसडीपीओ कुंदन कुमार, बीडीओ महेशचंद्र, थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर फैसल अहमद अंसारी, एसआई उदय शंकर कुमार, कुंदन कुमार सिंह, अर्चना झा, पुष्पलता, अशोक कुमार सिंह, हरेंद्र राम, राजेंद्र राम, एएसआई उमेश यादव एवं पुलिस बल के जवान गश्ती करते दिखे। तथा प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

# विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी/बेगूसराय/बखरी पुलिस ने एक युवक को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर फैसल अहमद अंसारी ने बताया कि खगड़िया जिला के गंगौर थाना क्षेत्र के सुंगठिया निवासी राजाराम सदा के पुत्र रामदयाल कुमार को 750 एमएल के चार बोतल विदेशी शराब के साथ गोढ़ियारी ढाला के समीप से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# राजद नेत्री रितु के पहल पर विभिन्न गांवों में मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन लगातार जारी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी। महिला राजद की प्रदेश अध्यक्ष सह परिहार विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रितु जायसवाल की पहल पर पं श्रीराम शर्मा आचार्य मृत्युंजय आयुर्विज्ञान ट्रस्ट के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का परिहार प्रखंड के बेतहा चौक पर आयोजन किया गया। जांच शिविर में डॉ अजय कुमार ने लोगों के आंख का जांच किया। शिविर में काफी संख्या में महिला एवं पुरूषों ने भाग लिया। शिविर में 125 लोगों का आंख जांच किया गया। जिसमें 25 मरीज मोतियाबिंद के पाये गए। जांचोपरांत मोतियाबिंद के मरीज पाये जाने वालों का निःशुल्क ऑपरेशन



आचार्य सुदर्शन अस्पताल में किया जाएगा। वहीं दवा, लेंस, चश्मा भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर श्रीमती जायसवाल ने कहा कि आंख की क्षमता खोने से जीवन की गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ सकता है। दैनिक जीवन मुश्किल हो सकता है। उन्होंने कहा कि आंख आस पास की दुनिया को देखने एवं दैनिक जीवन की गतिविधियों को पूरा करने में आंख मदद करती है। गरीब व जरूरतमंद लोगों के मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन हो इसके लिए लगातार विभिन्न गांवों में पं श्रीराम शर्मा आचार्य मृत्युंजय आयुर्विज्ञान ट्रस्ट द्वारा शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। ग्रामीणों ने रितु के पहल की सराहना करते हुए कहा कि संसाधन की कमी से ऑपरेशन कराने में असमर्थ लोगों का रितु के प्रयास से ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है। इनके प्रयास से ट्रस्ट द्वारा पिछले दिनों परिहार प्रखंड के परवाहा व चक्की मयुरवा में भी निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर में मोतियाबिंद पाये गए मरीजों का ऑपरेशन कराया गया था।

# मो. फिरोज के घर कटैया गांव में मिलने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मौलाना ने रो रो कर सुनाया सारी बातें



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मो. अबु बकर सिद्दीकी

मधुबनी के बेनीपट्टी कटैया गांव में मिलने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, अब्दुल बारी सिददीकी ,अली अशरफ फातमी ,डा.फैयाज अहमद

मधुबनी जिला के बेनीपट्टी अनुमंडल क्षेत्र के कटैया गांव में मिलने बेनीपट्टी मधुबनी पहुंचे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, अब्दुल बारी सिददीकी ,अली अशरफ फातमी ,डा.फैयाज अहमद एवं अब्दुल कुदूस, आरिफ अंबर जिलानी,

मो0 फिरोज, पिता-मो0 युनुस, ग्राम+पोस्ट-कटैया,थाना-बेनीपट्टी रो रो कर बयान देते हुए सुनने वाले के भी रोटे खड़े हो गए ऐसा बर बरता सामने आया जो इंसानियत को झीं झोड़ दिया यहां के लोगों का कहना है कि मौलाना फिरोज के साथ जिस तरह से उनके साथ जुल्माना हरकत किया गया शायद ऐसा किसी जानवर के साथ भी ऐसा नहीं किया जाता होगा अब सभी को इंतजार है कि इस मोहम्मद फिरोज को इंसाफ कब मिलेगा ?

गियात हो कि पिछले दिन मधुबनी जिला के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें मो0 फिरोज, पिता-मो0 युनुस, ग्राम+पोस्ट-कटैया, थाना-बेनीपट्टी, जिला-मधुबनी के द्वारा बेनीपट्टी थाना के विरूद्व मोटरसाईकिल चेकिंग के दौरान मारपीट करने एवं अन्य कतिपय आरोप लगया गया हैं। मो0 फिरोज दिनांक-01.02.2025 को पुलिस कार्यालय, मधुबनी में आकर पुलिस अधीक्षक, मधुबनी से मिलकर सारी बात बतायी।इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय), मधुबनी को जॉचकर रिर्पोट समर्पित करने का निर्देश दिया गया था

इस संदर्भ में पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय), मधुबनी ने सी0सी0टी0भी0 फूटेज का अवलोकन कर, बेनीपट्टी थाना के पदाधिकारी/कर्मी, मो0 फिरोज एवं अन्य साक्षी का बयान लेकर जॉच रिर्पोट समर्पित कि गई है।

प्रथम द्दष्टया में 1. स0अ0नि0 मुकेश कुमार, 2. हवलदार रंजीत, 3. सिपाही-557 विक्रम कुमार, 4. चौकीदार सुरेश पासवान एवं 5. चौकीदार सुरदीप मंडल बेनीपट्टी थाना को दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पुलिस केन्द्र, मधुबनी में योगदान करने का निर्देश गया है तथा परि0 पुलिस उपाधीक्षक, गौरव गुप्ता को थानाध्यक्ष, बेनीपट्टी थाना से स्थानांतरित करते हुए पुलिस कार्यालय, मधुबनी में योगदान देने का आदेश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे ने शुरू की अगले चरण की तैयारी, इन विशेष ट्रेनों के जरिए प्रयाग से जुड़ेगा दक्षिण

**महाकुंभ नगर, एजेंसी।** महाकुंभ में यात्रियों के आवागमन के लिए रेलवे ने अगले चरण की तैयारी शुरू कर दी है। दक्षिण भारत को प्रयाग से जोड़ने के लिए कई विशेष ट्रेनें शेड्यूल की जा रही हैं। इसमें छह ट्रेनों की समय सारिणी जारी कर दी गई है। जबकि कुछ ट्रेनों की समयावधि में विस्तार भी दिया जाएगा।

**यात्रियों की सुविधा के लिए अभी आगे और चलाई जाएंगी विशेष ट्रेनें:** इसमें गोरखपुर से वाया प्रयागराज विशाखापट्टनम के लिए विशेष ट्रेन का संचालन होगा। पुरी से टुंडला के बीच ट्रेन वाया प्रयागराज होकर चलेगी। भुवनेश्वर से भी एक ट्रेन का संचालन वाया प्रयागराज टुंडला के लिए किया जाएगा।

इसके अलावा दिल्ली से पटना, चेर्लापल्ली से दानापुर, बीदर से चेर्लापल्ली के बीच विशेष ट्रेन का संचालन वाया प्रयागराज छिवकी से होगा। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए अभी आगे और विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।

### ट्रैक्टर के नीचे दबने से किशोर की मौत, न शव पोस्टमार्टम को भेजा और न दी पुलिस को सूचना

**हाथरस, एजेंसी।** गत रात्रि ईदगाह के पास जेसीबी से मिट्टी खनन का काम हो रहा था। मोहित यादव का भाई ट्रैक्टर चला रहा था और मोहित उसके साथ था। अचानक ट्रैक्टर चलाते समय मोहित ट्रैक्टर की चपेट में आ गया । उसकी ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई।

ट्रैक्टर के नीचे दबने से किशोर की मौत हो गई। परिवार वालों ने न तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और न ही इसकी सूचना पुलिस को दी। किशोर की मौत से परिवार में मातम छा गया है।

हसायन कस्बा के वनखंडेश्वर मंदिर के पास रहने वाले सत्यपाल सिंह यादव का 15 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार मिट्टी खनन के लिए ट्रैक्टर पर काम करता था। गत रात्रि ईदगाह के पास जेसीबी से मिट्टी खनन का काम हो रहा था। मोहित यादव का भाई ट्रैक्टर चला रहा था और मोहित उसके साथ था। अचानक ट्रैक्टर चलाते समय मोहित ट्रैक्टर की चपेट में आ गया । उसकी ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई।

मृतक किशोर के परिवार वालों ने न तो हादसे की सूचना पुलिस को दी और न ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मोहित की मौत से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

### यूपी में जन सूचना अधिकार के तहत जवाब देने में बरेली पुलिस सबसे आगे, प्रयागराज फिसड्डी

**बरेली, एजेंसी।** जन सूचना अधिकार के तहत सूचना देने में बरेली पुलिस सबसे आगे हैं। पुलिस के पास कोई भी जनसूचना आवेदन लंबित नहीं है। जन सूचना अधिकार (आरटीआई) के तहत पुलिस विभाग से मांगी गई सूचनाओं की मुख्यमंत्री कार्यालय ने समीक्षा की है। इसके आंकड़े भी जारी किए गए हैं। बरेली, आजमगढ़, इटावा और कुशीनगर समेत दस जिले ऐसे छांटे गए हैं, जिनके पास कोई भी जनसूचना आवेदन लंबित नहीं है। टॉप टेन जिलों की सूची में भी बरेली पहले नंबर पर है। वहीं ऐसे डिफाल्टर दस जिलों की भी एक और सूची जारी की गई है जो तय समय 30 दिन के अंदर सूचनाएँ नहीं दे सके हैं। इनमें प्रयागराज जिले की पुलिस 973 जन सूचनाएं दबाकर सबसे फिसड्डी है। मेरठ ने 702, लखनऊ ग्रामीण में 421, मथुरा पुलिस ने 294 सूचना दबा ली हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से इन जिलों के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताई गई है।

### चलती ट्रेन पर चढ़ते समय गिरे दो यात्री, आरपीएफ के जवानों ने दौड़कर बचाई जान

**चंदौली, एजेंसी।** पीडीडीयू नगर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के जवानों की सतर्कता से दो यात्रियों की जान बच गई। चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान दोनों यात्री गिर गए और प्लेटफॉर्म व ट्रेन के बीच में गिरने लगे। यह देख दौड़कर जवानों ने दोनों को बचा लिया। पीडीडीयू नगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर रविवार की रात चलती ट्रेन पर चढ़ते समय दो यात्री नीचे गिर पड़े।

## गोरखपुर में भीषण सड़क हादसा, महाकुंभ से आ रही तेज रफ्तार बस खड़ी ट्रक से टकराई, 12 यात्री घायल



**गोरखपुर, एजेंसी।** गीडा के बाघागाड़ा में देर रात ढाई बजे तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में 12 यात्री घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बस प्रयागराज से आ रही थी।

आरोप है कि चालक को झपकी आ गई और बस अनियंत्रित होकर सड़क कनिारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। बस में बैठे 12 यात्री घायल हो गए, जिसमें सात को हल्की चोटें आई थीं, जो अस्पताल न जाकर वहीं से घर चले गए।

वहीं पांच को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सभी का उपचार कयिा जा रहा है। जिला अस्पताल पहुंचने वाले घायलों में आजमगढ़ की राधिका, नेपाल नवलपरासी के अनिल डोमरे, प्रभू शरण, संतकबीरनगर के मूरली और महराजगंज के कमलेश शर्मा ने बताया कि दुर्घटना के समय अधिकतर यात्री सो रहे थे।

इसके अलावा यात्रियों ने आरोप लगाया कि चालक को भी झपकी आ गई थी जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। बस की गति धीमी होने से बड़ा हादसा होने से बच गया।

इस दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे राप्ती नगर डिपो के एआरएम एके सिंह ने बताया कि शनिवार को प्रयागराज से 50 श्रद्धालुओं को लेकर रोडवेज की बस चली थी। बाघागाड़ा ओवरब्रिज जीतपुर के पास ट्रक खड़ा था, अंधेरा होने से खड़ी ट्रक में बस टकरा गई।

नगर पंचायत घघसरा में रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में मां-बेटी समेत तीन महिलाएं घायल हो गईं। इसमें स्थानीय निवासी शोहबाती देवी और संतकबीरगनर के नंदौर कस्बा निवासी सावित्री देवी का पैर टूट गया है। सीएचसी ठर्रापार के चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

वहीं शोहबाती देवी की बेटी पूजा का उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया। शोहबाती और पूजा पड़ोसी के घर दूध लेने के लिए जा रही थी और सावित्री वहीं खड़ी थी। इसी बीच एक आटो उनके ऊपर पलट गया।

बेलघाट~ थाना क्षेत्र के बभनौली नौकापुरवा गांव में शनिवार की देर रात तमंचा लेकर एक चोर श्रीराम मौर्य के घर में घुस गया। आहट सुनकर उनकी नींद खुल गई। उन्होंने पकड़ने की कोशिश की तो चोर ने उन पर हमला कर दिया। इससे उसके शरीर पर चोट लगी है।

शोर सुनकर परिजन व गांव के लोग मौके पर पहुंचे और चोर को पकड़ लयिा। गांव वालों ने आरोपित के पास से तमंचा बरामद किया और डायल 112 नंबर व पुलिस को सूचना दी। पुलिस की पूछताछ में तमंचा के साथ पकड़ाए युवक ने अपना नाम मोनू यादव निवासी मकरहा थाना बेलघाट बताया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट व चोरी का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## मधुबनी जिला में पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ ऋतुराज बसंत के आगमन सरस्वती की

### पूजा-आराधना करते हैं.पोल स्टार स्कूल मधुबनी के निर्देशक

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
अबु बकर सिद्दीकी

मधुबनी जिला में पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ ऋतुराज बसंत के आगमन पर बसंत पंचमी तथा ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती* की *पूजा-आराधना करते हैं बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर पोल स्टार स्कूल मधुबनी के निर्देशक कैलाश भरद्वाज ने समस्त जिले वासियो को दी हार्दिक ।बधाई। पोल स्टार स्कूल मधुबनी के निर्देशक कैलाश भरद्वाज ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के अवसर पर समस्त जिले वासियो को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि लोग पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ ऋतुराज बसंत के आगमन पर बसंत पंचमी तथा ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा-आराधना करते हैं। पोल स्टार स्कूल के डायरेक्टर कैलाश भरतद्वाज ने आशा व्यक्त किया है कि सभी छात्र-छात्रा पर माता रानी का आशीर्वाद रहे ।

### व राणसी-प्रयागराज रूट की चौ ी चौरा व इंटरसिटी सहित 16 ट्रे ं निरस्त, इस वजह से रेलवे ने उठाया यह कदम

**ग ोरखपुर, एजेंसी।** बसंत पंचमी स्नान पर्व क े दौरान ही रेलवे ने वाराणसी और प्रया ग राज रूट पर दो से पांच फरवरी तक चौरी चौरा और इंटरसिटी सहित 16 ट्रेनों को न िरस्त कर दिया है। इस दौरान कई ट्रेनें मार्ग बदलकर चलाई जाएंगी। दादर एक्स प्रेस वाराणसी की जगह लखनऊ के रास्ते चलाई जाएगी।

क ृषक एक्सप्रेस सहित कुछ ट्रेनें रास्ते में रुकत े हुए चलेंगी। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भ ीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सतर्क ता बरतनी शुरू कर दी है। बसंत पंचम ी के प्रमुख स्नान पर्व पर भी नियमित सहित स्पेशल ट्रेनों को भी निरस्त कर दिया है। ज ानकारों का कहना है कि महाकुंभ में अभी भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु फंसे हैं। बनार स-प्रयागराज रेलमार्ग पर अभी भी ट्रेनें सरक रही हैं। ट्रेनें प्रयागराज रामबाग और झूसी स्टेशनों से सिर्फ महाकुंभ से वापस होने व ाले श्रद्धालुओं को लेकर ही रवाना हो रही ह ैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधि कारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य परिचालनिक कार ों से गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मि नेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं मार्ग परिव र्तन किया गया है।

### यूपी में अपराध पर लगेगा लगाम, पशु तस्करों की जिलेवार बनेगी लिस्ट, खुलेगी हिस्ट्रीशीट

**गोरखपुर, एजेंसी।** पशु तस्करों की अब एक-एक हरकत पुलिस की रडार पर होगी। हर जिले की पुलिस के पास इनकी पूरी कुंडली तैयार होगी, ताकि जरूरत पड़ने पर न सिर्फ कार्रवाई हो, बल्कि ये अपराधी कानून के शिकंजे से बच न सकें। गोरखपुर में भी 47 पशु तस्कर चिन्हित हुए हैं।

पशु तस्करों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान शुरू हो चुका है। हर जिले में तस्करों की सूची तैयार की जा रही है, उनके रिकॉर्ड की जांच हो रही है और हिस्ट्रीशीट खोली जा रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पश्चिम यूपी के कुख्यात तस्कर अब पूर्वांचल में अपने पैर पसार रहे हैं।

डीआइजी रेंज ने ऐसे तस्करों की पूरी जानकारी जुटाकर उनके जिलों के पुलिस कप्तानों को पत्र भेजा है और हिस्ट्रीशीट खोलने का निर्देश दिया है। सूची में गोरखपुर जिले के रहने वाले 47 पशु तस्कर हैं जो दूसरे जिले में जाकर अपराध कर रहे हैं।

दरअसल, बिहार बॉर्डर के जिले पशु तस्करों के लिए सबसे सुरक्षित ठिकाना बन गए हैं। बिहार में गोवध अधिनियम को सख्ती से लागू नहीं किया जाता, जबकि उत्तर प्रदेश में इस पर कड़ी कार्रवाई होती है। ऐसे में तस्कर यूपी से जानवरों को बिहार में ले जाकर आसानी से बच निकलते हैं। पुलिस की जांच में सामने आया है कि देवरिया और कुशीनगर जैसे जिले, जो बिहार से सटे हैं, पशु तस्करों के लिए सबसे ज्यादा मुफीद साबित हो रहे हैं।

सिर्फ हिस्ट्रीशीट खोलने तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी। पुलिस अब गुप्त तरीके से तस्करों की संपत्ति की जानकारी भी इकट्ठा कर रही है। मकसद साफ है,जिसने अवैध कमाई से दौलत जुटाई है, उसकी संपत्ति जब्त होगी। इसके अलावा, तस्करों के रिश्तेदारों पर भी नजर रखी जा रही है।

## वजन कम करने के लिए दवाई ऑनलाइन मंगाकर खाने से चली गई जान

**बागपत, एजेंसी।** किसान मजदूर संगठन के जिला उपाध्यक्ष फुरकान पहलवान (40) का दवाई खाने के बाद वजन तो कम हुआ, लेकिन किडनी खराब हो गई। छह महीने में ही उनकी मौत हो गई।



वजन कम करने की चाहत में अगर आप दवाई खाते हैं तो उससे जान भी जा सकती हैं। बागपत की माता कालोनी के रहने वाले किसान मजदूर संगठन के जिला उपाध्यक्ष फुरकान पहलवान (40) के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। वजन कम करने को सोशल साइट पर विज्ञापन देखकर ऑनलाइन दवाई मंगवाई। उस दवाई को खाने से किडनी खराब हो गई और रविवार को उनकी मौत हो गई।

फुरकान का वजन बढ़ने लगा था और पेट बाहर निकलने लगा। उन्होंने सोशल साइट पर वजन कम करने की दवाई का विज्ञापन देखा। उस दवाई को छह महीने पहले मंगवा भी लिया। दवाई करीब एक महीने तक खाने के बाद वजन तेजी से कम होने लगा, मगर शरीर पर इसका प्रतिकूल प्रभाव दिखाई दिया। उनके पेट में दर्द हुआ तो परिवार वालों ने दवाई दिलवाई। उससे आराम नहीं मिला तो दिल्ली के एम्स में लेकर पहुंचे।

फुरकान के भाई इरफान ने बताया कि वहां जांच करने पर चिकित्सकों ने उन्हें बताया कि उन्होंने कोई गलत दवाइयां खाई हैं। इसके बाद फुरकान ने वजन कम करने को ऑनलाइन दवाई मंगवाकर खाने की बात बताई तो चिकित्सकों ने कहा कि उसी दवाई से उनकी किडनी खराब हुई है। पिछले कई महीने से फुरकान का उपचार चल रहा था, मगर हालत में सुधार नहीं हुआ। डायलिसिस भी शुरू कराई तो उससे भी फायदा नहीं हुआ। रविवार को फुरकान की मौत हो गई। फुरकान पहलवान पहले सपा में नगर अध्यक्ष व जिला सचिव के पद पर रहे। उनके निधन का पता चलने पर चेयरमैन राजुद्दीन, रालोद नेता डा. शकील अहमद, सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, आकिल राजपूत, वसीम खोखर, डा. शराफत अली, महफूज पहलावन आदि शोक जताने पहुंचे। जिला अस्पताल के फिजिशियन डा. दीपक कुमार ने बताया कि इस तरह से सोशल मीडिया पर लुभावने विज्ञापन देखकर कभी दवाई नहीं लेनी चाहिए। पहले चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए और उसके बाद ही कोई दवाई खानी चाहिए। वह कहते हैं कि दवाइयों से वजन नहीं घटता है। खानपान में सुधार और व्यायाम करने से वजन कम किया जा सकता है।

## महाकुंभ यात्रियों स े वसूला जा रहा था मनमाना किराया

### अब पुलिस ने 35 वाहन ों का किया चालान; 22 सीज

**वाराणसी, एजेंसी।** महाकुंभ में शामिल होने के लिए पूरे देश से लोग प्रयागराज आ रहे हैं। उसमें से लाखों श्रद्धालु श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में बाबा के दर्शन और गंगा स्नान के लिए काशी आ रहे हैं। बाहर से आने वाले लोगों को शासन-प्रशासन, सामाजिक संगठन आश्रय और भोजन प्रदान कर रहे हैं। इसके विपरीत कुछ लोग पुण्य लाभ के लिए आए लोगों को ठगने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसका संज्ञान लेते हुए परिवहन प्रशासन ने 22 वाहनों को सीज व 35 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है।

शहर में श्रद्धालुओं से आटो रिक्शा व ई-रिक्शा निर्धारित किराए से अधिक किराया ले रहे हैं। इसकी लगातार शिकायत के फलस्वरूप परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के सहयोग से एक



संयुक्त अभिय ान चलाया गया। इसमें अधिक किराय ा वसूल किए जाने एवं वाहनों में अन्य कमी पाए जाने पर कुल 22 वाहनों क ो बंद किया गया। 35 वाहनों का चाल ान किया गया।

अधिकारियों ने कहा यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। इस कारण आटोरिक्शा, ई-रिक्शा चालक अधिक किराया वसूल न करें नहीं तो उनके खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनके वाहन के परमिट व लाइसेंस के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुधांशु रंजन, राजकुमार, अखिलेश पांडेय आदि ने कार्रवाई की। साथ ही पुलिस विभाग के अनुराग त्यागी, यातायात निरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। रिक्शा यूनियन एवं ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों ने निर्धारित किराया लेने की अपील की।

वसंत पंचमी के लिए रेलवे ने तैयारियों की किलाबंदी की है। बनारस रेलवे स्टेशन से 20 हजार श्रद्धालु महाकुंभ स्नान के लिए चार स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज को जाएंगी। वाराणसी कैंट से खाली तीन रैक को दुरुस्त कराकर श्रद्धालुओं को प्रयागराज भेजा व लाया जाएगा। बनारस रेल मंडल के झूंसी और रामबाग रेलवे स्टेशन में सीनियर डीसीएम शेख रहमान खुद वाणिज्यकर्मियों की टीम के साथ दोनों ही स्टेशन पर जमे हुए हैं।



# देसी नहीं इस बार कोरियन खिचड़ी खाकर रहें फिट

**क्या किसी टीवी शो में खिचड़ी को देखकर आप इतना टेंप्ट हो सकते हैं कि उसे बनाने के बारे में सोचें? नहीं न... पर मैं हुई थी, जब मैंने कोरियन ड्रामा देखा था। वैसे तो हर कोरियन ड्रामा देखने के बाद, उसमें दिखाई गई डिशेज को खाने का मेरा बड़ा मन करता है, लेकिन यह कुछ अलग था। खिचड़ी कोई कैसे इतनी टेंप्टिंग बना सकता है कि उसे देखकर ही खाने का मन कर जाए। इस रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा में सिर्फ लीड एक्टर्स की ही केमिस्ट्री आपको पसंद नहीं आएगी, बल्कि इसके अलावा बहुत चीजें हैं जो आपको ड्रामा से बांधकर रखेंगी। उन्हीं में से एक ही, शो में दिखाई गई तमाम खाने-पीने की चीजें।**

जिस डिश ने मेरा सबसे ज्यादा ध्यान खींचा वो खिचड़ी थी। दरअसल, शो में एक सीन है जहां एक्टर की तबीयत खराब हो जाती है। तब लीड एक्ट्रेस उससे मिलने आती है। वो देखती है कि एक्टर बुखार में तप रहा है। वो उसकी दवा करके उसके लिए एक लाइट मील बनाती है, जो दक जुक है यानी खिचड़ी। मैंने इस रेसिपी को जब देखा था, तो मेरा बड़ा मन किया था कि इसे ट्राई करूं। ट्राई किया भी तो और अब मैं कभी-कभी इसी रेसिपी को बनाती हूं। यह शो बीते दिनों फिर से देखा, तो सोचा आपके साथ भी इस रेसिपी को शेयर करूं। इसके बारे में आपको विस्तार से बताऊं। आइए इस आर्टिकल में और हमारी के-ऑब्सेस्ड सीरीज में आपको एक नई और लोकप्रिय डिश के बारे में बताएं।

## क्या है जुक?

जैसे हमारे यहां खिचड़ी बनती है। कोरिया में भी चावल की खिचड़ी बनाई जाती है, जो कई सारे फॉर्म्स में तैयार की जाती है। इसमें तरह-तरह की सब्जियां डाली डा सकती है। वहीं, इसे चिकन के साथ भी बनाया जाता है। इसके टेक्सचर भारतीय खिचड़ी की तरह ही सॉफ्ट होता है और फ्लेवर भी अन्य कोरियन डिशेज से काफी हल्का होता है। सब्जियों से तैयार इस रेसिपी में चिकन के टुकड़ों भी डाला जाता है। यह एक हल्की और हेल्दी मील होती है, जो आपके शरीर को पूरा पोषण देती है। इसे बनाने से पहले चावलों को तेल में कुछ देर के लिए सॉते किया जाता है और फिर ब्रॉथ इसमें डाला जाता है। यह आपको इटैलियन रिजॉतो की तरह लग सकता है।

### दकजुक बनाने के लिए सामग्री

- 1 कप छोटे चावल
- 500 ग्राम चिकन
- 5-6 लहसुन
- 1 छोटा इंच टुकड़ा अदरक
- 2 हरे प्याज
- 1 बड़ा चम्मच तिल का तेल
- 1 छोटी गाजर, बारीक कटी हुई
- 1 छोटा प्याज, बारीक कटा हुआ
- 1 जुकिनी, बारीक कटी हुई
- नमक स्वादानुसार

### दकजुक बनाने का तरीका

- सबसे पहले चावलों को साफ करके 3-4 बार धो लें और फिर एक कटोरे में 1 घंटे के लिए भिगोकर रख दें।
- अब एक बड़े पतीले में 4 कप पानी डालकर उसे गर्म करने के लिए रख दें। जब पानी में एक उबाल आ जाए, तो उसमें लहसुन, अदरक, हरा प्याज डालकर धीमी आंच पर पका लें। इसे ढककर कम से कम 30 मिनट के लिए पकाएं।
- 30 मिनट बाज टिकन को अलग निकाल लें और फिर पानी को छानकर अलग रख लें।
- अब एक कुकर में तेल गर्म करें और उसमें चावल को छानकर डालें। इसे धीमी आंच पर 3-4 मिनट के लिए अच्छी तरह से सॉते करें। अब इसमें गाजर, प्याज और जुकिनी डालकर भूनें। जब सब्जियां सॉफ्ट हो जाएं, तो उसमें नमक डालकर अच्छी तरह हिलाएं और फिर ढककर 2 मिनट पकाएं।
- इसमें 1 लीटर ब्रॉथ डालें और अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे एक बार सिमर होने दें और फिर तब तक पकने दें, जब तक खिचड़ी सॉफ्ट और गाढ़ी नहीं हो जाती।
- चिकन को अच्छी तरह से श्रेड कर लें। उसकी हड्डियां निकालकर फेंक दें। अब गाढ़ी हुई खिचड़ी में थोड़ा सा ब्रॉथ और डालें। इसमें हरा प्याज, लहसुन और श्रेडेड चिकन डालकर मिक्स करें और 4-5 मिनट और पकाएं।
- आखिर में ऊपर से तिल डालकर गार्निश करें और गर्मागर्म पौष्टिक खिचड़ी का मजा लें। सर्दियों में यह लाइट मील एक भरपूर भोजन का काम करेगी और आपको स्वस्थ रखेगी।
- अगर आप इसमें चिकन न डालना चाहें, तो इसे बिना चिकन के खूब सारी सब्जियों के साथ बना सकते हैं।



# बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर

## करेगा निर्णय की सही गणना

घर के हिसाब को सही रखने के लिए साधारण कैलकुलेटर का इस्तेमाल किया ही होगा, अब बीमा का सही हिसाब बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर से जांच लें। बीमा प्रदाता के माध्यम से दी गई जानकारी सही है या नहीं, इसका आकलन आप स्वयं से भी कर सकते हैं, बस इसके लिए आपको जानकारी होनी चाहिए बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर की। तो जानिए कैसे ये आपके लिए मददगार है और साथ ही कैसे आप इसे स्वयं भी जांच सकते हैं।

### क्या है बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर

बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर आपके बीमा प्रीमियम की गणना करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए ऑनलाइन उपकरण हैं। ये जीवन बीमा प्रदाताओं की तरह ही कार्य करते हैं। हालांकि बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर पहले से ही तैयार किए गए ऑनलाइन फॉर्मूले पर काम करते हैं। और इस कैलकुलेटर पर आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी और विवरण के आधार पर ही सारी गणना की जाती है। इस गणना को बस कुछ ही मिनटों में पूरा करते ही उपयुक्त परिणाम आपकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होने लगते हैं।

### क्या होगा फ़ायदा

किसी घर को ख़रीदने से पहले हम ये जांचते हैं कि घर जिस क्षेत्र में है वहां बाक़ी की ज़मीन का रेट इतना ही है जितने का हम ले रहे हैं या नहीं, घर को मरम्मत की ज़रूरत तो नहीं है आदि। इस तरह प्राप्त जानकारी के आधार पर ही हम ये तय करते हैं कि वहां घर ख़रीदेंगे या नहीं। ठीक इसी प्रकार किसी भी बीमा पॉलिसी को लेने से पहले प्रीमियम कैलकुलेटर की मदद से गणना का विवरण प्राप्त किया जा सकता है। इसे एक प्रीमियम उद्धरण या कोटेशन (लिखित रूप में प्राप्त किया गया प्रीमियम का अनुमान) तैयार किया जाता है जिसे आप अपनी पॉलिसी पर भुगतान कर सकते हैं। यह जीवन बीमा प्रदाताओं द्वारा उपयोग की जाने वाली गणना के समान ही है जो आपकी पॉलिसी प्रीमियम को निर्धारित करते हैं। हालांकि, इस प्रीमियम कैलकुलेटर का उपयोग करना आसान है, जिसके चलते आपको प्रीमियम की मैन्युअल गणना करने के ज़रूरत नहीं होती। किसी प्रकार की बीमा योजना की तलाश करते समय प्रीमियम कोटेशन काफ़ी फायदेमंद हो जाता है। इस स्थिति में आप कोटेशन के आधार पर लागत, लाभ आदि के बारे में विश्लेषण कर सकते हैं। और अपनी पसंद के अनुसार पॉलिसी का चयन कर सकते हैं। साथ ही कौन-सी पॉलिसी आपके लिए बेहतर रहेगी इसके लिए ऑनलाइन ही अन्य कंपनियों से तुलना भी करके एक बेहतर विकल्प चुन सकते हैं।



### ऐसे करें गणना

- जिस भी संस्था से आप बीमा ले रहे हैं उसकी वेबसाइट को खोलें। कैलकुलेटर वाले विकल्प को चुनें। अब आप जिस भी योजना के लिए बीमा ले रहे हैं उसे चुनें।
- इसके बाद रिक्त स्थानों में भरी जाने वाली जानकारी या विवरण लिखें जैसे कि आपका नाम, जन्म तिथि, लिंग, फोन नंबर और ईमेल आईडी आदि।
- इन विवरणों को पूरा करने के बाद, एक नया पेज खुलेगा जिसमें पॉलिसीधारक के रूप में आपकी वित्तीय क्षमता का आकलन किया जाएगा। इसमें आपकी वर्तमान आय, आप जिस प्रकार की पॉलिसी चाहते हैं, आप कितनी प्रीमियम राशि का भुगतान कर सकते हैं, आदि जैसे विवरण का जवाब देना होगा।
- अगल-अगल पॉलिसी के आधार पर कैलकुलेटर कुछ अन्य प्रश्न भी पूछ सकता है जैसे- यदि आप जीवन बीमा बचत योजना कैलकुलेटर का उपयोग करते हैं, तो आपको तय वर्षों के बाद बचत के रूप में कितनी राशि चाहिए आदि।
- सभी प्रश्नों के उत्तर देने के पश्चात, बीमा प्रीमियम कैलकुलेटर के माध्यम से सारा विवरण आपकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होने लगेगा। इससे न सिर्फ़ आप सारे विवरण को कम समय में बेहतर तरीक़े से समझ पाएंगे बल्कि कई अन्य प्रकार की पॉलिसी का चयन भी कर सकेंगे।



# हाइपर बच्चे को कैसे संभाले

**छोटे बच्चे अक्सर दूसरे बच्चों को देखकर जिद्द करते हैं। कई बच्चें बहुत ज्यादा गुस्से वाले होते हैं। इस तरह के बच्चों को कई बार समभालना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि उन्हें समझाने के लिए काफी मेहनत लगती है। कई बार मां-बाप बच्चों से परेशान हो जाते हैं जिसकी वजह से बच्चे और भी ज्यादा चिढ़िचढ़े होने लगते हैं। जिसकी वजह से आगे कभी बच्चों को शांत करना मुश्किल होता है।**

अक्सर गुस्से में आकर माता पिता बच्चों पर हाथ उठा देते हैं, जो बड़े होकर बच्चों के लिए परेशानी का सबब बनते हैं। वो भी यही सीख लेते हैं कि किसी के गुस्से को शांत करने के लिए हाथ उठाना जरूरी है। ऐसे में आज हम आपको बताने वाले हैं बच्चे को शांत करने के तरीकों के बारे में।

### काउंटिंग

गुस्सा आने पर आप बच्चे से कहें कि वह गिनती गिनना शुरू कर दें। ऐसा करवाने के लिए आपको शुरू से ही बच्चों को ये आदत डालनी होगी। गिनती गिनना एक ऐसा तरीका है जो हमेशा काम आता है। ये बड़ों के गुस्से को कम करने में भी कामयाब होता है।

### वॉक

अगर आपका बच्चा बहुत ज्यादा टीवी या फिर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता है और आप चाहते हैं कि बच्चा इन सभी चीजों से दूर रहे तो आपको बच्चे को आराम से समझाने की जरूरत है। जैसे ही आप बच्चे को टीवी या मोबाइल चलाने से मना करते हैं तो बच्चे गुस्सा हो जाते हैं ऐसे में आपको उन्हें प्यार से समझाने की जरूरत है। साथ ही उसके अलावा उन्हें पार्क में जाकर वॉक या फिर नेचर के बारे में बताएं। कुछ ऐसी चीज को बताएं जिससे आपका बच्चा आपकी बातों में इंटरेस्ट दिखाने लगे।

### बच्चों की बात सुनें

गुस्सा किसी को भी आ सकता है और आपको इस बात को समझने की जरूरत है। अगर आप चाहते हैं कि आपके बच्चे के गुस्से को शांत किया जाए तो आप बच्चों को समझाने से पहले उसकी बात को सुनें। बच्चे को सुनना बहुत जरूरी है। ऐसा करने से बच्चे को अपनी जरूरत का एहसास होता है।

### बच्चे को दें स्पेस

बच्चा चाहें छोटा हो या बड़े गुस्सा होने पर वह अपने पसंदीदा स्पॉट पर बैठता ही है। ऐसे में बच्चों को उसके चिलिंग स्पॉट में बैठने दें और फिर थोड़ी देर बाद आप उस जगह पर जा सकते हैं और अपने बच्चे को समझाने की कोशिश करें।

### सहानुभूति

कई माता-पिता की आदत होती है कि वह हर चीज में बच्चे को कोसने लगते हैं और उसकी गलतियां निकालते हैं। ऐसा करने से बच्चों में गुस्सा बढ़ता है और वह जिद्दी हो जाते हैं। ऐसा करने से अच्छा है कि आप अपने बच्चे की बात सुनें और समझाएं। इससे आपके बच्चे के दिल में सहानुभूति की भावना बढ़ती है।





# सीड ट्रे से सीडलिंग को कब करें ट्रांसप्लांट

जो भी गार्डनर बीजों से पौधों को बढ़ते हुए देखना चाहते हैं, वे अक्सर सीड्स को सीड ट्रे में बोना पसंद करते हैं। इससे वे एक साथ कई बीज बो पाते हैं। साथ ही साथ, सीड ट्रे के कारण नमी और तापमान को नियंत्रित करना अधिक आसान हो जाता है। जिससे बीज जल्दी अंकुरित हो पाते हैं। लेकिन एक बार जब बीज अंकुरित हो जाते हैं, तो फिर उन्हें बढ़ने के लिए अधिक स्पेस की जरूरत होती है। ऐसे में अगर उसे सीड ट्रे में ही छोड़ दिया जाए तो इससे उनकी ग्रोथ पर विपरीत असर पड़ता है और उन्हें पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। हालांकि, अधिकतर लोगों को इस बात का पता ही नहीं होता है कि सीड ट्रे से सीडलिंग को कब ट्रांसप्लांट करना चाहिए।

### डेवलपमेंट पर दें ध्यान

अगर आप सीडलिंग को सीड ट्रे से ट्रांसप्लांट करने का मन बना रहे हैं तो ऐसे में पहले आपको उसकी डेवलपमेंट पर ध्यान देना चाहिए। सीडलिंग का साइज और उसकी ग्रोथ से आपको यह पता चल जाएगा कि ट्रांसप्लांट करना सही है या नहीं। आपको सीडलिंग को तब तक ट्रांसप्लांट नहीं करना चाहिए, जब तक कि उस पर पत्तियां ना आ जाएं। आपको यह समझना चाहिए कि सीडलिंग पर नजर आने वाली पहली पत्तियां वास्तव में सीड लीव्स होती हैं। आपको इसके बाद ही ट्रांसप्लांट करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित हो जाता है कि सीडलिंग ट्रांसप्लांटेशन स्ट्रेस को आसानी से हैंडल कर सकती है।

### साइज पर दें ध्यान

सीडलिंग की ग्रोथ के साथ-साथ उनके साइज पर भी ध्यान दिया जाना उतना ही महत्वपूर्ण है। हमेशा ध्यान रखें कि आप सीडलिंग को तभी ट्रांसप्लांट करें, जब आपके छोटे पौधों की लंबाई लगभग 4 से 8 इंच के बीच हो जाए। इस दौरान उन्हें ट्रांसप्लांट करने से वे ट्रांसप्लांटिंग शॉक को हैंडल कर पाते हैं।

### रूट सिस्टम पर दें ध्यान

कभी भी सीडलिंग को ट्रांसप्लांट करने से पहले रूट सिस्टम पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। आप पहले सीडलिंग के रूट्स को चेक करें। अगर रूट्स सीड्स ट्रे में गुच्छे में नजर आ रहे हैं तो इसका मतलब यह है कि रूट सिस्टम अच्छी तरह डेवलप हो गया है। इस दौरान सीडलिंग को बिना किसी परेशानी के ट्रांसप्लांट किया जा सकता है।

### मौसम पर दें ध्यान

सीडलिंग को सीड्स ट्रे से ट्रांसप्लांट करते समय मौसम पर विशेष ध्यान दिया जाना बेहद महत्वपूर्ण है। हमेशा आप पौधे की मौसम संबंधी जरूरतों को समझें और फिर मौसम का मिजाज देखें। अगर मौसम अनुकूल होता है तो इससे सीडलिंग पर ट्रांसप्लांट के दौरान अधिक स्ट्रेस नहीं आता है। कोशिश करें कि आप अत्यधिक गर्मी या तेज़ हवाओं के दौरान ट्रांसप्लांटिंग ना करें।

### प्लेस पर दें ध्यान

ट्रांसप्लांटिंग से पहले आपको यह भी समझना चाहिए कि आपका प्लांट बाहरी मौसम की मार को झेलने के लिए तैयार है या नहीं। मसलन, अगर आपने इनडोर सीडलिंग शुरू की है तो आपको उन्हें ट्रांसप्लांट से पहले धीरे-धीरे उन्हें बाहरी मौसम के अनुकूल बनाएं। इस प्रोसेस को हार्डनिंग ऑफ के रूप में जाना जाता है, जिसकी मदद से सीडलिंग को तापमान, प्रकाश और हवा में होने वाले बदलाव के साथ खुद को एडजस्ट करने में मदद मिलती है।




## वैश्विक एआई क्रांति में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, दिल्ली में चंद्रबाबू नायडू का बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख ने पत्रकारों से कहा कि भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए आकर्षण का केंद्र है। नायडू ने 1995 की आईटी क्रांति व वर्तमान विकास के बीच समानताएं बताते हुए कहा कि एआई आज के समय की जरूरत बन गई है और इसका इस्तेमाल सभी क्षेत्रों में हो रहा है।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है और वैश्विक आर्थिक वृद्धि में प्रमुख चालक के रूप में उभर रहा है। यहां 16वें वित्त आयोग की बैठक से ठीक पहले संवाददाता सम्मेलन में नायडू ले कहा कि दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में भारत के विकास पथ में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण रुचि दिखी।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख ने पत्रकारों से कहा कि भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए आकर्षण का केंद्र है। नायडू ने 1995 की आईटी क्रांति व वर्तमान विकास के बीच समानताएं बताते हुए कहा कि एआई आज के समय की जरूरत बन गई है और इसका इस्तेमाल सभी क्षेत्रों में हो रहा है।

उन्होंने कहा, 1995 में यह सूचना प्रौद्योगिकी थी और 2025 में यह एआई है। उस समय मैं इसका हिस्सा था और आज भी मैं इसका हिस्सा हूं और सत्ता में हूं।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि कृत्रिम मेधाा और हरित ऊर्जा पहल खासकर से हरित हाइड्रोजन उत्पादन... दो प्रमुख विषय हैं जो दावोस में चर्चाओं में छाए रहें। उन्होंने हरित ऊर्जा समाधानों और 'डाउनस्ट्रीम' उद्योगों के माध्यम से 'ग्लोबल वार्मिंग' को कम करने पर अधिक ध्यान देने की भी वकालत की।

## शेयर बाजार में आ सकती है अब तक की सबसे बड़ी गिरावट, कियोसाकी की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप भी शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद अहम है। मशहूर किताब रिच डैड पुअर डैड के लेखक और अमेरिकी बिजनेसमैन रॉबर्ट कियोसाकी ने फरवरी महीने में शेयर बाजार के इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट की



भविष्यवाणी की है। कियोसाकी ने कहा है कि इस महीने यानी फरवरी में शेयर मार्केट के इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। रिच डैड पुअर डैड के लेखक कियोसाकी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा रिच डैड्स प्रॉफेसी-2013 में मैंने चेतावनी दी थी कि इतिहास का सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट क्रैश आने वाला है। यह क्रैश इसी महीने फरवरी में होगा। इसके आगे उन्होंने लिखा कि इस दौरान अच्छी खबर ये है कि इस क्रैश में सब कुछ सस्ते में मिल जाता है। कारें और घर अब सस्ते में मिलेंगे। अमेरिकी बिजनेसमैन ने इस दौरान कहां पैसा बनेगा इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान आपका पैसा बिटकॉइन में बन सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि अरबों रुपए स्टॉक और बॉन्ड मार्केट से निकलकर बिटकॉइन में निवेश किए जाएंगे, जब मार्केट क्रैश होगा तो बिटकॉइन किंग बनेगा और तेजी से बढ़ेगा।

# बिना नौकरी 12 लाख से ज्यादा कमाई वालों को भी राहत, मार्जिनल रिलीफ से घटेगा कर का बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजट में करमुक्त आय का दायरा बढ़ाकर नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत दी गईहै।अगर आप नौकरी नहीं करते हैं और कमाई 12 लाख रुपये से अधिक है, तो आपको भी टैक्स के मोर्चे पर राहत मिल सकती है।आयकर विभाग ने इसके लिएएफएक्यू भी जारी किया है।



सरकार ने बजट 2025-26 में करमुक्त आय की सीमा बढ़ाकर मध्य वर्ग को बड़ी राहत देने की कोशिश की है। नई आयकर व्यवस्था में छूट के बाद 12 लाख रुपये तक की सालाना कमाई पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। नौकरीपेशा लोगों को 75,000 रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। इस तरह, एक वेतनभोगी कर्मचारी के लिए 12.75 लाख रुपये की आय पूरी तरह करमुक्त होगी। हालांकि, स्टैंडर्ड डिडक्शन का यह लाभ सिर्फ वेतनभोगी कर्मचारी को ही मिलेगा।

बजट में करमुक्त आय की सीमा बढ़ने की घोषणा सुन उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में रहने वाले रमेश गोयल खुश होने के साथ थोड़े निराश भी हैं। उनके निराशा की वजह उनकी सालाना कमाई है...जो 12 लाख रुपये से थोड़ी ही ज्यादा है। रमेश कांच की चूड़ियों का कारोबार करते हैं। उन्होंने पिछले साल 12.10 लाख रुपये की कमाई की थी। अब उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि करमुक्त आय सीमा से सिर्फ 10 या 15 हजार रुपये ज्यादा होने पर उन्हें ज्यादा टैक्स भरना होगा।

रमेश जैसे लोगों की परेशानी को खत्म करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में भले ही कोई घोषणा नहीं की है, लेकिन आयकर विभाग ने बजट के बाद ऐसे लोगों की सुविधा के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल-जवाब (एफएक्यू) का एक सेट जारी किया है। इसमें बताया गया है कि नौकरी नहीं करने वालों को भी 12.74 लाख रुपये तक की कमाई पर मार्जिनल रिलीफ मिलेगा।

बजट में मध्य वर्ग को मिली राहत से कानपुर के कपिल शुक्ला खुश हैं। खुशी की वजह है...अगले साल टैक्स में होने वाली बचत। हालांकि, कपिल इस बात को लेकर पशोपेश में हैं कि बचे पैसे का क्या करना है दरअसल, कपिल की सालाना आय 23 लाख रुपये है। नई कर व्यवस्था के तहत वह 3.80 लाख रुपये टैक्स चुकाते हैं। अब नई संशोधित कर व्यवस्था में उन्हें अपनी कमाई पर सिर्फ 2.75 लाख ही टैक्स देना पड़ेगा। इस तरह, कपिल को हर साल कर के रूप में 1.05 लाख रुपये की बचत होगी। इसमें स्वास्थ्य और शिक्षा सेस शामिल नहीं है। इसके अलावा, 75,000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ अगले वित्त वर्ष 2025-26 से 12.75 लाख रुपये तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, जो अभी 80,000 रुपये है। यानी 12.75 लाख की आय पर नौकरीपेशा के हर साल 80,000 रुपये बचेंगे।

करीब 28 फीसदी करदाता अब भी पुरानी कर व्यवस्था के तहत आयकर रिटर्न दाखिल करते हैं। पुरानी व्यवस्था में कर की दरें भले ही ज्यादा हैं, लेकिन टैक्स बचाने और वित्तीय सुरक्षा के कई मौके भी हैं। आयकर कानून की धारा-80सी, 80डी और 24 के तहत कर बचत का प्रावधान है। नई कर व्यवस्था में लंबी अवधि के लिए पैसे जोड़ने का खास इंतजाम नहीं है। अब जो लोग नई संशोधित कर व्यवस्था में ज्यादा टैक्स बचाएंगे, उन्हें भविष्य की जरूरत के लिए खुद ही सोचना होगा। कर एवं निवेश विशेषज्ञ बलवंत जैन का कहना है कि निवेश करने के लिए कोई तय पैमाना नहीं है। अपनी उम्र, वित्तीय लक्ष्य और भविष्य की जरूरत जैसी चीजों को ध्यान में रखकर निवेश किया जाता है। नई कर व्यवस्था में रिटायरमेंट जैसे अहम वित्तीय लक्ष्य को लेकर कोई खास इंतजाम नहीं है। ऐसे में युवा टैक्स राहत से बचने वाले पैसों को रिटायरमेंट के लिए इक्विटी म्यूचुअल फंड में लगा सकते हैं।

## पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए सुरक्षित भुगतान प्रणाली बनाने की तैयारी, सेबी का प्रस्ताव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रस्तावित प्रणाली के तहत, सेबी ने पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए एक विशेष यूपीआई पता बनाने का सुझाव दिया है, जिससे निवेशकों के लिए यह सुनिश्चित करना आसान हो जाएगा कि वे केवल पंजीकृत इकाइयों को ही भुगतान कर रहे हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये प्रतिभूति बाजार में सुरक्षित और बेहतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नई प्रणाली लाने पर विचार कर रहा है। बाजार नियामक सेबी ने वैध वित्तीय मध्यस्थों को धोखेबाजों से बचाने के लिए यह कदम उठाया।

प्रस्तावित प्रणाली के तहत, सेबी ने पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए एक विशेष यूपीआई पता बनाने का सुझाव दिया है, जिससे निवेशकों के लिए यह सुनिश्चित करना आसान हो जाएगा कि वे केवल पंजीकृत इकाइयों को ही भुगतान कर रहे हैं। प्रस्ताव में पूंजी बाजार लेनदेन के लिए यूपीआई भुगतान सीमा पांच लाख रुपये प्रतिदिन निर्धारित की गई है, जो मौजूदा दो लाख रुपये की सीमा से अधिक है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के परामर्श से इसका समय-समय पर मूल्यांकन किया जाएगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने शुक्रवार को प्रस्तावों पर एक परामर्श पत्र जारी किया और 21 फरवरी तक उनपर सार्वजनिक टिप्पणियां मांगीं हैं।

## चीन-कनाडा-मैक्सिको पर ट्रंप के टैरिफ बाद बाजार में भूचाल, सेंसेक्स में गिरावट, निफ्टी भी लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिका के फैसलों की चिंताओं के बीच एशियाई बाजारों में कमजोरी के चलते सोमवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले केंद्रीय बजट पेश होने के कारण शनिवार को घरेलू बाजार खुले थे।



चीन, कनाडा और मैक्सिको पर अमेरिका के टैरिफ लगाने के बाद भारतीय बाजार में सोमवार को भूचाल देखा गया। घरेलू शेयर बाजार में फरवरी महीने और कारोबारी हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारी गिरावट देखी गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 731.91 अंक गिरकर 76,774.05 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 243 अंक गिरकर 23,239.15 अंक पर पहुंच गया। इसके अलावा शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 54 पैसे टूटकर 87.16 डॉलर के सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शनिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,327.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

अमेरिका के फैसलों की चिंताओं के बीच एशियाई बाजारों में कमजोरी के चलते सोमवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 731.91 अंक गिरकर 76,774.05 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 243 अंक गिरकर 23,239.15 अंक पर आ गया। एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शनिवार को 1,327.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

इससे पहले केंद्रीय बजट पेश होने के कारण शनिवार को घरेलू बाजार खुले थे। भारी उतार-चढ़ाव वाले दिन के बाजार में बीएसई बेंचमार्क शनिवार को 5.39 अंक या 0.01 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 77,505.96 पर बंद हुआ था। निफ्टी 26.25 अंक या 0.11 फीसदी गिरकर 23,482.15 अंक पर बंद हुआ।

## जनवरी में एक्सपोर्ट और नए ऑर्डर ने दिया उछाल, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 6 महीने के टॉप पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जनवरी में भारतीय मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर ने दमदार शुरुआत की है। दिसंबर में थोड़ी सुस्ती के बाद अब एक्सपोर्ट्स में करीब 14 साल की सबसे तेज बढ़त देखने को मिली है। नए ऑर्डर्स भी जुलाई के बाद सबसे तेज रफ्तार से बढ़े हैं। इस वजह से जनवरी का मैन्युफेक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स छह महीने के टॉप लेवल पर पहुंच गया है।



जनवरी में पीएमआई 57.7 रहा, जबकि दिसंबर में यह 56.4 था। बता दें कि पीएमआई का 50 से ऊपर होना सेक्टर में ग्रोथ को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दिखाता है। जबरदस्त एक्सपोर्ट्स और ऑर्डर्स की इस तेजी से भारतीय प्रोड्यूसर्स ने नए साल की मजबूत शुरुआत की है, जो आगे भी इकोनॉमी के लिए पॉजिटिव संकेत माना जा रहा है।

सर्वे के मुताबिक, कॉस्ट प्रेशर 11 महीनों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया, लेकिन मांग में तेजी के चलते कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ाए। इसके साथ ही बिजनेस कॉन्फिडेंस भी मजबूत हुआ है। खरीदारी में बढ़ोतरी और रिकॉर्ड लेवल पर रोजगार सृजन देखने को मिला है। नए ऑर्डर्स में उछाल की वजह बेहतर घरेलू मांग और इंटरनेशनल सेल्स में बढ़ोतरी रही। खास बात यह रही कि भारतीय प्रोडक्ट्स की अंतरराष्ट्रीय मांग में 14 साल की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ोतरी दर्ज की गई।

एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, डोमेस्टिक और एक्सपोर्ट डिमांड दोनों मजबूत बनी हुई हैं, जिससे नए ऑर्डर्स में ग्रोथ देखने को मिल रही है। उन्होंने आगे बताया कि एम्प्लॉयमेंट पीएमआई ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में मजबूत जॉब क्रिएशन का संकेत दिया है। यह इंडेक्स अपने लॉन्च के बाद से अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।

सर्वे में यह भी बताया गया कि इनपुट कॉस्ट में दूसरी बार गिरावट दर्ज हुई है, जिससे कंपनियों पर फाइनल प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ाने का दबाव कम हुआ है। इसके साथ ही कंपनियां भविष्य को लेकर भी ज्यादा आशावादी हो गई हैं। लगभग 32त्न कंपनियों ने कहा कि वे ग्रोथ की उम्मीद कर रही हैं, जबकि सिर्फ 1त्न कंपनियों ने प्रोडक्शन में कमी की आशंका जताई है।

नए सर्वे के मुताबिक, भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में ग्रोथ के संकेत बेहद मजबूत हैं। पैनल मेंबर्स का कहना है कि डिमांड में तेजी, ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध, अनुकूल आर्थिक परिस्थितियां और मार्केटिंग के प्रयास इस ग्रोथ को और बढ़ावा देंगे।

सर्वे के अनुसार, मजबूत बिक्री और सकारात्मक भविष्यवाणी के चलते कंपनियों ने वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही की शुरुआत में नए कर्मचारियों की भारी संख्या में भर्तियां कीं। रोजगार में यह बढ़त पिछले 20 वर्षों में सबसे तेज रही, जिससे यह संकेत मिलता है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एक्टिविटी अपने चरम पर है।

जनवरी में भारतीय कंपनियों ने इनपुट्स की खरीदारी में तेजी दिखाई, जो पिछले तीन महीनों में सबसे तेज रही। इन्वेंटरी बढ़ाने की कोशिशों में कंपनियां कामयाब रहीं क्योंकि सप्लायर्स ने समय पर डिलीवरी की। सर्वे के मुताबिक, वेंडर परफॉर्मेंस बीते आठ महीनों में सबसे बेहतर रही, जबकि इनपुट स्टॉक्स का जमाव अक्टूबर 2024 के बाद सबसे तेज स्तर पर पहुंच गया।

## 90 % से ज्यादा आयकरदाता अपनाएंगे नई कर व्यवस्था, सीबीडीटी प्रमुख बोले- अभी यह 75 प्रतिशत पर है स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बजट में आम जनता को राहत देते हुए 12 लाख तक के आय पर कर से छूट दी है। वहीं इस पर सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने बताया है कि नई कर व्यवस्था को 90 फीसदी से ज्यादा आयकरदाता अपनाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि फिलहाल नई कर व्यवस्था में 75त्न आयकरदाता शामिल हैं।

सालाना 12 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर की बजट घोषणा और सभी कर स्लैबों में बदलाव से 90 प्रतिशत से अधिक व्यक्तिगत करदाता नई कर व्यवस्था अपना सकते हैं। अभी यह लगभग 75 प्रतिशत है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा, सरलीकृत आईटीआर-1 में आय की रिपोर्ट करने के लिए उपलब्ध प्रक्रियाएं बहुत जटिल नहीं थीं।



उन्होंने कहा, नई कर व्यवस्था में पुरानी व्यवस्था की तरह कोई कटौती या छूट नहीं है। इसलिए यहां करदाता बिना किसी पेशेवर की मदद से खुद अपना रिटर्न भर सकता है। आगे बढ़ने के लिए हमेशा सुधार की गुंजाइश बनी रहती है और यह सभी क्षेत्रों में सच है। लेकिन कुल मिलाकर, आम करदाता के लिए चीजें काफी हद तक सरल हो गई हैं।

उन्होंने कहा, आयकर भुगतान के संबंध में बजट में की गई घोषणाओं के साथ, अधिक से अधिक करदाताओं को नई व्यवस्था का विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नई छूट से न केवल उन लोगों को लाभ होगा जो प्रति वर्ष 12 लाख रुपये कमाते हैं, बल्कि सभी को लाभ होगा। कर अधिकारी अब तमाम झंझटों या प्रक्रियाओं की जगह करदाता को बस संकेत देते हैं कि करों का भुगतान कीजिए और खुश रहिए।

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, वे बड़े पैमाने पर टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं जिसमें एआई का उपयोग और इलेक्ट्रॉनिक रूप से कई डाटा का दोहन शामिल है। उन्होंने कहा, हमें कई डाटा स्रोतों से जानकारी मिल रही है। हम उस डाटा को एकत्रित कर रहे हैं और करदाता के लिए उपलब्ध करा रहे हैं। अब अधिक से अधिक करदाता अपने तरफ से किए गए लेनदेन की विविधता के बारे में जागरूक हो रहे हैं। जब वे अपना रिटर्न दाखिल करते हैं तो अनुपालन करते हैं। गलत या फर्जी कटौती का दावा करने वाले लगभग 90,000 करदाताओं ने संशोधित रिटर्न दाखिल किया है और पिछले वर्ष के दौरान करों में 1,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

## होम-स्टे के लिए बजट में मुद्रा ऋण का विस्तारहोगा, एसबीआई ने कहा- 1500 करोड़ रुपये का अवसर पैदा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण का विस्तार पर्यटन क्षेत्र में छोटे व्यवसायों को एक महत्वपूर्ण अवसर देगा। सरकार की ओर से बजट 2025-26 में शिशु श्रेणी के तहत 1,500 करोड़ रुपये के संभावित ऋण का एलान किया गया है। आइए इस बारे में और जानें।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण का विस्तार पर्यटन क्षेत्र में छोटे व्यवसायों को एक महत्वपूर्ण अवसर देगा। सरकार की ओर से बजट 2025-26 में शिशु श्रेणी के तहत 1,500 करोड़ रुपये के संभावित ऋण का एलान किया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि पर्यटकों की बढ़ती आमद के कारण होमस्टे की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है। देश भर में लगभग 3 मिलियन होमस्टे की अनुमानित आवश्यकता है। मुद्रा ऋण के विस्तार से छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके इस बढ़ते क्षेत्र को मदद मिलने की उम्मीद है। इस ऋण से उन्हें अपने होमस्टे व्यवसायों को स्थापित करने और विस्तार करने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने कहा होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण के विस्तार के साथ, शिशु श्रेणी के तहत लगभग 1,500 करोड़ रुपये के ऋण का अवसर पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत छोटे उद्यमी तीन श्रेणियों- शिशु (50,000 रुपये तक), किशोर (50,001 रुपये से 5 लाख रुपये) और तरुण (5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये) के तहत ऋण ले सकते हैं। वर्तमान में, होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण पहल शिशु श्रेणी पर केंद्रित है, जिसमें अनुमानित रूप से 1,500 करोड़ रुपये के ऋणों के मौके उपलब्ध हैं। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि इसे किशोर श्रेणी तक बढ़ाया जाता है, तो संभावित ऋण वितरण का आंकड़ा लगभग 8,250 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

सरकार की पहल का उद्देश्य पर्यटन से संबंधित व्यवसायों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर स्थानीय आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा देना है। इससे न केवल आवास की उपलब्धता बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करके आर्थिक विकास में भी योगदान मिलेगा। इसके अलावा, सरकार परिवहन संपर्क बढ़ाकर प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

एसबीआई के अनुसार, इन पहलों से भारत के पर्यटन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने और आर्थिक अवसरों में वृद्धि के जरिए स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने की उम्मीद है। होमस्टे के लिए मुद्रा ऋणों का विस्तार भारत को अधिक पर्यटक-अनुकूल गंतव्य बनाने और छोटे व्यवसायों और रोजगार सृजन का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जागरूकता से ही होगा कैंसर रोग पर नियंत्रण

विश्व कैंसर दिवस



रमेश सर्राफ धमोरा

**कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है।**

कैंसर बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है । इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरूआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है।

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने



कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे।

दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ें बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5% बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरूआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी है।

(आईसीएमआर) के आंकड़ों को देखें तो 2021 में कैंसर के 1426447 मामले नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम में दर्ज किए गए। 2022 में यह संख्या बढ़कर 1461427 हो गई और 2023 में 1496972 केस सामने आए। हर 9 में से से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के काफी मामले सामने आ रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फोइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है।

विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं।

विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित कर-के और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं।

कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर की चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका इस मुद्दे के बारे में लोगों से बातचीत शुरू कर के जागरूकता बढ़ायी जाये। तभी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लोगों की जीवन रक्षा की जा सकेगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### राहतकारी बजट

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए बजट में मध्यम वर्ग के लिए राहत की बड़ी सौगात दी है। यह कि 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कर नहीं लगेगा जिससे लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा बच सकेगा। फलस्वरूप घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक गतिविधियों में रवानी आने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने शनिवार को लोक सभा में वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया जो उनका लगातार आठवां बजट रहा, जो कीर्तिमान है। इस राहत से करीब एक करोड़ लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का भी प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा है कि 'यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाएगा और विकास, निवेश और उपभोग को कई गुना बढ़ाएगा'। बेशक, बजट में जिस प्रकार से आयकर से राहत दी गई है, वह बाकी सभी बजट प्रावधानों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण दिखलाई पड़ रही है। हालांकि हर बजटीय प्रावधान खासे विमर्श के बाद किया जाता है। लेकिन आयकर में राहत महत्त्वपूर्ण है क्यों कि अरसे से इस बाबत मांग की जा रही थी। अब यह राहत मिली है, तो इसे कुछ लोग चुनाव के मद्देनजर किया गया बदलाव करार दे रहे हैं। इस साल के आखिर में बिहार और इसी फरवरी में दिल्ली में विधानसभा के चुनाव हैं। बिहार के लिए भी पैकेज घोषित किया है, और आयकर में राहत से एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली के 85 प्रतिशत करदाताओं को अब आयकर नहीं देना पड़ेगा। बहरहाल, आम बजट से चुनावी से इतर अनेक लाभ मिलने तय हैं। महंगाई कम करने के साथ ही बजट रोजगार सृजन में सहायक होगा। रक्षा क्षेत्र और पूंजीगत व्यय में वृद्धि करने के साथ ही नियामक सुधारों पर बल दिया गया है। वरिष्ठ जन की एक लाख रुपये तक की ब्याज आय को कर-मुक्त रखा गया है, जो यकीनन सराहनीय है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए भी उत्साहजनक ऐलान है। स्वास्थ्य क्षेत्र और

#### चिंतन-मनन

### जहाँ शांति है वही सुख

यदि हमारे पास दुनिया का पूरा वैभव और सुख-साधन उपलब्ध है परंतु शांति नहीं है तो हम भी आम आदमी की तरह ही हैं। संसार में मनुष्यों द्वारा जितने भी कार्य अथवा उद्यम किए जा रहे हैं सबका एक ही उद्देश्य है शांति। सबसे पहले तो हमें ये जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल अर्थ यह नहीं कि केवल मुख से चुप रहें अपितु मन का चुप रहना ही सच्ची सुख-शांति का आधार है। कहते हैं कि जहाँ शांति है वहाँ सुख है। अर्थात सुख का शांति से गहरा नाता है।

लड़ाई, दुख और लालच को भंग करने के लिए शांति सशक्त औजार है। कई लोग कहते हैं कि बिना इसके शांति नहीं हो सकती। इसके साथ ही भौतिक सुख-साधनों तथा अन्य संसाधनों से शांति होगी यह कहना भी गलत है। यदि इससे ही शांति हो जाती तो हम मंदिर आदि के चक्कर नहीं लगाते। धन-दौलत और संपदा से संसाधन खरीदे जा सकते हैं परंतु शांति नहीं। हम यही सोचते रह जाते हैं कि यह कर लूँगा तो शांति मिल जाएगी। आवश्यकताओं को पूरा करते-करते पूरा समय निकल जाता है और न तो शांति मिलती है और न ही खुशी।

खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए जरूरी है कि पहले शांति रहे। जहाँ शांति है वहाँ विकास है। जहाँ विकास है वहाँ सुख है। इसलिए अमूल्य शांति के लिए सबसे पहले हमें अपने आप को देखना होगा। अपने बारे में जानना होगा। मैं कौन हूं, कहाँ से आया हूं और हमारे अंदर कौन-कौन सी शक्तियाँ हैं जो हम अपने अंदर ही प्राप्त कर सकते हैं। शांति का सागर परमात्मा है। हम आत्माएँ परमात्मा की संतान हैं। जब हमारे अंदर शांति आएगी तो हमारा विकास होगा। जब विकास होगा तो वहाँ सुख का साम्राज्य होगा। यह प्रक्रिया बिल्कुल सरल और सहज है जिसके जरिए हम यह जान और पहचान सकते हैं। वर्तमान समय अशांति और दुख के भयानक दौर से गुजर रहा है। ऐसे में जरूरत है कि हम अपने धर्म और शाश्वत सत्य को स्वीकारते हुए शांति के सागर परमात्मा से अपने तार जोड़ें। ताकि हमारे भीतर शांति का खजाना मिले। इससे हमारे अंदर शांति तो आएगी ही साथ ही हम दूसरों को भी शांति प्रदान कर सकेंगे।

# सैफ अब सेफ लेकिन सवाल हैं ढ़ेरों अनसुलझे, अनसेफ..!



ऋतुपर्ण दवे

यह न तो किसी फिल्म का हिस्सा है और न ही कोई स्टंट। फिल्म अदाकार सैफ अली खान अपने घर पर 16 जनवरी की आधी रात बाद बदनीयत से घुसे एक आरोपी के प्राणघातक हमले से बुरी तरह जख्मीं हो खून से लथपथ हो जाते हैं। शेरदिल सैफ अपने छोटे बच्चे के साथ ऑटो में बैठकर अस्पताल पहुंचते हैं। घायल सैफ को पहचानते ही अस्पताल में तहलका मचता है। हैसियत के अनुसार बेहतर इलाज मिलता है। खबरिया चैनलों में घटना को दिखाने की होड़ मचती है। देखते ही देखते एक सेलेब्रिटी पर हमला हर जुबान पर होता है। लोग अपने-अपने कयास लगाते हैं। मुंबई पुलिस पर उंगली उठती है। हड़बड़ाहट में पुलिस को जो सुराग, सबूत हाथ लगते हैं उसी पर काम शुरू हो जाता है। सी.सी.टी.वी. फुटेज मिलते ही पलक झपकते हर मोबाइल पर पहुंच जाती है।

कई घण्टे बल्कि दिन पुलिस खाली हाथ रहती है। धीरे-धीरे सुराग मिलने के दावे होते हैं। तीन संदेहियों की बात होती है। हद तो तब हो जाती है जब छत्तीसगढ़ जा रहे कथित आरोपी की फोटो जारी हो जाती है जिससे उसकी न केवल नौकरी चली गई बल्कि होने वाली शादी भी टूट गई। उससे हाथ कुछ नहीं लगा। काफी मशक्कत, किरकिरी और नाक के सवाल के बीच 35 पुलिस टीमों की 60 घण्टों की भागदौड़ से 19 जनवरी को कथित असली आरोपी हाथ लगता है। इसे बांगलादेशी घुसपैठिया शरीफुल इस्लाम शहजाद बताया जाता है। दूसरी ओर बांगलादेश में बैठा उसका पिता देखते ही साफ इंकार करता है कि सी.सी.टी.वी. में दिख रहा शख्स उनका बेटा नहीं है।

इसी बीच फुटेज और पकड़ाए आरोपी के अलग-अलग हुलिए पर नई बहस और कई तर्क-कुतर्क शुरु हो जाते हैं। वाकई दोनों अलग-अलग दिखते हैं जो पहली नजर में समझ आता है। देश की सबसे स्मार्ट कहलाने वाली मुंबई पुलिस अपने ही जारी वीडियो पर घिर जाती है। बात तकनीक से पहचान तक आती है वहीं दूसरे आम जानकार भी सवाल उठाते हैं। आम और खास सभी फुटेज और गिरफ्तार आरोपी के चित्रों का मिलान करते हैं और संदेहों की झड़ी लग जाती है। सी.सी.टी.वी. में बाल काले हैं आरोपी के बाल थोड़े से सफेद हैं। दोनों की उम्र भी अलग-अलग झलकती है। पकड़ा गया उम्र दराज लगता है तो फुटेज वाला बनिस्बत युवा। माथे का आकार-प्रकार भी अलग-अलग दिखता है। सी.सी.टी.वी. वाले का माथा पकड़ाए आरोपी की तुलना में छोटा है। आँखों में भी साफ अंतर है। पकड़ाए आरोपी की आँखें थोड़ी चौड़ी और बादाम के आकार सी है। सी.सी.टी.वी. में दिख रही आँखें गोल और छोटी हैं। दोनों की भौंहों का अंतर भी साफ-साफ झलकता है। दोनों की नाक का भी अंतर समझ आता है। गिरफ्तार की नाक चौड़ी है फुटेज में नाक नुकीली और कम चौड़ी है। दोनों के होंठों में साफ-साफ अंतर दिख रहा है।

बात सिर्फ आरोपी की हो तो भी समझ आता है। लेकिन सैफ के डिस्चार्ज के वक्त आए वीडियो ने तो जैसे हंगामा बरपा दिया। चूंकि उन पर चाकू से इतने वार हुए कि एक टुकड़ा टूटकर पीठ में जा घुसा जो सर्जरी से निकला। जाहिर है जख्म गहरे होंगे और सैफ बेइंतिहा दर्द से गुजरे होंगे। साधारणतया फांस घुसने या नाखून के साथ किनारे जमीं चमड़ी कट जाने पर कई-कई दिन लोगों को तकलीफ रहती है। वहीं बुरी तरह जख्मी सैफ की सेहत में हैरानी भरा सुधार और इतना कि अस्पताल से पैदल चलकर हीरो माफिक निकलना खुद ही बड़ा सवाल बन गया? जबकि डॉक्टरों की हिदायत पूरी तरह से आराम यानी बेड रेस्ट की रही। परिस्थितियों और बाद के घटनाक्रम ने संदेह और बढ़ाया। आम तो आम खास भी सवाल उठाने लगे। महाराष्ट के मंत्री नितेश राणे ने चुभते सवाल उठाए। पूछा कि क्या वाकई में चाकू से हमला हुआ या महज एक्टिंग थी? शिवसेना नेता संजय निरूपम भी कई सवाल उठाते हैं। सैफ पाँच दिन में ऐसे फि ट कैसे हो गए? उद्धव गुट के सांसद संजय राउत फिटनेस को मेडिकल चमत्कार मान डॉक्टरों को श्रेय देते हैं।

इधर लहरें टीवी का सोशल मीडिया हैंडल एक पुराना वीडियो शेयर करता है। उसमें सैफ 1994 में दिल्ली में हुए हमले का खुलासा करते हैं। फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी के प्रीमियर के बाद सैफ कुछ दोस्तों संग एक नाइट क्लब गए। वहां दो लड़कियां साथ डांस करने को कहती हैं। सैफ के इंकार पर लड़कियों के पुरुष दोस्त को बुरा लगा। बात चेहरा बिगाड़ने तक पर आ गई। सैफ पर हमला हुआ। वो सिर की चोट का निशान भी दिखाते हैं। लेकिन केस क्यों नहीं किया के जवाब में कहते हैं कि मामले को ज्यादा पब्लिसिटी नहीं देना चाहते थे वरना लोग उन्हें ही दोषी ठहराएंगे। इस बार ऐसा नहीं हुआ। चोटिल और इलाज के बाद निकलते सैफ किसी सुपरस्टार से कम नहीं लगे। 17 जनवरी की तड़के से अब तक सुर्खियां इतनी कि थमने के बजाए रोजाना कुछ न कुछ नई थ्योरी के साथ सामने होती हैं। हमले के वक्त घर पर कौन-कौन था, करीना लेकर अस्पताल क्यों नहीं पहुंची? साथ में वाकई कौन गया बेटा या कोई और?

निश्चित रूप से सैफ पर हमला, पकड़ाए आरोपी पर संदेह, सेहत में हैरानी भरा सुधार हर रोज नए-नए खुलासे, तर्क-वितर्क के बीच सच क्या और झूठ क्या है इस पर ऊहापोह की स्थिति है। कभी यह सुनाई देता है कि घटनास्थल से कलेक्ट किए गए नमूनों में से 19 नमूने आरोपी के फिंगरप्रिंट से मेल नहीं खा रहे। अब यह कि फेशियल रिकग्निशन टेस्ट में आरोपी शरीफुल का चेहरा और सैफ के घर में मिले सीसीटीवी के कैद आरोपी का चेहरा एक ही है। यह एक तरह से बायोमेट्रिक पहचान तकनीक है जो तीन भागों में विभाजित है। चेहरा पहचानना, चेहरा ट्रैकिंग और चेहरे को मिलाना। इस तकनीक से मुख्य रूप से यह पता किया जाता है कि दो तस्वीरों में मौजूद व्यक्ति एक ही व्यक्ति है या नहीं?

इतना तो तय है कि घटना की गुत्थियां, पेचीदगियां और रहस्य कहीं न कहीं महाराष्ट्र पुलिस, सरकार और सेलीब्रिटीज के लिए लंबे अरसे तक सिरदर्द जरूर रहेंगी। सच-झूठ सिवाय सैफ-करीना के कौन जानता है यह भी अनसुलझा सवाल बन चुका है?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

# मुद्दा : परिवेशगत सुधार की जरूरत



विनीत नारायण

कई दशकों से देखने में आया है कि गणतंत्र या स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को नमन कर देशवासियों को लंबे-चौड़े वादों की सौगात देकर देश का भला करने के संकल्प लिए जाते हैं परंतु इन सब से क्या देश का भला हो सकता है?

कई देशों में प्रवासी भारतीयों ने कई क्षेत्रों में बुलंदियों को छुआ है। इसका मतलब हुआ कि भारतीयों में योग्यता की कोई कमी नहीं है। यदि सभी को सही मौका और प्रोत्साहन मिले तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

अगर यह बात सही है तो फिर क्या वजह है कि खिलाड़ियों पर खर्चा करने की बजाय खचीर्ले खेल आयोजनों पर अरबों रुपया बर्बाद किया जाता है? कुछ हजार रुपये का कर्जा लेने वाले किसान आत्महत्या करते हैं और लाखों करोड़ का बैंकों का कर्जा हड़पने वाले उद्योगपति ऐश। आधी जनता भूखे पेट सोती है और एफसीआई के गोदामों में करोड़ों टन अनाज सड़ता है। विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मीडिया भी ऐसी अव्यवस्था का नंगा नाच दिखाने में पीछे नहीं रहते।

नतीजतन, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम सीमा पर पहुंचता जा रहा है। सरकार के पास विकास के लिए धन की कमी नहीं है पर धन का सदुपयोग कर विकास के कामों को ईमानदारी से करने वाले पैसे-पैसे के लिए धक्के खाते हैं और नकली योजनाओं पर अरबों रुपया डकारने वाले सरकार का धन बिना रुकावट खींच ले जाते हैं। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस का क्या अर्थ लिया जाए? यही न कि हमने आजादी के नाम पर गोरे साहबों को धक्का देकर काले साहबों को बिठा दिया। पर काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप निकले। स्विटजरलैंड के बैंकों में सबसे ज्यादा काला धन जमा करने वालों में भारत काफी आगे है। इसलिए जरूरत है हमारी सोच में बुनियादी परिवर्तन की।

ह्यसब चलता हैह्ल और ह्यऐसे ही चलेगाह्ल कहने वाले इस लूट में शामिल हैं। जज्बा तो यह होना चाहिए कि ह्यदेश सुधरेगा क्यों नहीं?ह्ल ह्यहम ऐसे ही चलने नहीं देंगेह्ल। अब सूचना क्रांति का जमाना है। हर नागरिक को सरकार के हर कदम को जांचने-परखने का हक है। इस हथियार का इस्तेमाल पूरी ताकत से करना चाहिए। सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न हो उसमें में जो लोग बैठे हैं, उन्हें भी अपना रवैया बदलने की जरूरत है। एक मंत्री या मुख्यमंत्री रात के अंधेरे में मोटा पैसा खाकर उद्योगपतियों के गैर-कानूनी काम करने में तो एक मिनट की देर नहीं लगाता। पर यह जानते हुए भी कि फलां व्यक्ति या संस्था राज्य के बेकार पड़े संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर सकती है, उसके साथ वही तत्परता नहीं दिखाता।

आखिर क्यों? जब तक हम सही और अच्छे को बढ़ावा नहीं देंगे, उसका साथ नहीं देंगे, उसके लिए आलोचना भी सहने से नहीं डरेंगे तब तक कुछ नहीं बदलेगा। नारे बहुत दिए जाएंगे पर परिणाम केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे। सरकारों ने अगर अपने अधिकारियों के विरोध की परवाह करते हुए अपने कार्यकालों में कई सक्षम लोगों को यदि खुली छूट न दी होती तो अमूल और मेट्रो जैसे हजारों करोड़ के साम्राज्य कैसे खड़े होते? आम आदमी के लिए रोजगार का सृजन करना हो या देश की गरीबी दूर करना हो, सरकार की नीतियों में बुनियादी बदलाव लाना होगा। केवल आंकड़े ही नहीं साक्षात परिणाम देख कर भी नीति बननी चाहिए।

खोजी पत्रकारिता के चार दशक के मेरे अनुभव यही रहे कि बड़े से बड़ा भ्रष्टाचार बड़ी बेशर्मी से कर दिया जाता है पर सच्चाई और अच्छाई का डट कर साथ देने की हिम्मत हमारे राजनेताओं में नहीं है। इसीलिए देश का सही विकास नहीं हो रहा। खाई बढ़ रही है। हताशा बढ़ रही है। हिंसा बढ़ रही है। पर नेता चारों ओर लगी आग देख कर भी कबूतर की तरह आंखें बंद किये बैठे हैं। इसलिए फिर से समाज के मध्यम वर्ग को समाज के हित में सक्रिय होना होगा। मशाल लेकर खड़ा होना होगा। टीवी सीरियलों और उपभोक्तावाद के चंगुल से बाहर निकल कर अपने इर्द-गिर्द की बदहाली पर निगाह डालनी होगी ताकि हमारा खून खौले और हम बेहतर बदलाव के निमित्त बन सकें।

विनाश के मूक द्रष्टा नहीं। तब ही हम सही मायने में आजाद हो पाएंगे। फिलहाल तो उन्हीं अंग्रेजों के गुलाम हैं जिनसे आजादी हासिल करने का मुगालता



लिए बैठे हैं। हमारे दिमागों पर उन्हीं का कब्जा है जो घटने की बजाय बढ़ता जा रहा है। ये बातें या तो शेखचिल्ली के ख्वाब जैसी लगती हैं या किसी संत का उपदेश। पर ऐसा नहीं है। इन्हीं हालात में बहुत कुछ किया जा सकता है। देश के हजारों लाखों लोग रात दिन निष्काम भाव से समाज के हित में समर्पित जीवन जी रहे हैं। हम इतना त्याग न भी करें तो भी इतना तो कर ही सकते हैं कि अपने इर्द-गिर्द की गंदगी को साफ करने की ईमानदार कोशिश करें। चाहे वह गंदगी हमारे दिमागों में हो, हमारे परिवेश में हो या हमारे समाज में हो। हम नहीं कोशिश करेंगे तो दूसरा कौन आकर हमारा देश सुधारेगा?

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।




# रिलीज के कुछ घंटे बाद ही पाइरेसी की शिकार हुई देवा, शाहिद कपूर को लगा झटका

**शाहिद कपूर की बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्म देवा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन रिलीज के कुछ ही घंटों बाद ऑनलाइन लीक हो गई। शाहिद कपूर अभिनीत यह फिल्म कथित तौर पर बड़े पर्दे पर आने के तुरंत बाद कई अवैध वेबसाइटों पर अपलोड कर दी गई थी।यह घटना भारतीय सिनेमा को निशाना बनाकर साइबर चोरी का एक और मामला है।**

## कलेक्शन पर होगा असर

देवा के पाइरेटेड संस्करण कई अवैध वेबसाइटों पर देखे गए हैं। देवा मूवी डाउनलोड, देवा मूवी एचडी डाउनलोड, देवा तमिलरॉकर्स, देवा फिल्मजिला, और देवा टेलीग्राम लिंक्स जैसे कीवर्ड सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहे हैं। यह फिल्म कई फॉर्मेट में कई वेबसाइटों पर उपलब्ध है। देवा का ऑनलाइन लीक होना इसकी बॉक्स ऑफिस संभावनाओं के लिए बड़ा खतरा बन गया है।

## फिल्म के कलाकार

यह फिल्म शुरुआती तौर पर देश भर के सिनेमाघरों में भारी भीड़ खींच रही है, जिसमें शाहिद कपूर ने एक विद्रोही पुलिस अधिकारी देव अम्बरे की भूमिका में अभिनय किया है। मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित इस थ्रिलर-ड्रामा में पूजा हेगड़े एक खोजी पत्रकार की भूमिका में हैं, जबकि कुब्रा सैत और पावेल गुलाटी ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं।

## कई फिल्में हो चुकी हैं पाइरेसी का शिकार

देवा से पहले भी कई फिल्में पाइरेसी का शिकार हो चुकी हैं। अक्सर हर फिल्म ही पाइरेसी का शिकार हो जाती हैं। इससे पहले साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर भी पाइरेसी का शिकार हुई थी, जिस पर निर्माताओं ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक्शन भी लिया था। इस मामले में पुलिस केस भी किया गया और एक आरोपी को हिरासत में भी लिया गया था।



# मैं 7-8 साल की थी तभी से लोग मेरे बारे में बोलते हैं, बहुत बुरा लगता था

माता-पिता श्रीदेवी और बोनी कपूर की विरासत को आगे बढ़ाते हुए जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर उत्साहित भी हैं और नर्वस भी। ओटीटी पर द आर्चीज से अपने अभिनय का श्रीगणेश करने वाली खुशी अब आने वाली फिल्म लवयापा में प्यार-मोहब्बत की उलझनों को दर्शाती नजर आएंगी। इस मुलाकात में वे अपनी फिल्म, महिला मुद्दों, माता-पिता और ट्रोल्स के बारे में खुलकर बात कर रही हैं।

**इंडस्ट्री में जब भी दो बहन या भाई आते हैं, तो उनके बीच सिबलिंग राइवलरी की चर्चा होने लगती है। आपकी बहन जाह्नवी कपूर से आपकी बॉन्डिंग काफी है, क्या कहना चाहेंगी?**

मैं ऐसा कुछ मानती ही नहीं। मुझे नहीं लगता कि दो बहनों के बीच ऐसा कुछ होता होगा। हां, हम दोनों बहनें एक-दूसरे के बेहद करीब हैं। मैं जाह्नवी से काफी सवाल पूछती रहती हूं। जाह्नवी का सिर खा जाती हूं। काम की बात हो या किसी फंक्शन में कोई आउटफिट पहनना हो। मैं उससे सवाल पर सवाल करती रहती हूं। मैं उसको आउटफिट के पिक्स ले-लेकर भेजती रहती हूं और पूछती रहती हूं कि क्या पहनूं। क्या करूं! मुझे लगता है कि मैं उनके अनुभव से काफी कुछ सीख सकती हूं। वो जो कहती हैं, मैं वैसा ही करती हूं।

**आपके फिल्मकार पिता बोनी कपूर से आपने क्या टिप्स लिए इंडस्ट्री में आने के लिए?**

मैं अपने डैड से पूछे बिना कुछ नहीं करती। मैं इंडस्ट्री में नई हूं और वे काफी अनुभवी हैं, तो स्क्रिप्ट्स की बात हो या काम की, मैं हमेशा उन्हीं से सलाह लेती हूं। वे हमेशा मुझे एडवाइज देते हैं और मेरा मार्गदर्शन करते हैं।

**आपकी नजर में सबसे आइडियल कपल कौन है?**

बेशक मेरे माता-पिता। मैं अपने माता-पिता से बहुत प्यार करती हूं। वही मेरी नजर में सबसे आदर्श कपल हैं। हर कोई बचपन से अपने माता-पिता को ही देखता है एक आदर्श के रूप में। उनकी आदतें, उनके मूल्यों और विश्वास को ही वे अपनाते हैं। उनकी गलतियों से सीखते हैं। मैंने प्यार का अहसास अपने माता-पिता के रिश्ते से सीखा। जिस तरह वे एक-दूसरे को चाहते थे। मैं भी उसी तरह का प्यार और रिश्ता चाहूंगी।

**आपकी फिल्म रिलेशनशिप और प्यार-मोहब्बत पर आधारित है। क्या आप उनके सिचुएशनशिप, बेंचिंग, रेड फ्लैग, घोस्टिंग जैसे टर्म्स से वाकिफ हैं?**

मुझे रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग के बारे में तो पता है। ये समझना आसान है। बाकी दूसरे टर्म्स से मैं वाकिफ नहीं हूं। मैं देखती हूं कि हर दिन कुछ नया आ जाता है। मगर मैं इतना कह सकती हूं कि प्यार एक अहसास है। वह अब भी वैसा ही है, जैसे पहले था। हां, कॉम्प्लिकेशन्स भी हैं। बस अब ये एक्स्ट्रा टर्म्स आ गए हैं। जैसे हमारी फिल्म ही ले लीजिए। इसमें फोन के कारण काफी जटिलताएं आ जाती हैं। हमारी फिल्म में आपको पुरानी फिल्मों वाला प्यार-मोहब्बत मिलेगा, मगर हमने न्यू एज जेनरेशन के लव और उनकी समस्याओं को भी दर्शाया है।

**सोशल मीडिया पर आप कितना वक्त बिताती हैं? ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं?**

मैं भी दूसरों की तरह सोशल मीडिया पर काफी वक्त बिताती हूं। रील्स देखती रहती हूं। कोशिश करती हूं कि अपना स्क्रीन टाइम कम कर सकूं, मगर कर नहीं पाती, क्योंकि सारा काम फोन पर ही होता है। हमारी पूरी जिंदगी फोन पर है। वैसे कंट्रोल नहीं है मेरा। जहां तक ट्रोल्स की बात है, तो वह मेरे फिल्मों में आने से पहले ही थे। जब मैं 7-8 साल की थी, तभी से लोग मेरे बारे में कुछ न कुछ तो बोलते ही रहते थे इंटरनेट पर। अब तो काफी हद तक आदत हो गई है, मगर जब मैं छोटी थी, तब बहुत बुरा लगता था कि मेरे बारे में ऐसा क्यों लिखा जा रहा है। मगर अब लगता है कि लोग तो कहेंगे ही। मैं उसे कंट्रोल नहीं कर सकती। लोगों को एक इम्प्रेशन है मुझे लेकर कि मैं इंडस्ट्री से हूं, तो शायद मैं ऐसी हूं या वैसी हूं। लोगों को लगता है कि अगर ये इंडस्ट्री से हैं, तो शायद ईमानदारी से काम नहीं करेगी। मगर वे गलत हैं। अगर मैं दिन भर ट्रोल्स के कॉमेंट पढ़ूं, तो मुझे बुरा ही लगेगा। मैं ज्यादातर उन्हें इग्नोर करती हूं। मैं अपना काम बेहतरीन ढंग से कर सकती हूं और उम्मीद करती हूं कि लोग मुझे पसंद करें।



पत्रलेखा और राजकुमार राव ने आधिकारिक तौर पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। काम्पा नाम व्यक्तिगत महत्व रखता है, क्योंकि इसमें उनकी माताओं के नाम के पहले अक्षर शामिल हैं, जो इस कपल की निजी जिंदगी को दर्शाता है।

# राजकुमार राव-पत्रलेखा ने लॉन्च किया प्रोडक्शन हाउस

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। नए उद्यम का नाम उनकी माताओं (कमलेश यादव और पापरी पॉल) के लिए प्यारी याद है, क्योंकि इसमें उनके नाम के पहले अक्षर शामिल हैं। दोनों ही कलाकार इस प्रयास में उद्योग जगत के अनुभव का खजाना लेकर आए हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस के नाम का मतलब भी समझाया है।

## कपल ने लॉन्च किया प्रोडक्शन हाउस

पत्रलेखा और राजकुमार राव ने आधिकारिक तौर पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। काम्पा नाम व्यक्तिगत महत्व रखता है, क्योंकि इसमें उनकी माताओं के नाम के पहले अक्षर शामिल हैं, जो इस कपल की निजी जिंदगी को दर्शाता है। अपने नए उद्यम के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, काम्पा का शुभारंभ हमारे लिए एक भावनात्मक मील का पत्थर है। सिनेमा ने हमारे जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह बदले में कुछ देने का हमारा तरीका है।

## राजकुमार राव ने जताई खुशी

राजकुमार ने आगे कहा, हम ऐसी कहानियां बताने के लिए एक मंच बनाना चाहते थे, जो मनोरंजक और प्रेरणादायक होने के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी गूंजती हों। यह यात्रा हमारे दिल के बहुत करीब है और हम दर्शकों के लिए ताजा और अनूठी कहानियां लाने के लिए उत्सुक हैं। कपल का उद्देश्य है कि वे काम्पा फिल्म्स को एक मंच के रूप में उपयोग करके विविध कहानियां सुनाएं, जो दर्शकों के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक रूप से जुड़ती हों।

## कुछ प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है प्रोडक्शन हाउस

काम्पा फिल्म्स ने कुछ प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसकी घोषणा आने वाले महीनों में की जाएगी। प्रोडक्शन हाउस को उम्मीद है कि वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगा। उनका लक्ष्य ऐसे प्रोजेक्ट तैयार करना है, जिससे लोगों को संदेश भी मिले और उनका मनोरंजन भी हो जाए।

# विजय की जासूसी थ्रिलर फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा? भाग्यश्री बोरसे भी आएंगी नजर

विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म वीडी 12 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वीडी 12 की रिलीज से पहले इस फिल्म के टीजर का प्रशंसकों को इंतजार है। इस फिल्म के शीर्षक को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। लेकिन अब लगता है फिल्म को एक टाइटल मिल गया है। बहरहाल, कथित तौर पर वीडी 12 का नाम साम्राज्यम रखा गया है।



## फिल्म का शीर्षक

साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा गौतम थिन्नानुरी द्वारा निर्देशित फिल्म वीडी 12 में नजर आएंगे। निर्माता नागा वामसी द्वारा वीडी 12 का शीर्षक तय किए जाने की घोषणा के बाद, फिल्म के शीर्षक के बारे में अफवाहें फैलनी शुरू हो गई हैं। चर्चा के अनुसार, फिल्म का शीर्षक साम्राज्यम है, लेकिन अभी तक फिल्म के शीर्षक की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है

## जासूसी थ्रिलर फिल्म होगी

भारी भरकम बजट में बन रही इस फिल्म में विजय देवरकोंडा के साथ भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। भाग्यश्री को उनकी फिल्म मिस्टर बच्चन में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म होगी।

## फिल्म का बजट

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शीर्षक और एक झलक 7 फरवरी, 2025 को सामने आ सकती है। यह अखिल भारतीय फिल्म सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बीच एक संयुक्त सहयोग है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत तैयार कर रहे हैं।

## फिल्म की शूटिंग

बहरहाल, विजय इन दिनों वीडी 12 की शूटिंग में व्यस्त हैं। जानकारी के अनुसार, फिल्म का टीजर 7 फरवरी, 2025 को रिलीज किया जाएगा और निर्माता नागा वामसी ने पहले ही खुलासा कर दिया है कि वीडी 12 को दो भागो में रिलीज किया जाएगा और हर भाग की कहानी अलग होगी। इस तरह वे दो अलग-अलग फिल्में बन जाएंगी। फिलहाल, वीडी 12 की 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है।





# हंटर 2 का टीजर जारी जैकी श्रॉफ से दो-दो हाथ करेंगे सुनील शेट्टी

**बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर के दूसरे सीजन के साथ अपनी वापसी करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अभिनेता ने शूटिंग की एक झलक साझा की, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। वहीं अब, निर्माताओं ने भी सीरीज के दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है।**

## सुनील शेट्टी का दमदार अवतार

हंटर सीरीज को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। वहीं, अब फैंस हंटर 2 के लिए तैयार हैं। ऐसे में ओटीटी चैनल के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा के सीजन 2 की भी घोषणा की। इस आकर्षक प्रमोशनल वीडियो में सुनील शेट्टी को एक दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं।

## निर्माताओं की पोस्ट

वीडियो साझा करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज का टीजर वीडियो साझा करते हुए लिखा, हंटर वापस आ गया है...याद है ना, यह टूटेगा नहीं, तोड़ेगा। हंटर सीजन 2, जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर आ रहा है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी सीरीज की आधिकारिक रिलीज डेट का एलान नहीं किया है, लेकिन यह शो इसी साल दर्शकों का मनोरंजन करेगा।

## कलाकार और टीम

वहीं, बात करें सीरीज के कलाकारों की तो सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ के साथ हंटर 2 में बरखा बिष्ट, अनुषा दांडेकर भी हैं। सीरीज के निर्माता विक्रम मेहरा और सिद्धार्थ आनंद कुमार हैं। सीरीज का निर्माण सारेगामा इंडिया, यूडली फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्देशित इस सीरीज को खुश मलिक, अली हाज़ी और वीर ने मिलकर लिखा है।

# 'जॉली एलएलबी 3' का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं राम कपूर



राम कपूर टीवी सीरियल्स की दुनिया का मशहूर नाम हैं, साथ ही वह फिल्मों, वेब सीरीज में भी अलग-अलग तरह के किरदार करते हैं। इस समय वह अपनी वेट लॉस जर्नी को लेकर काफी चर्चा में हैं। लगभग 6-8 महीने में राम कपूर ने 55 किलो वजन कम किया है। हाल ही में राम कपूर को साइरस ब्रोचा के पॉडकास्ट में देखा गया। यहां पर वह अपनी वेट लॉस जर्नी और अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर बात करते हुए दिखे। इस दौरान उन्होंने फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का जिक्र किया। राम कपूर ने साइरस ब्रोचा को उनके पॉडकास्ट में बताया कि वह फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का हिस्सा हैं। वह इसे एक कमाल की फिल्म बताते हैं। आगे राम बताते हैं कि फिल्म में वह अक्षय कुमार और अरशद वारसी के किरदारों की तरह ही एक वकील के किरदार में हैं। यह रोल छोटा जरूर है लेकिन बहुत ही असरदार है। वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। राम कपूर आगे बताते हैं कि वह वह आयुष्मान खुराना के साथ भी एक फिल्म कर रहे हैं। इसकी कुछ शूटिंग हो चुकी हैं बाकी कश्मीर में होगी। वह जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग के लिए कश्मीर जाएंगे।

# डी गुकेश को हराकर प्रज्ञानंद ने रचा इतिहास, टाटा स्टील मास्टर्स का जीता खिताब

**विज्क आन जी, नीदरलैंड (एजेंसी)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीत लिया। प्रज्ञानंद ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को टाईब्रेकर में 2-1 से खिताब पर कब्जा जमा लिया। बता दें कि इससे पूर्व दोनों भारतीय खिलाड़ी अंतिम दिन अपनी बाजियां हार गए थे लेकिन दोनों की बीच खिताब के लिए टाईब्रेकर मुकाबला हुआ था। जिसमें प्रज्ञाननंद ने बाजी मारी। प्रज्ञानंद और गुकेश दोनों को अपने अंतिम दौर में मैचों में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश को अर्जुन एरिगैसी ने हराया, जबकि प्रज्ञानंद जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए। इन असफतलाओं के बावजूद, वे लीडरबोर्ड में टॉप पर बने रहे, जिससे टूर्नामेंट टाईब्रेकर में चला गया।

प्रज्ञानंद ने मास्टर्स में पूर्ण अंक प्राप्त करने और अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए सही तकनीक का प्रदर्शन किया तो दूसरी और गुकेश के लिए, ये लगातार दूसरा साल था जब वह पहले स्थान के लिए बराबरी पर रहे और टाईब्रेकर हार गए, पिछले साल के पिछले सीजन में गुकेश चीनी वेई यी से भी हार गए थे। जहां गुकेश को अपने साथी भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा वहीं प्रज्ञाननंदा जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए। प्रज्ञाननंदा ने अपनी जीत के बाद टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट से कहा, ''मेरे हाथ अब भी कांप रहे हैं। यह कितना रोमांच से भरा दिन था। मेरे पास इसको व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे वास्तव में जीत की उम्मीद नहीं थी लेकिन चीजें मेरे अनुकूल होती रही।''केवल दो साल की उम्र से शतरंज खेल रहे प्रज्ञाननंदा ने कहा, ''मेरे लिए यह दिन खास है क्योंकि मैंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह तनाव से भरा दिन था।'' गुकेश ने टाईब्रेकर में पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन प्रज्ञाननंदा ने इसके बाद शानदार वापसी करके अगली दोनों बाजियां जीत कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रज्ञाननंदा ने कहा, ''विंसेंट के खिलाफ मैं उस स्तर के आसपास भी नहीं खेल पाया, जिस स्तर पर मैं यहां खेल रहा था। मुझे अर्जुन को कोई उपहार देना चाहिए क्योंकि कई बार मुझे लगा कि गुकेश ने टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया।'' उन्होंने कहा, ''मैं जीत का लक्ष्य लेकर यहां आया था लेकिन चुनौती काफी कड़ी थी।मैं वास्तव में कल तक इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा था। मैं काफी थक चुका हूं और अब थोड़ा विश्राम करना चाहता हूं।'' गुकेश को यहां लगातार दूसरे वर्ष टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार वह चीन के चीनी वेई यी से हार गए थे।




## भारतीय टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत दिला सकते हैं विराट और रोहित : गंभीर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने खराब फार्म से जूझ रहे विराट कोहली और रोहित शर्मा का बचाव करते हुए कहा है कि आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी में ये दोनो टीम को जीत दिला सकते हैं। विराट और रोहित पिछले कुछ समय से रन बनाने में लगातार असफल् रहे हैं। ऐसे में इनको टीम में रखे जाने पर भी सवाल उठ रहे थे। गंभीर ने कहा, उन्हें (चैंपियंस ट्रॉफी में) बड़ी भूमिका निभानी होगी। मुझे लगता है कि रोहित और विराट दोनों ड्रेसिंग रूम में बहुत अधिक मूल्य जोड़ते हैं। वे भारतीय क्रिकेट में भी बहुत मूल्य जोड़ते हैं। और मैंने पहले भी कहा है, वे लोग जीत के बहुत भूखे हैं, वे देश के लिए खेलना चाहते हैं। उनमें देश के लिए खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने का जज्बा है।

गंभीर ने कहा कि टीम चैंपियंस ट्रॉफी में एक पल के लिए भी आराम नहीं कर सकती क्योंकि 50 ओवर के विश्व कप की तुलना में उनके पास लय हासिल करने के लिए केवल तीन लीग मैच हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 50 ओवर के विश्व कप की तुलना में पूरी तरह से अलग चुनौती है, इसलिए आप इस टूर्नामेंट में कहीं भी नहीं रुक सकते। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि हम वास्तव में अच्छी शुरुआत करने जा रहे हैं, क्योंकि अंततः, यदि आप आगे बढ़ना चाहते हैं और प्रतियोगिता जीतना चाहते हैं, तो आपको 5 गेम जीतने होंगे।

गंभीर ने 23 फरवरी को दुबई में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को अधिक हाइप देने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि देखिए, हम चैंपियंस ट्रॉफी में यह सोचकर नहीं जाते कि 23वां मैच हमारे लिए सबसे अहम है। मुझे लगता है कि सभी खेल महत्वपूर्ण हैं। दुबई जाने का मिशन चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है, न कि केवल एक विशेष गेम जीतना। महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे लगता है कि जब दो देश, भारत और पाकिस्तान, एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, तो जाहिर तौर पर भावनाएं बहुत अधिक होती हैं पर अंततः मुकाबला वही रहता है।

## बीसीसी अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ रुपये इनाम देगा




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप विजेता अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए उसे पांच करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। बीसीसीआई ने टीम जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने टूर्नामेंट में के असाधारण प्रदर्शन किया है। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के साथ ही टीम की मुख्य नूशिन अल खादीर के साथ-साथ उनके सहयोगी स्टाफ को भी सराहा। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, अंडर-19 महिला विश्वकप को दूसरी बार जीतने के लिए टीम को हम बधाई देते हैं जिस प्रकार से टीम ने इस टूर्नामेंट में सभी मैच जीते हैं। उससे पता चलत है कि देश में महिला अंडर-19 क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह ट्रॉफी हम सभी के लिए गर्व का क्षण है और मैं हर सदस्य को आगे बढ़ते हुए देखकर खुशी का अनुभवी रहें हैं। वहीं

वहीं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, लगातार दूसरा विश्वकप जीतना टीम में अनुशासन और दृढ़ता दिखाता है। यह जीत भारत की युवा लड़कियों की अगली पीढ़ी को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी।

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह जीत टीम के समर्पण, दृढ़ता और कौशल को दिखात है। इससे देश में जमीनी स्तर के क्रिकेट की बढ़ती ताकत का अंदाज होता है। इससे ये भी पता चलता है कि देश में महिला क्रिकेट का उज्ज्वल भविष्य है। भारतीय टीम ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार विश्वकप जीता था।

## जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर आया बड़ा अपडेट, चैंपियंस ट्रॉपी से पहले करना होगा ये काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान हो चुका है, लेकिन अभी भी स्क्वॉड में बदलाव की संभावना है। दरअसल, आईसीसी ने सभी आठ टीमों के समक्ष डेडलाइन रखी है कि वे 11 फरवरी तक अपनी-अपनी टीम में बदलाव कर सकती हैं। टीम इंडिया के लिए जसप्रीत बुमराह की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है। अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बुमराह बेंगलुरु स्थिति नेशनल क्रिकेट अकादमी में आ गए हैं, जहां वो मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे।



टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक जसप्रीत बुमराह 2-3 दिनों तक NCA स्पेशलिस्ट्स की निगरानी में रहने वाले हैं। पूरी जांच करने के बाद ही रिपोर्ट अजीत अगरकर की लीडरशिप वाली चयन समिति को भेजी जाएगी। भारतीय टीम का ऐलान होने से पहले एक अपडेट सामने आया था कि बुमराह को भारतीय टीम में शामिल तो किया जाएगा, लेकिन प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे या नहीं ये केवल उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है।

वहीं पिछले महीने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने कहा था कि , जसप्रीत बुमराह को पांच हफ्ते का आराम दिया गया है और वो इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे। अगरकर का कहना था कि बुमराह की फिटनेस पर फैसला फरवरी महीने की शुरुआत में किया जाएगा। सारी मेडिकल जांच रिपोर्ट्स को परखने के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

टीम इंडिया के पास ये तय करने के लिए सिर्फ एक सप्ताह बाकी रह गया है कि जसप्रीत बुमराह को चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड में बनाए रखना है या नहीं। 11 फरवरी तक सभी आठ टीमों को तय करना है किस प्लेयर को स्क्वॉड में रखना है और किसे नहीं। फिलहाल, बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में खेलकर खुद की फिटनेस को साबित करना पड़ेगा।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में मेजबान पाकिस्तान से सावधान रहे भारत और ऑस्ट्रेलिया : पोंटिंग

सिडनी । ऑस्ट्रेतियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में मेजबान पाकिस्तान की टीम को कम आंकना भूल होगी । पोंटिंग के अनुसार भारत और ऑस्ट्रेलिया इस बार खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं पर इन्हें मेजबान टीम से सतर्क रहना होगा । पोंटिंग ने कहा कि टूर्नामेंट का फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो सकता है पर इन्हें टूर्नामेंट में पाक से सावधान रहना होगा । भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी । पोंटिंग मानते हैं कि मेजबान दोनों टीमों को कड़ी चुनौती दे सकता है । उन्होंने कहा, 'भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा हाल के समय में पाक ने भी काफी अच्छा खेला है । उसका एकदिवसीय में पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन रहा है । हम जानते हैं कि वे बड़े टूर्नामेंटों में पिछले कुछ समय से इतना अच्छा नहीं कर रहे पर उन्होंने हाल में चीजों को थोड़ा सा सुलझा लिया है ।' आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी में पाक ने पिछले साल तीन एकदिवसीय सीरीज खेलीं और सभी में जीत हासिल की । उसने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे में 2-1 से वापसी की जीत दर्ज की और फिर दक्षिण अफ्रीका में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में हराया ।

## संजू सैमसन की अंगुली में फेक्चर, 5-6 सप्ताह तक क्रिकेट से रहेंगे दूर

नई दिल्ली । स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है जिसके कारण वह एक महीने से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे और आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे । उन्हें मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी थी । सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन पूरा कर के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे । प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी । मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बो (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, 'सैमसन की दाहिनी तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है । उन्हें नेट पर अभ्यास शुरू करने में पा से छह सप्ताह लगेंगे । इसलिए उनके आठ से 12 फरवरी तक पुणे में केरल (जम्मू-कश्मीर के खिलाफ) के लिए रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में खेलने की कोई संभाव नहीं है । पूरी संभावना है कि उनकी वापसी आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए होगी ।'

## अपने पास मोबाइल भी नहीं रखते धोनी : शुक्ला



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का स्वभाव ऐसा है कि वह हमेशा अलग रहते हैं । यहां तक कि अपने पास मोबाइल फोन तक नहीं रखते । ऐसे में कई बार चयन समिति को भी उसने संपर्क करने में परेशानी आती है । बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि पर धोनी हो कमिटमेंट करते हैं, उसे जरुर पूरा करते हैं । साथह कहा कि धोनी के अंदर कोई हल्कापन नहीं है । वह बेकार की बातें नहीं करते । जब उनसे पूछा गया कि धोनी समाज से अलग क्यों रहते हैं ? इस पर उन्होंने कहा, वह उनका स्वभाव है । वह मोबाइल फोन ही नहीं रखते अपने पास। यहां तक कि बीसीसीआई चयनकर्ताओं के लिए भी उनसे संपर्क करना मुश्किल होता है । मैंने देखा है कि वह सिद्धांतवादी हैं । जो कमिटमेंट करते हैं, उसे वह गंभीरता से लेते हैं। वह गंभीर हैं औरउनमें कोई हल्कापन नहीं नहीं है । वह फिजूल की बातें नहीं करते । धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से काफी समय पहले रिटायर हो चुके हैं और अब केवल आईपीएल में खेल रहे हैं । आईपीएल के इस सत्र में भी वह खेलेंगे । सीएसके ने उनको 4 करोड़ रुपये में अपने पास रखा है । माना जा रहा है कि 42 साल के होने जा रहे धोनी का ये आईपीएल में अंतिम सत्र हो सकता है ।

## फिक्सिंग के आरोप के बाद गिरी गाज, राष्ट्रीय खेलों के ताइक्वांडो अधिकारी को बदला गया

**देहरादून (एजेंसी)।** राष्ट्रीय खेल तकनीकी आचरण समिति (जीटीसीसी) ने 'प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही 16 वजन श्रेणियों में से 10 के परिणाम तय करने' के आरोप झेल रहे ताइक्वांडो के प्रतियोगिता निदेशक को बदल दिया है। जीटीसीसी ने तीन सदस्यीय प्रतिस्पर्धा निवारण समिति (पीएमसीसी) द्वारा की गई 'कड़ी सिफारिशों' के बाद टी प्रवीण कुमार की जगह एस दिनेश कुमार को प्रतिस्पर्धा के नए निदेशक के रूप में नामित किया है।

जीटीसीसी की अध्यक्ष सुनैना कुमारी ने कहा कि पीएमसीसी की सिफारिशें स्वीकार कर ली गई हैं। सुनैना ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम पीएमसी समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखें और राष्ट्रीय खेलों उत्तराखंड की अखंडता को बनाए रखे। प्रतियोगिता के पूर्व निदेशक के खिलाफ शिकायतें मिलने के अलावा हम यह जानकर भी हैरान हैं कि उन्होंने खेल विशेष स्वयंसेवकों के चयन



परीक्षणों के लिए कुछ राज्य संघों के पदाधिकारियों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ-साथ उपकरण विक्रेताओं को भी नामित किया था।'

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने जीटीसीसी के फैसले का समर्थन करते हुए कहा, 'सभी हितधारकों के लिए खेल की भावना को बनाए रखना और सभी प्रतिभागियों को देश के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मौका देना महत्वपूर्ण है। यह चौंकाने वाला और दुखद है कि राष्ट्रीय खेलों के पदकों का फैसला कथित तौर पर प्रतियोगिताओं की शुरुआत से पहले ही खेल के मैदान से दूर किया गया।'

उन्होंने कहा, 'आईओए में हम अपने खिलाड़ियों के प्रति निष्पक्ष रहने के साथ साथ प्रतिस्पर्धा में हेरफेर करने और राष्ट्रीय खेलों की छवि खराब करने वाले लोगों से उनकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' पीएमसी समिति को पता चला कि भारतीय ताइक्वांडो महासंघ द्वारा नियुक्त कुछ अधिकारी 'प्रतियोगिता शुरू होने से बहुत पहले 16 वजन श्रेणियों में से 10 में' मैचों के नतीजे तय कर रहे थे। आईओए को मिली जानकारी के मुताबिक, 'स्वर्ण पदक के लिए तीन लाख रुपये की मांग की गई थी जबकि रजत पदक के लिए दो लाख और कांस्य पदक के लिए एक लाख रुपए की मांग की गई थी। ताइक्वांडो की कुल 16 क्योरूगी और 10 पूमसे प्रतियोगिताएं चार से आठ फरवरी तक हल्द्वानी में होंगी।

## भारतीय टीम पावरप्ले में सबसे अधिक रन बनाने वाली चौथी टीम बनी

मुम्बई (ईएमएस) । भारतीय टीम ने मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ यहां पांचवे टी20 क्रिकेट मुकाबले में सबसे तेजी से रन बनाने का एक नया रिका बनाया । अभिषेक शर्मा के आक्रामक शतक के अलावा तिलक वर्मा और शिवम दुबे ने तेजी से खेलते हुए भारतीय टीम को 20 ओवरों में 9 विकेट पर 247 रनों तक पहुंचा दिया । इसी के साथ भारतीय टीम पावरप्ले में सबसे अधिक 95 रन बनाने वाली चौथी टीम बन गयी है । सबसे तेजी से रन बनाने वाली इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले नंबर पर है । उसने साल 2024 में ही स्कॉ लैंड के खिलाफ पावरप्ले में ही 113 रन बना दिए थे । तब ट्रेविस हेड ने 25 गेंदों पर ही 80 रन बना दिये थे । ऑस्ट्रेलिया ने 156 रन का लक्ष्य 9.4 ओवर में ही हासिल कर लिया था । पावरप्ले में ट म के लिए सबसे ज्यादा 113 रन ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाये थे । वहीं दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टंडीज के खिलाफ मैच में 102 और वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ 98 रन बनाए थे । वहीं चौथे नंबर परी रही भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 95 रन बनाये हैं ।

## वरुण टी20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय बने

### -होल्डर का सबसे अधिक विकेट का रिकार्ड नहीं तोड़ पाये



मुंबई । भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के पास इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पांचवें टी20 मुकाबले में विस्टइंडीज के जैसन होल्डर का टी20 सीरीज में सबसे अधिक 15 विकेट लेने के रिकार्ड को तोड़ने का अवसर था पर वह असफल रहे । वरुण को इस सीरीज में 14 विकेट मिले। यह टी20 सीरीज में अब तक किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वरुण को मौजूदा सीरीज में 14 विकेट मिले। यह भारत के लिए भी किसी टी20 सीरीज में भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हैं। इससे पहले पांच मैचों की टी20 सीरीज में सबसे अधिक 15 विकेट होल्डर ने इंग्लैंड के खिलाफ लिए थे । वहीं भारतीय टीम के वरुण के नाम 14 और न्यूजीलैंड के ईश सोढ़ी के नाम 13 विकेट हैं । अब तक भारतीय टीम की ओर से 5 टी20 मैचों की सीरीज में सर्वाधिक 9 विकेट स्पिनर रवि बिश्नोई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लिए थे । वहीं वरुण ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि ये मेरी अब तक की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है, लेकिन इसमें सुधार करने के लिए बहुत कुछ करना शेष है । आज की जीत खास है, मैं इसे अपने बेटे और पत्नी को समर्पित करना चाहूंगा ।

## सैमसन रोहित और यशस्वी के क्लब मे शामिल हुए

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 मैच में केवल 16 रन बनाकर भी एक रिकार्ड अपने नाम कर गये । इसी के साथ ही सैमसन पहली गेंद पर छक्का मारने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं । इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल ने ही पहली गेंद पर छक्का लगाया था । सैमसन ने पूरी सीरीज में परेशान करने वाले आर्चर को पहली गेंद पर छक्का मारा। वहीं आर्चर ने लगातार अपनी बाउंसर से सीरीज के पिछले 4 मैच में सैमसन को परेशान रखा था । इस बार उन्हें पहली गेंद पर बाउंसर डालना भारी पड़ा । सैमसन ने गेंद को हवा में उछल दिय जो सीधे बाउंड्री से बाहर चली गयी । रोहित ने इससे हपले 2021 में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लिश स्पिनर आदिल रशीद के खिलाफ पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था जबकि यशस्वी ने पिछले साल हरारे में सिकंदर रजा के खिलाफ छक्का लगाया था। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में सैमसन पूरी तरह से विफल रहे। पहले ओवर में छकका लगाने के बाद वह अगले ही ओवर में मार्क वुड की बाउंसर पर ही आउट हो गए । यह पांचवीं बार था जब वह बाउंसर पर आउट हुए और इस सीरीज में वह सबसे कम केवल 51 रन ही बना पाये ।

## रोहित और विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए शुरु किया अभ्यास

नागपुर । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए अभ्यास शुरु कर दिया है । ये दोनो ही रविवार को यहां पहुंचे । हैरानी की बात ये थी कि दोनो ने ही एक सी टी शर्ट पहनी हुई थी । भारत और इंग्लैंड के बीच पहला एकदिवसीय मैच 6 फरवरी को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) में खेला जाएगा । रोहित और विराट रविवार शाम को नागपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते हुए देखे गए । रोहित मुंबई में शनिवार को बीसीसीआई नमन पुरस्कार समारोह में शामिल होने के बाद सीधे नागपुर पहुंचे । वहीं कोहली दिल्ली से नागपुर पहुंचे हैं । विराट पिछले सप्ताह सोमवार से शनिवार तक दिल्ली में रेलवे के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच खेल रहे थे । रोहित और विराट के अलावा नागपुर एयरपोर्ट पर यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, श्रेयर अय्यर और शुभमन गिल को भी देखा गया । रोहित और विराट के लिए ये सीरीज बेहद अहम है क्योंकि पिछले कुछ समय से दोनो ही रन नहीं बना पाये हैं । यहां तक कि रणजी में भी विफल रहे हैं ।

## युवी पाजी हमेशा कहते थे, 'एक दिन तुम भारत के लिए खेलोगे और मैच जीताओगे' : अभिषेक शर्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई में पांचवें टी20 मैच में इंग्लैंड पर भारत की 150 रनों की शानदार जीत के नायक बनने के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा कि पूर्व सफेद गेंद के महान खिलाड़ी युवराज सिंह से राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का विश्वास उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा।

वानखेड़े स्टेडियम में अभिषेक ने 54 गेंदों पर 135 रनों की पारी खेली, जो पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने 228.57 के स्ट्राइक-रेट से सात चौके और 13 छक्के लगाकर अपने स्ट्रोकप्ले में निर्दयी प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने 247/9 का स्कोर बनाया। अभिषेक ने एक कैच लिया और अपनी बाएं हाथ की स्पिन से दो विकेट चटकाए जिससे भारत ने इंग्लैंड को सिर्फ 97 रनों पर आउट कर दिया और 4-1 के स्कोर के साथ सीरीज जीत ली।

अभिषेक ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर, इस बात को लेकर कई बार संदेह होता है कि क्या आप कभी अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पाएंगे। लेकिन युवी पाजी (युवराज सिंह) ने हमेशा मुझ पर विश्वास किया है। वह कहते थे, 'एक दिन, तुम भारत के लिए खेलोगे और मैच जीताओगे, इसलिए मैं तुम्हें इसके लिए तैयार कर रहा हूं। इसी विश्वास ने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।'

अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि यह उनके चमकने का दिन होगा। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा ऐसी पारियां खेलता हूं, और आखिरकार, ऐसा हुआ। कोच और कप्तान के समर्थन ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। उन्होंने हमेशा मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया, तब भी जब मैं कुछ मैचों में असफल रहा। इसलिए जब आपके कप्तान और कोच एक युवा खिलाड़ी के तौर पर आपका समर्थन करते हैं, तो यह आपकी सबसे बड़ी प्रेरणा होती है।'

अभिषेक ने शुरू से ही अपने आक्रामक दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'जब मैं अभ्यास करता हूं, तो मैं इसे मैच के इरादे से करता हूं। पंजाब के साथ (सैयद) मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान मैंने यह विश्वास विकसित किया कि अगर मैं अपने क्षेत्र में हूं, तो मैं हर दूसरी गेंद पर चौका लगा सकता हूं। ब्रायन लारा सर ने एक बार मुझसे कहा था, 'अगर आप अभ्यास में 100 छक्के लगाते हैं लेकिन मैच में अपना विकेट खोते रहते हैं, तो इसका कोई फायदा नहीं है। यह सलाह मेरे साथ बनी रही और मैं हमेशा सही इरादे से खेलने की कोशिश करता हूं। तीनों सीनियर खिलाड़ियों- स्काई, हार्दिक और अक्षर भाई- ने मुझे सलाह दी कि मैं अपना समय लूं, सही क्रिकेटिंग शॉट खेलने





पर ध्यान केंद्रित करूं और अपना शतक पूरा करूं।'

अभिषेक ने मुंबई में मौजूद अपने परिवार के सामने शतक बनाने की भावना के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह वास्तव में एक विशेष पारी थी क्योंकि मेरी मां और बहन यहां थीं। अपने परिवार के सामने प्रदर्शन करने से बड़ा कोई एहसास नहीं है।'

## संक्षिप्त समाचार

### सूडान में आम नागरिकों पर हमले की यूएन ने की निंदा

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान में आम नागरिकों पर हमले की संयुक्त राष्ट्र संघ ने निंदा की है। सूडान में सेना और पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। इस संघर्ष के दौरान खार्तूम राज्य में एक बाजार पर हुए हमले में 60 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 150 से ज्यादा घायल हुए हैं। रविवार को संयुक्त राष्ट्र ने बयान जारी कर इसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन बताया और कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

### साल 2025 में थाईलैंड से 13 हजार और मजदूर लेकर आएगा इस्राइल

**जेरूसलम, एजेंसी।** इस्राइल की सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार रात को थाईलैंड पहुंचा है। दरअसल यह प्रतिनिधिमंडल थाईलैंड की सरकार से बात करेगा और थाईलैंड के मजदूरों को इस्राइल लाने की कोशिश करेगा। इस्राइल की कोशिश है कि इस साल थाईलैंड से करीब 13 हजार मजदूरों को लाया जाए। ये मजदूर इस्राइल के खेतों में काम करने के लिए लाए जा रहे हैं। इस्राइल में पहले ही 38 हजार थाईलैंड के लोग काम करते हैं।

### यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान में लगी आग

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** रविवार सुबह न्यूयॉर्क जाने वाली यूनाइटेड एयरलाइंस की एक फ्लाइट को टेकऑफ़ के दौरान आग लगने के बाद खाली कराया गया। मामले में संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि यूनाइटेड एयरलाइंस की फ्लाइट 1382 को सुबह 8: 35 बजे के आसपास जॉर्ज बुश इंटरकॉन्टिनेंटल एयरपोर्ट से इंजन में समस्या के चलते टेकऑफ़ रद्द करनी पड़ी। इस घटना को लेकर फॉक्स 26 ह्यूस्टन द्वारा जारी एक वीडियो में देखा गया कि विमान के पंखे पर आग लग गई है। फुटेज में, एक फ्लाइट अटेंडेंट को यात्रियों को बैठे रहने का निर्देश देते हुए सुना जा सकता है, जबकि एक यात्री चिल्लाता है कि नहीं, इसमें आग लगी है।

### तुर्किये ने सीरिया में 23 कुर्दिश लड़ाकों को मारने का किया दावा

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये ने रविवार को सीरिया में 23 कुर्दिश लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मारे गए लोग सीरियाई कुर्द वाईपीजी मिलिशिया या प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के सदस्य थे। तुर्किये पीकेके व वाईपीजी को एक ही मानता है, जबकि अमेरिका उन्हें अलग-अलग समूह मानता है। अमेरिका ने पीकेके को आतंकी समूह के रूप में प्रतिबंधित किया है, जबकि सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अभियान में वाईपीजी को अपना मुख्य सहयोगी मानता है।

### केन मार्टिन चुने गए डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी ने शनिवार को केन मार्टिन को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना। मार्टिन मिनेसोटा में पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे। वह डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी में जैमे हैरिसन की जगह लेंगे। हैरिसन ने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की हार के बाद एक और कार्यकाल की मांग नहीं की। पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद मार्टिन ने ट्रंप व उनके रिपब्लिकन सहयोगियों को चेतावनी देते हुए कहा, हम आ रहे हैं।

### आयरलैंड में कार पेड़ से टकराई, दो भारतीयों की मौत

**डबलिन, एजेंसी।** दक्षिणी आयरलैंड में भारतीय छात्रों की कार एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। हादसा शुक्रवार की सुबह हुआ। भारतीय छात्र चेरेकुरी सुरेश चौधरी व चिथूरी भार्गव को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को बताया कि घायलों को हर संभव सहायता मुहैया कराई जा रही है। सुपरिंटेंडेंट एंथनी फैरेल ने कहा, एक काले रंग की ऑडी ए6 कार कार्लो शहर की ओर जाते समय सड़क पार कर एक पेड़ से टकरा गई।

# चीन ने अमेरिकी टैरिफ का विरोध किया

**जवाबी कदम उठाने धमकी दी**

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह अमेरिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की निंदा और विरोध करता है. साथ ही कहा कि वह अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए आवश्यक जवाबी कदम उठाएगा. चीन ने कहा है कि अमेरिका द्वारा एकतरफा टैरिफ वृद्धि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का गंभीर उल्लंघन है. चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कदम अमेरिका की घरेलू समस्याओं को हल नहीं कर सकता है और इससे किसी भी पक्ष को कोई लाभ नहीं होगा.

ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में घोषणा की कि चीन चीनी वस्तुओं पर टैरिफ लगाने के मामले में विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा दायर करेगा और अपने अधिकारों और हितों की रक्षा करने के लिए जवाबी कदम उठाएगा. मंत्रालय ने आगे कहा, चीन चीनी वस्तुओं पर लगाए गए अमेरिकी टैरिफ से पूरी तरह असंतुष्ट है. एक बयान में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, अमेरिका ने फेंटेनाइल मुद्दे के बहाने चीनी आयात पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है. चीन इस कदम की कड़ी निंदा करता है और इसका विरोध करता है तथा अपने वैध अधिकारों और



हितों की रक्षा के लिए आवश्यक जवाबी कदम उठाएगा.

प्रवक्ता ने कहा, चीन का रुख दृढ़ और सुसंगत है. व्यापार और टैरिफ युद्धों में कोई विजेता नहीं होता. अमेरिका द्वारा टैरिफ में एकतरफा वृद्धि करना विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन है. यह कदम अमेरिका की घरेलू समस्याओं को हल नहीं कर सकता है. इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे किसी भी पक्ष को कोई लाभ नहीं होगा, दुनिया को तो बिल्कुल भी लाभ नहीं होगा. चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन का यह निर्णय उसके अपने मुद्दों को हल करने में योगदान नहीं देता है. इसने यह भी कहा कि यह निर्णय चीन और अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक और व्यापार सहयोग को भी कमजोर करता है. ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार चीन ने उम्मीद जताई कि अमेरिका फेंटेनाइल जैसे अपने मुद्दों को उद्देश्यपूर्ण और तर्कसंगत तरीके से देखेगा और उनका समाधान करेगा, बजाय इसके कि वह अन्य देशों के खिलाफ टैरिफ को बलपूर्वक लागू करे.

बयान के अनुसार चीन ने अमेरिका से आग्रह किया कि वह अपने फैसलों को सुधारे. चीनी पक्ष से बातचीत कर पारस्परिक लाभ और सम्मान के आधार पर मतभेदों का दूर करे. बयान में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन की दुनिया में सबसे सख्त और सबसे गहन ड्रग्स नियंत्रण नीतियों में से एक है. फेंटेनाइल संकट को अमेरिका का मुद्दा बताया. ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार चीन ने फेंटेनाइल संकट को दूर करने के लिए अमेरिकी प्रयासों का समर्थन किया है और अमेरिका के अनुरोध पर चीन 2019 में आधिकारिक तौर पर फेंटेनाइल पदार्थों के पूरे वर्ग को सूचीबद्ध करने वाला पहला देश बन गया.

चीन का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा और मैक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद आया है. साथ ही उन्होंने चीन से आने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है. इसमें इलीगल इमीग्रेशन और फेंटेनाइल सहित ड्रग्स की तस्करी पर चिंता व्यक्त की गई है. अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिकियों की सुरक्षा और अपने चुनावी वादे को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देते हुए अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) के तहत कार्रवाई की है. ट्रंप ने कहा कि टैरिफ को अमेरिकी नागरिकों को इलीगर इमीग्रेशन और ड्रग्स की तस्करी से उत्पन्न खतरों से बचाने के लिए लागू किया गया है.

## दुष्ट देश कहने पर उत्तर कोरिया की अमेरिका को चेतावनी, कहा- ऐसे खत्म नहीं होगी शत्रुता

**सियोल, एजेंसी।**
उत्तर कोरिया ने अमेरिकी विदेश मंत्री पर हमला बोला है। उत्तर कोरिया को दुष्ट राज्य कहने पर किम जोंग प्रशासन ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी अशिष्ट और निरर्थक टिप्पणियां कभी भी अमेरिकी हितों को पूरा नहीं कर पाएंगीं। ऐसे शब्दों से कभी शत्रुता खत्म नहीं होगी।

उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के विदेश नीति के प्रभारी ने अपने शब्दों और कामों के जरिये एक बार फिर डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के प्रति अपने देश की शत्रुतापूर्ण नीति का प्रदर्शन किया है। रूबियो की टिप्पणी डीपीआरके के बारे में नए अमेरिकी प्रशासन की गलत सोच को दर्शाती है। इससे अमेरिकी हितों को कभी बढ़ाने में मदद नहीं मिल सकेगी। 30 जनवरी को एक कार्यक्रम में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने विदेश नीति को लेकर उत्तर कोरिया और ईरान को दुष्ट देश करार दिया था।

**ट्रंप ने किम को बताया था स्मार्ट:** पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किम को स्मार्ट आदमी बताते हुए उत्तर कोरियाई यात्रा करने की बात पर सहमति



जताई थी। ट्रंप ने कहा था कि वह उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग से संपर्क करने वाले है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने किम के साथ अच्छा संबंध स्थापित किया है और किम धार्मिक कट्टरपंथी नहीं हैं।

हाल ही में उत्तर कोरिया के तानशाह किम जोंग ने उत्पादन बेस का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान किया था। किम के दौरे से साफ है कि अमेरिका से तनाव के बीच उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियारों का विस्तार कर रहा है। इससे पहले उत्तर कोरिया ने एक क्रूज मिसाइल प्रणाली का परीक्षण किया। इस साल में यह उनका तीसरा हथियार प्रदर्शन है। उत्तर कोरिया के इस कदम से यह पता चलता है कि वह अपने हथियार परीक्षणों और अमेरिका के खिलाफ अपने टकराव के रुख को फिलहाल बरकरार रखने वाला है।

## इजराइल का दावा- वेस्ट बैंक में 50 फिलिस्तीनी आतंकी मारे: 100 से ज्यादा गिरफ्तार किए, 40 हजार हथियार भी जब्त

**तेल अवीव/रामल्ला, एजेंसी।**
इजराइल डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) ने रविवार को दावा किया कि उसने वेस्ट बैंक (फिलिस्तीन) में पिछले दो हफ्तों में सैन्य अभियान के दौरान 50 से ज्यादा फिलिस्तीनी आतंकियों को मार गिराया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ ने इन आतंकियों में से 35 को जेनिन, तुलकारेम और तामुन इलाकों में मारा है, जबकि 15 ड्रोन हमलों में मारे गए हैं।

आईडीएफ के इन हमलों का आम नागरिक भी शिकार बने हैं। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। आईडीएफ ने अपनी गलती कबूली भी है। इजराइल ने 100 से ज्यादा फिलिस्तीनी आतंकियों को गिरफ्तार किया है। 40 हजार से ज्यादा हथियार बरामद किए। 80 से ज्यादा विस्फोटकों को निष्क्रिय किया गया है। इजराइल ने इसे ऑपरेशन आयरन वॉल नाम दिया है। इसे 21 जनवरी को शुरू किया गया था, जो अगले कई हफ्तों तक चलेगा।

**नेतन्याहू बोले- हम मिडिल ईस्ट का नक्शा बदल सकते हैं:** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू रविवार को



अमेरिका के लिए रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने इस दौरे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा,

हम मिडिल ईस्ट का नक्शा फिर से बदल सकते हैं। हमने जंग के दौरान लिए फैसलों से यहां की तस्वीर पहले ही बदल दी है। हमारे सैनिक की बहादुरी और हमारे फैसले यहां नक्शे को फिर से बना रहे हैं।

नेतन्याहू एक्स पर लिखा, मैं वाशिंगटन में डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक के लिए रवाना हो रहा हूं। यह राष्ट्रपति ट्रम्प की विदेशी नेता के साथ पहली बैठक होगी, जो हमारे व्यक्तिगत संबंधों और इजराइल-अमेरिका गठबंधन की मजबूती को साबित करता है।

**हमास की कैद से इजराइल के 13 बंधक रिहा:** हमास ने सीजफायर समझौते के तहत शनिवार, 1 फरवरी को इजराइल के 3 बंधक यार्डेन बिबास (35), ओफर काल्डेरोन (54) और कीथ सीगल (65) को रिहा किया। बीबीसी के मुताबिक इन्हें रेड क्रॉस की मदद से इजराइली सेना को सौंपा गया। उन्हें हेलिकॉप्टर की मदद से इजराइल लाया गया। बदले में इजराइल ने 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया। अब तक हमास ने 13 इजराइली बंधकों को रिहा कर दिया है। इजराइल-हमास के बंधकों की अदला-बदली के लिए 19 जनवरी को सीजफायर लागू हुआ था।

## ईरान ने तीन नए स्वदेशी उपग्रहों का किया अनावरण



**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान ने अपने राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर तीन नए स्वदेशी उपग्रहों का अनावरण किया। यह समारोह तेहरान में आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्री सैय्यद सत्तार हाशमी, कैबिनेट के अन्य सदस्य, अधिकारी और सैन्य कमांडर शामिल हुए। इन तीन उपग्रहों के नाम नवाक-1, पारस-2 और पारस-1 (उन्नत मॉडल) हैं।

नवाक-1 एक संचार उपग्रह है, जिसे ईरानी अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र ने विकसित किया है। इसे जल्द ही स्वदेशी सिमोर्ग प्रक्षेपण यान से लॉन्च किया जाएगा। यह उपग्रह दीर्घवृत्तीय कक्षा में स्थापित किया जाएगा और इसका वजन लगभग 34 किलोग्राम है। इसमें ब्रह्मांडीय किरणों को मापने के लिए एक डोसिमेट्री पेलोड और पृथ्वी के विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र को मापने के लिए एक मैग्नेटोमीटर सेंसर लगा है।

पारस-2 एक रिमोट-सेंसिंग उपग्रह है, जिसका वजन 150 किलोग्राम है। यह दो स्वदेशी रैखिक स्थिति सेंसर और दो इमेजिंग पेलोड से लैस है। यह उपग्रह पर्यावरण निगरानी, वानिकी, प्राकृतिक आपदा प्रतिक्रिया और शहरी प्रबंधन जैसे कार्यों में उपयोग किया जाएगा। इसमें एक प्रोपेलर भी लगा है, जिससे यह अपनी स्थिति को नियंत्रित कर सकता है।

पारस-1 का उन्नत मॉडल भी एक रिमोट-सेंसिंग उपग्रह है, जिसका वजन 150 किलोग्राम से कम है इसमें तीन इमेजिंग पेलोड हैं–मल्टीस्पेक्ट्रल, शॉर्ट-वेव इंफ्रारेड और थर्मल इंफ्रारेड। यह उपग्रह गैलियम आर्सेनाइड सौर कोशिकाओं से ऊर्जा प्राप्त करता है। पारस-1 का पहला मॉडल, जिसका वजन 134 किलोग्राम था, 29 फरवरी 2024 को रूसी सोयुज रॉकेट से लॉन्च किया गया था।

ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरज़ादेह ने घोषणा की कि देश 20 मार्च से पहले दो और अंतरिक्ष प्रक्षेपण करने की योजना बना रहा है। इससे पहले, 27 सितंबर 2024 को, ईरान ने नूर-3 नामक इमेजिंग उपग्रह को पृथ्वी से 450 किमी की ऊंचाई पर स्थापित किया था।

इस साल की शुरुआत में, ईरान ने सिमोर्ग प्रक्षेपण यान से महदा रिसर्च सैटेलाइट को भी अंतरिक्ष में भेजा था। महदा का वजन 32 किलोग्राम है और इसका उद्देश्य अंतरिक्ष में नई तकनीकों का परीक्षण करना और स्वदेशी प्रणालियों की विश्वसनीयता को सत्यापित करना है। ईरान लगातार अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ा रहा है और स्वदेशी तकनीक के जरिए नए उपग्रह विकसित कर रहा है।

## श्रीलंका में हाथियों के साथ संघर्ष रोकने के लिए बनेंगे एलिफेंट कॉरिडोर

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में आम लोगों के साथ हाथियों का संघर्ष एक गंभीर समस्या बन गई है। यह समस्या खासकर उत्तर-मध्य प्रांत में है, जहां इस तरह की घटनाएं सबसे ज्यादा देखी गई हैं। हाल के वर्षों में इस क्षेत्र के 29 में से 27 संभागीय सचिवालय प्रभागों में मानव-हाथी संघर्ष तेजी से बढ़ा है। इस समस्या को हल करने के लिए सरकार ने पांच हाथी गलियारे बनाने की योजना बनाई है। इसके अलावा, अधिकारियों ने संरक्षित क्षेत्रों पर अतिक्रमण रोकने, हाथियों के आवासों का प्रबंधन करने और संरक्षण क्षेत्रों में पानी के टैंकों का पुनर्वास करने जैसे कदम भी उठाने का फैसला किया है।



श्रीलंका में इस संघर्ष की वजह से 2024 में 388 जंगली हाथियों और 155 लोगों की मौत हो चुकी है। यह संघर्ष कई कारणों से बढ़ा है, जिसमें जंगलों की कटाई, विकास परियोजनाएं, जनसंख्या वृद्धि, शहरी विस्तार, भूमि उपयोग में बदलाव और वन्यजीव प्रबंधन की कमजोर नीतियां शामिल हैं। इन समस्याओं के कारण हाथियों का आवास सिकुड़ता जा रहा है, जिससे वे भोजन और पानी की तलाश में इंसानी बस्तियों में घुसने को मजबूर हो रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि किसान अपनी फसलों को नुकसान से बचाने के लिए बेतरतीब बिजली की बाड़ लगाते हैं, जिससे हाथियों की मौत होती है। हालांकि, श्रीलंका में वन्यजीव संरक्षण का लंबा इतिहास रहा है, लेकिन अब तक उठाए गए कदम इस संघर्ष को रोकने में कारगर साबित नहीं हुए हैं। 2018 में हाथियों के संरक्षण और प्रबंधन पर एक राष्ट्रीय नीति बनाई गई थी, जिसमें हाथियों को विशेष संरक्षित क्षेत्रों तक सीमित रखने का प्रस्ताव था, लेकिन यह रणनीति भी विफल रही। एक रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 400 से ज्यादा हाथी मारे जाते हैं और 2019 में एक दर्दनाक घटना सामने आई थी, जब हबराना के हिरिवाडुन्ना रिजर्व में एक ही झुंड के सात हाथी मृत पाए गए थे। इस घटना ने लोगों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर खींचा और कानूनी कार्रवाई की मांग उठी।



## इजराइल ने गाजा में कार पर किया हमला, चार घायल

**यरूशलम, एजेंसी।**
इजराइल की वायुसेना ने रविवार को गाजा के मध्य क्षेत्र में विस्थापित फिलिस्तीनियों के काफिले में एक कार पर हमला किया। इसमें कम से कम चार लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घायलों में एक बच्चा भी शामिल है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बच्चे को इलाज के लिए अल-अवदा अस्पताल ले जाया गया है। इजराइली सैन्य प्रवक्ता ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह हमला नुसेरात शरणार्थी शिविर के उत्तर-पश्चिम में अल-रशीद स्ट्रीट पर किया गया।

प्रवक्ता के अनुसार, इस वाहन को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि यह बिना किसी निरीक्षण के उत्तरी गाजा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। इजराइली सेना का कहना है कि वह किसी भी तरह के संभावित खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और अपने सैनिकों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। यह हमला उस समय हुआ जब इजराइल और हमास के बीच 19 जनवरी को संघर्ष विराम लागू किया गया था। यह संघर्ष 15 महीनों से अधिक समय तक चला, जिसमें हजारों लोग मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हुए। युद्धविराम लागू होने के बावजूद दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है और हिंसा की घटनाएं जारी हैं।

इस बीच, इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने वेस्ट बैंक में अपने सैन्य अभियान का विस्तार किया है। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि इजराइली सैनिकों ने शनिवार रात नब्लस के उत्तर में स्थित तमुन शहर पर छापा मारा, जहां पिछले सप्ताह इजराइली हवाई हमले में 10 फिलिस्तीनी मारे गए थे। इस अभियान के दौरान सैनिकों को एक एम-16 राइफल और अन्य हथियार मिले। इसके अलावा, इजराइली सेना वेस्ट बैंक के चार अन्य शहरों और गांवों पर भी छापा मारने की योजना बना रही थी।

फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए के अनुसार, इजराइली सैनिकों और बुलडोज़रों ने कई इलाकों में छापेमारी की, जिससे कई परिवारों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। सैनिकों ने मिट्टी के टीले बनाकर मुख्य सड़कों को अवरुद्ध कर दिया, जिससे लोगों की आवाजाही मुश्किल हो गई। रविवार को जेनिन शरणार्थी शिविर में इजराइली सैनिकों ने 73 वर्षीय एक फिलिस्तीनी व्यक्ति को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इजराइल ने 21 जनवरी को जेनिन में एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया था, जिसे उसने ÷आतंकवाद विरोधी अभियान÷ करार दिया। फिलिस्तीनी आंकड़ों के अनुसार, इस हमले के बाद से अब तक इजराइली सेना द्वारा कम से कम 25 लोग मारे जा चुके हैं। इजराइली सैन्य वाहनों और बुलडोजरों ने टुबास शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित तमुन और अल-फर'आ शरणार्थी शिविर में भी घुसपैठ की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इजराइली सैनिकों ने कई परिवारों को उनके घरों से निकाल दिया और कुछ इमारतों को सैन्य चौकियों में बदल दिया।

फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने आरोप लगाया कि इजराइली सैनिकों ने उनके डॉक्टरों को अल-फरआ शिविर में एक बीमार फिलिस्तीनी को निकालने से रोका। इस कार्रवाई के कारण टुबास में स्थानीय अधिकारियों ने तमुन और अल-फर'आ शिविरों में स्कूलों को बंद करने का फैसला किया।

शनिवार को जेनिन में हुए इजराइली हवाई हमलों में पांच फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें 16 वर्षीय एक लड़का भी शामिल था। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, यह हमले इजराइल के उस बड़े सैन्य अभियान का हिस्सा थे, जो पिछले तीन हफ्तों से जारी है। इजराइली सेना ने 21 जनवरी को उत्तरी वेस्ट बैंक के शहर जेनिन पर हमला करना शुरू किया था, जबकि गाजा में इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम लागू होने के दो दिन बाद ही यह कार्रवाई शुरू हुई थी।

तब से सैकड़ों इजराइली सैनिक वायुसेना के समर्थन से फिलिस्तीनी इलाकों में घुसे हैं, जहां कथित तौर पर हथियारों और सैन्य उपकरणों की तलाश की जा रही है।

## अयोध्या में युवती की हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या । अयोध्या में दलित युवती की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि हरी राम कोरी, विजय साहू व दिग्विजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि युवती की हत्या तीनों आरोपियों ने शराब के नशे में की थी। गांव के ही एक स्कूल में हत्या हुई थी। हत्या कर नाले के पास शव फेंक दिया था। पुलिस तीनों आरोपियों को रिमांड पर लेगी। बता दें कि अयोध्या में एक युवती का नग्न अवस्था में शव मिला था। घटना सहनवा गांव की थी। जहां हैवानों ने दलित युवती के साथ दरिंदगी की। 30 जनवरी की रात 22 साल की युवती भागवत देखने गई थी। जहां रात करीब 11 बजे तक युवती घर नहीं आई। परिजनों ने जब खोज की लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह नाले के पास युवती का अर्धनग्न हाल में शव मिला। वहीं, पास में खून से लथपथ कपड़े मिले। युवती की बेरहमी से हत्या की गई थी। उसका हाथ-पैर टूटा हुआ था। साथ ही आंखे भी फोड़ दी गई थीं। इस हत्याकांड पर अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने एक प्रेसवार्ता की थी। जिसमें वे फफक-फफक कर रोए। काफी देर तक सांसद रोते रहे। उन्होंने न्याय न मिलने पर लोकसभा से इस्तीफा देने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा कि मामले को सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखूंगा और न्याय न मिलने पर इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि देश की बहुचर्चित निर्भया कांड से भी बेदर्दी से बेटी की हत्या की गई है। सांसद ने कहा कि दलित बेटी के साथ अत्याचार की पराकाष्ठा पार कर दी गई है। घटना को बयां करते हुए शर्म आ रही है।

## रैगिंग : टॉयलेट सीट चटवाई और फ्लश चलाकर डुबोया सिर, छात्र ने दे दी जान

कोच्चि। केरल में एक स्कूली छात्र रैगिंग का शिकार हो गया। आरोप है कि सीनियर छात्रों ने टॉयलेट सीट चटवाई और फ्लश चलाकर सिर डुबोया। इससे आहत हुए छात्र ने 26वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। ये दावा मृतक 14 वर्षीय मिहिर अहमद की मां ने किया है। छात्र की मां का कहना है कि उनके बेटे से टॉयलेट सीट को चटवाया, फ्लश ऑन करके सिर अंदर धकेला। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले में विशेष जांच टीम (एसआईटी) जांच कर रही है। मिहिर ने 15 जनवरी को आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि छात्र रैगिंग के बाद वह तनाव में था। सीएमओ और राज्य पुलिस प्रमुख को दी गई अपनी शिकायत में, मिहिर की मां राजना पीएम ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा मिहिर कक्षा 9 का छात्र था। उसने नवंबर 2024 में जीईएमएस मॉडर्न एकेडमी में दाखिला लिया था। उसके साथ स्कूल और स्कूल बस में बदसलूकी की गई। कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की गई, उसे जबरन वॉशरूम ले जाया गया और उसके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया।

## सांसद मनोज भारती के प्रतिनिधि ने विधायक संगीता देवी को चरित्रहीन कह दिया

सासाराम । कैमूर जिले के कुदरा में सासाराम सांसद मनोज भारती पर हुए हमले के बाद बिहार की राजनीति शुरु हो गई है। हमले के बाद विपक्षी दल सरकार पर निशाना साध रहे हैं। साथ ही, स्थानीय लोग और बीजेपी नेता भी सांसद भारती पर कई गंभीर आरोप लगा रहे हैं।मामले में एक नया मोड़ तब आया जब सांसद प्रतिनिधि हीराराम ने मोहनिया विधायक संगीता देवी पर अपमानजनक टिप्पणी की। जिससे मामला और भी पेचीदा हो गया है। हीराराम ने प्रेसवार्ता में मोहनिया विधायक संगीता को चरित्रहीन तक कह दिया। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया कि वे मामले को जरूरत से ज़्यादा तूल दे रही है। उन्होंने कहा कि यह एक स्थानीय विवाद है, इस बीजेपी जातिगत रंग दे रही है। हीराराम ने बताया कि सांसद भारती ने संगीता को चुनाव जिताने में बहुत मेहनत की थी। वे दोनों साथ खाना भी खाते थे। लेकिन आज वहीं संगीता देवी, सांसद पर धर्मांतरण जैसे गंभीर आरोप लगा रही हैं। हीराराम ने कहा, उन्हें शर्म आनी चाहिए। हीराराम ने संगीता देवी पर व्यक्तिगत हमला किया। उन्होंने कहा कि संगीता देवी के पिता, जो एक राष्ट्रीय स्तर के कवि और साहित्यकार हैं, उनकी चरित्रहीनता से तीन साल तक नाराज रहे। हीराराम ने कहा कि संगीता देवी के व्यवहार से उनके पिता भी शर्मिंदा थे। हालाँकि, बाद में हीराराम ने माना कि उन्हें इस तरह की बातें नहीं कहनी चाहिए थीं। लेकिन संगीता देवी के बयानों के कारण उन्हें ऐसा कहना पड़ा।

## मणिपुर हिंसा में सीएम बीरेन के कथित लीक ऑडियो टेप मामले की हुई सुनवाई

### -सीएम पर हिंसा भड़काने का है आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने मांगी फोरेंसिक रिपोर्ट

नई दिल्ली। मणिपुर हिंसा मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मणिपुर सीएम एन बीरेन सिंह के कथित लीक ऑडियो टेप पर सीएफएसएल से सरकारी फोरेंसिक लैब रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि सीएम बीरेन सिंह पर कुकी जनजाति के एक याचिकाकर्ता ने मणिपुर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। कथित तौर पर ऑडियो में मणिपुर सीएम बीरेन सिंह के बयानों को रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें राज्य की जातीय हिंसा में उनकी संलिप्तता का संकेत दिया था। सीएफएसएल रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में पेश किया जाना है। भारत के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कुकी ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट द्वारा दायर एक रिट याचिका पर यह आदेश दिया, जिसमें ऑडियो टेप की स्वतंत्र जांच की मांग की गई थी। मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च तक के लिए टाल दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की शुरुआत में न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ने पूछा कि क्या उन्हें सुनवाई से अलग हो जाना चाहिए, क्योंकि मणिपुर के सीएम द्वारा आयोजित रात्रिभोज में वे शामिल हुए थे, जब उन्हें सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया था। इसके जवाब में याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि न्यायमूर्ति कुमार को खुद को अलग करने की जरुरी नहीं है।

# कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर खींचतान, डीके ने खेला खेल

### -सरकार और पार्टी में महत्व नहीं मिलने से सीएम के करीबी ने दिया इस्तीफा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष डीके शिवकुमार ने बड़ा खेल कर दिया है। अब सवाल उठने लगे हैं कि सीएम सिद्दारमैया कितने दिनों तक सीएम की कुर्सी पर रह पाएंगे? पूरे देश में कांग्रेस की मात्र तीन राज्यों में सरकार है। उसमें सबसे बड़ा कर्नाटक है यहां 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद से ही सीएम की कुर्सी को लेकर झगड़ा चल रहा है।

सीएम सिद्दारमैया और डीके शिवकुमार के बीच लड़ाई किसी से छिपी नहीं है। केंद्रीय नेतृत्व के हस्तक्षेप के बाद राज्य में सत्ता के बंटवारे का फॉर्मूला तय हुआ था। डीके शिवकुमार खेमा दावा करता है कि ढाई-ढाई साल के रोटेशनल सीएम का फॉर्मूला तय किया गया था। इस कारण बीते कुछ दिनों से डीके शिवकुमार खेमा बार-बार सीएम की कुर्सी पर अपना दावा कर रहा है।

इस बीच सीएम सिद्दारमैया के राजनीतिक सलाहकार और वरिष्ठ नेता बीआर पाटिल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे राज्य कांग्रेस के बीच जारी तकरार फिर सामने आई है। पाटिल को सीएम सिद्दारमैया खेमा का नेता माना जाता है। वह उनके खास करीबी हैं, लेकिन राज्य में कांग्रेस के कई खेमों में बंटे होने की वजह से उनके लिए कैबिनेट में जगह नहीं बन सकी है। पिछले माह ही सिद्दारमैया खेमे के नेताओं ने एक डिनर पार्टी रखी थी। इसके बाद यह ताजा राजनीतिक संकट पैदा हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों का दावा है कि पाटिल का इस्तीफा सीधे तौर पर सिद्दारमैया और डीके शिवकुमार के बीच टकराव का नतीजा नहीं है। पाटिल कलाबुरगी जिले के अलांद से चार बार के विधायक हैं। उन्होंने सरकार और पार्टी में उचित महत्व नहीं मिलने के कारण इस्तीफा दिया है। इस क्षेत्र में डीके का कुछ खास प्रभाव नहीं है। कलाबुरगी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का क्षेत्र है। यहीं से खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे उनकी राजनीतिक विरासत संभाल रहे हैं, लेकिन पाटिल और प्रियांग खड़गे का रिश्ते अच्छे नहीं है। यही कारण है कि एक वरिष्ठ नेता होने के बावजूद सिद्दारमैया सरकार में पाटिल को जगह नहीं मिली है।

सूत्रों का कहना है कि पाटिल सरकार और प्रशासन में अपनी सीमित भूमिका की वजह से नाखुश थे। सीएम सिद्दारमैया भी उनके कोई खास राजनीतिक सलाह मशविरा नहीं कर रहे थे। अब पाटिल के इस्तीफे के बाद कर्नाटक कांग्रेस में तकरार सामने आ गई है। ऐसे में देखना होगा कि पहले ही तकरार और खेमाबंदी की शिकार पार्टी आगे क्या फैसला लेती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कोई भी कानून बनाना और उसे खत्म करना संसद का काम

### -दहेज उत्पीड़न कानून खत्म करने की याचिका कोर्ट ने दो मिनट में की खारिज

नई दिल्ली । महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने वाला कानून कई बार पुरुषों के उत्पीड़न की वजह बन जाता है। इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक जनहित याचिका दायर की गई, जिसे कोर्ट ने दो मिनट में ही खारिज कर दिया। इस अर्जी में दहेज उत्पीड़न कानून के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता पर सवाल उठाए गए थे। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी चंद्रन की युगलपीठ ने कहा कि आप इस मामले में संसद के पास जाएं। कोई भी कानून बनाना और उसे खत्म करना संसद का काम है। इस याचिका को दाखिल करने वाले रूपसी सिंह ने कहा कि एक्ट के सेक्शन 2,3 और 4 को खत्म करना चाहिए। इस ऐक्ट का सेक्शन 2 दहेज की परिभाषा बताता है। सेक्शन 3 कैसे दहेज लेने और देने के मामलों में सजा दी जा सकती है और यह क्या हो सकती है। वहीं सेक्शन 4 में दहेज की मांग पर सजा की बात कही गई है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस कानून के कुछ प्रावधान अवैध हैं और उन्हें खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जनता की भावना है, जिसे उठाते हुए मैंने अर्जी दाखिल की है। कोर्ट इन दलीलों से सहमत नहीं हुई और 2 मिनट में अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि याचिका डिसमिस है। आप संसद से यह बात करें। बता दें बेंगलुरु में रहने वाले इंजीनियर अतुल सुभाष ने घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न के मुकदमे से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने अपनी खुदकुशी से पहले एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने दहेज उत्पीड़न कानून पर सवाल उठाए थे। उनका कहना था कि आखिर मेरी इतनी सैलरी है तो मैं क्यों दहेज लूंगा। इसके अलावा भी कई ऐसे मामले हैं, जिन्हें लेकर सवाल उठाए गए हैं।

## भारत लाखों अवैध प्रवासियों को नहीं रख सकता : उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश में लाखों की संख्या में अवैध प्रवासी नहीं रह सकते। इसके साथ उन्होंने युवाओं से राष्ट्र विरोधी बयानों को समाप्त करने की अपील की। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने संसद में बार-बार होने वाले व्यवधान पर भी चिंता जाहिर की। एक कार्यक्रम में धनखड़ ने कहा कि युवाओं को अस्तित्व संबंधी चुनौतियों के बारे में चिंतित होना चाहिए।

उन्होंने कहा, हमारे देश में लाखों अवैध प्रवासी नहीं रह सकते... हम अपनी चुनावी राजनीति को जनसांख्यिकीय अव्यवस्थाओं से प्रभावित नहीं होने दे सकते। ये चीजें आपके लिए मायने रखती हैं क्योंकि ये ऐसी चुनौतियां हैं जिनका आपको सामूहिक रूप से जवाब देना होगा। उपराष्ट्रपति ने इस पर चिंता जाहिर कि कुछ लोग और संस्थाएं देश की विकास यात्रा से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश में सनसनी फैलाने और कहानी गढ़ने चलन चल रहा है।

उन्होंने कहा, "कहानियों में भारतीयता को भूल जाते हैं, राष्ट्रवाद को भूल जाते हैं और राष्ट्रहित को भी भुलाया जाता है। सभापति धनखड़ ने युवाओं से अपील कर कहा कि इन राष्ट्र-विरोधी कहानियों को समाप्त करने तथा भारत विरोधी ताकतों को हराने की शक्ति उनके हाथ में है। 'इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' (आईसीएआई) द्वारा आयोजित सम्मेलन में उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को आत्मसात करने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसा दृष्टिकोण अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी होगा।

# वक्फ संशोधन बिल पर औवेसी का चौंकाने वाला खुलासा, मेरी जानकारी के बिना मेरे असहमति नोट के कुछ हिस्से हटाए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजट पेश होने के साथ ही संसद की कार्यवाही फिर से शुरू हो गई। हालांकि, सुबह 11 बजे संसद की कार्यवाही शुरू होने पर विपक्ष ने महाकुंभ भगदड़ पर चर्चा की मांग उठा दी। इस मांग को लेकर जमकर हंगामा देखने को मिला। इस बीच राज्यसभा से विपक्ष ने वॉकआउट किया। ऐसी चर्चा है कि लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट पेश होगी। इसके पहले वक्फ संशोधन बिल को लेकर एआईएमआईएम चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बिल पर मेरे असहमति नोट के कुछ हिस्से बिना मेरी जानकारी के हटाए गए।

ओवैसी ने पोस्ट में दावा किया कि उनके असहमति नोट के कुछ हिस्से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने वक्फ विधेयक के खिलाफ जेपीसी को एक विस्तृत असहमति नोट सौंपा था। यह चौंकाने वाली बात है कि मेरे नोट के कुछ हिस्सों को मेरी जानकारी के बिना हटा दिए गए। हटाए गए अनुभाग विवादास्पद नहीं थे, उन्होंने केवल तथ्य बताए थे

दरअसल , कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, शिवसेना (यू ीटी) और एआईएमआईएम के विपक्षी स स्यों की ओर से असहमति नोट पेश हुए । इसमें विधेयक को मुस्लिम समुदाय के सं धानिक अधिकारों पर हमला बताया गया। ओवैसी ने दावा किया कि उनके असहमति नो के कुछ हिस्सों को हटाया गया। यह चौंकाने वाला है कि मेरे नोट के कुछ हिस्सों को मेरी जानकारी के बिना हटाया गया। हटाए गए हिस्से किसी भी तरह से विवादित नहीं थे, उसमें केवल मेरे द्वारा फैक्ट बताए गए थे।

जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल और पैनल के सदस्य संजय जायसवाल की ओर से लोकसभा में पैनल के समक्ष रिपोर्ट और साक्ष्यों का रिकॉर्ड पेश करने की संभावना है। संसद की कार्यवाही सोमवार को जैसे शुरू हुई, जमकर हंगामा देखने को मिला। वहीं वक्फ विधेयक पर जेपीसी की पूरी चर्चा प्रक्रिया के दौरान बीजेपी और विपक्षी सदस्यों के बीच झड़प के मामले सामने आए।

विपक्ष का मानना है कि वक्फ संशोधन बिल के द्वारा वक्फ बोर्ड की शक्तियों को कम करने और सरकार का नियंत्रण बढ़ाने की कोशिश हो रही है। विपक्ष का कहना है कि इससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक आजादी पर असर पड़ेगा। वक्फ बोर्ड मुस्लिम समुदाय की धार्मिक संपत्तियों का प्रबंधन करता है। इस बिल से वक्फ संपत्तियों के इस्तेमाल और उनके प्रबंधन में बदलाव हो सकते हैं। इससे मुस्लिम समुदाय में चिंता है।

वहीं मोदी सरकार का कहना है कि इस बिल से वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन होगा। इससे इन संपत्तियों का इस्तेमाल सामुदायिक विकास में हो सकेगा। लेकिन विपक्ष को सरकार की इस दलील पर यकीन नहीं है। इसलिए संसद में इस बिल पर जबरदस्त बहस होने की उम्मीद है।

# तेलंगाना में लगभग आधी आबादी पिछड़े वर्ग की, जातिगत सर्वे में हुआ खुलासा



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में हुए जातिगत सर्वेक्षण में बड़ा खुलासा हुआ है। यहां की लगभग आधी आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है। सर्वेक्षण करने वाले राज्य योजना विभाग ने रविवार को राज्य नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उप-समिति को अपनी रिपोर्ट सौंप दी।

यहां मुस्लिम अल्पसंख्यकों को छोड़कर अन्य पिछड़े वर्ग की आबादी 46.25 प्रतिशत है जो राज्य की कुल 3.70 करोड़ जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा है। राज्य में जातिगत आधार पर कराए गए सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली है। जनसंख्या के प्रतिशत के संदर्भ में पिछड़ी जातियों के बाद एससी 17.43 प्रतिशत, एसटी 10.45 प्रतिशत, मुसलमानों में पिछड़े वर्ग 10.08 प्रतिशत, अन्य जातियां 13.31प्रतिशत और मुसलमानों में पिछड़ी जातियां 2.48 प्रतिशत हैं।

सर्वेक्षण करने वाले राज्य योजना विभाग ने रविवार को राज्य नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उप-समिति को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट 4 फरवरी को राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष पेश की जाएगी। उसी दिन इसे बहस के लिए तेलंगाना विधानसभा के विशेष सत्र में रखा जाएगा।सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी सामाजिक-आर्थिक, रोजगार, राजनीतिक और जातिगत सर्वेक्षण पर कैबिनेट उप-समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने सर्वेक्षण का विवरण देते हुए कहा कि रिपोर्ट पर चर्चा के लिए मंगलवार को एक विशेष विधानसभा सत्र आयोजित किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि सर्वेक्षण में 1.12 करोड़ घरों के 3,54,77,554 (3.5 करोड़) लोगों ने भाग लिया। लगभग 3.1 प्रतिशत आबादी ने विभिन्न कारणो से सर्वेक्षण में भाग नहीं लिया और सर्वेक्षण संकलन में उन्हें शामिल नही किया गया। पिछड़ी जातियों के बाद, अनुसूचित जाति (एससी) की आबादी 17.43 प्रतिशत (61.84 लाख) के साथ दूसरा सबसे बड़ा समूह है, उसके बाद अनुसूचित जनजाति (एसटी) की आबादी 10.45 प्रतिशत (37.59 लाख) है। अगड़ी जातियां (अल्पसंख्यकों में अगड़ी जातियों को छोड़कर) 13.31 प्रतिशत हैं। अन्य जातियों (ओसी) की कुल आबादी 15.79 प्रतिशत है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय से 2.38 प्रतिशत ओसी आबादी (8.8 लाख) शामिल है, जिससे कुल ओसी आबादी 56.01 लाख हो जाती है। नियोजन विभाग द्वारा जाति सर्वेक्षण की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद, रेड्डी ने कहा, यह देश मे हुआ एक अभूतपूर्व और सटीक सर्वेक्षण है।

## जम्मू-कश्मीर में कैंसर को लेकर सतर्क हुए नागरिक, प्रथम स्टेज पर ही इलाज करवाने आ रहे

**जम्मू (एजेंसी)।** कैंसर की जांच को लेकर विशेषज्ञ और स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ने के साथ मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। अब प्रथम स्टेज पर ही अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। जम्मू-कश्मीर में हर वर्ष औसतन 12 से 13 हजार कैंसर के नए मरीज आ रहे हैं। इसमें 20 प्रतिशत वे हैं जो अब पहली ही स्टेज पर इलाज के लिए अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2019 में 12,396 मरीज आए थे। इसके बाद वर्ष 2020 में 12,726, वर्ष 2021 में 13,060, वर्ष 2022 में 13,395 मरीज आए। वर्ष 2023 और वर्ष 2024 में भी 13-13 हजार से अधिक मरीजों ने इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में अपना पंजीकरण करवाया। वर्ष 2024 में शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस में 5200, जीएमसी जम्मू में करीब 1700, जीएमसी अनंतनाग में 500, जीएमसी बारामुला में 100, जीएमसी कठुआ में 80 मरीजों ने पंजीकरण करवाया। अमेरिकन आनकालोजी जम्मू में भी दो हजार के करीब मरीज इलाज के लिए आए। आंकड़ों के अनुसार पुरुषों में हेड और नेक, फेफड़ों के कैंसर के सबसे अधिक मामले आ रहे हैं। वहीं महिलाओं में स्तन और सर्विकल कैंसर के मामले प्रमुख हैं। कैंसर के प्रमुख कारणों में अधिक वजन होना, सिगरेट, शराब व अन्य तंबाकू पदार्थों का सेवन होना, अस्वस्थ आहार खाना हैं। पर्यावरणीय कारण भी कैंसर के लिए जिम्मेदार हैं।

पहले सिर्फ जीएमसी जम्मू, श्रीनगर और स्किम्स में इलाज की सुविधा थी लेकिन अब राजौरी, कठुआ, डोडा, उधमपुर, बारामुला, अनंतनाग और हंदवाड़ा में भी मेडिकल कॉलेज खुले हैं। इन कॉलेजों में न सिर्फ कैंसर विशेषज्ञ हैं, बल्कि ईएनटी, सर्जरी, गैस्ट्रो, स्त्री रोग विशेषज्ञ भी हैं।

संदेह होने पर यह मरीजों की जांच करवाते हैं और समय पर मरीज अस्पतालों में इलाज के लिए आना शुरू हो गए हैं। 20 प्रतिशत के करीब मरीज पहली स्टेज पर ही इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं। आनकॉलोजी विभाग के प्रमुख डॉ.जावेद मुजमिल के मुताबिक हर वर्ष उनके विभाग में एक हजार से अधिक नए मरीज आते हैं। कश्मीर में शीर्ष पांच सबसे प्रचलित कैंसर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर, फेफड़े का कैंसर, स्तन कैंसर, कोलन कैंसर और ओवरी कैंसर हैं।

उन्होंने कहा कि कश्मीर में अधिक नमकीन और तले खाद्य पदार्थ खाते हैं जो गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर के लिए प्रमुख जोखिम कारण हैं। पुरुषों और महिलाओं दोनों में अत्यधिक धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है। वहीं कैंसर संस्थान जम्मू के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार का कहना है कि बीते वर्ष इंडोर विभाग में कुल 5964 मरीज इलाज के लिए आए।

हर महीने औसतन चार से पांच सौ मरीज आए। 4928 कीमोथैरपी हुई।

# कौन हैं बिहार में शराबबंदी लाने वाले पहले व्यक्ति जिनकी जयंती पर पहुंच रहे राहुल गांधी

**पटना (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 5 फरवरी को बिहार पहुंच रहे हैं। वे पटना में दिवंगत नेता जगलाल चौधरी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने वाले है। यह राहुल गांधी का 18 दिनों में दूसरा बिहार दौरा होगा। इससे पहले 18 जनवरी को वे पटना आए थे और संविधान सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लिया था। उस दौरान उन्होंने लालू यादव और उनके परिवार से भी मुलाकात की थी। इस दौरान वे 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। कांग्रेस दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

कांग्रेस पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति तैयार कर रही है। पार्टी दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों को लुभाने पर जोर दे रही है। पिछले दिनों पटना में राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन हुआ था। इस सम्मेलन में राज्य भर से दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के लोग शामिल हुए थे। अब पार्टी दलित नेता चौधरी की जयंती पर बड़ा आयोजन करने जा रही है। इससे साफ है कि कांग्रेस दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश में है।

दरअसल चौधरी सारण जिले के निवासी थे। उनका जन्म 5 फरवरी 1895 को हुआ था। वे एक स्वतंत्रता सेनानी और दलित चिंतक थे। महात्मा गांधी से प्रेरित होकर पढ़ाई छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। इस दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा। वे बिहार कांग्रेस कमिटी के सदस्य भी रहे और बिहार सरकार में मंत्री भी बने। 9 मई 1975 को उनका निधन हो गया। कांग्रेस उनके योगदान को याद करते हुए उनकी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉ न में चौधरी की जयंती पर कांग्रेस कार्यक्रम आयोि त करेगी। इस कार्यक्रम में बिहार कांग्रेस के सभी ड़े नेता मौजूद रहने वाले है। इस कार्यक्रम में राहुल ांधी के भाषण पर सबकी निगाहें होंगी। उनके भाष । से कांग्रेस की चुनावी रणनीति के बारे में और ानकारी मिल सकती है। ये दौरा 2025 के विधान भा चुनाव के लिए काफी अहम माना जा रहा है।

बात दें कि बिहार में शराबबं ो की कोशिश करने वाले जगलाल चौधरी पहले व क्ति थे। उन्होंने 20 जुलाई 1937 को आबका ो और लोक स्वास्थ्य मंत्री का पद संभाला। उ का कार्यकाल छोटा था, लेकिन उन्होंने महत्वपूण फैसले लेकर सुर्खियों में रहे। 6 अप्रैल 1938 क उन्होंने सारण, मुजफ्फरपुर, हजारीबाग, धनबाद और रांची में शराबबंदी लागू कर दी। जगलाल चौधरी संयुक्त



बिहार में शराबबंदी लाने वाले पहले व्यक्ति थे। उनका कार्यकाल छोटा पर यादगार रहा। 6 अप्रैल 1938 को उन्होंने कुछ जिलों में शराबबंदी लागू की। यह एक बड़ा कदम था। उनके इस कदम को लोग आज भी याद करते हैं।